सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 102, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1264 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए जिससे सेंसेक्स 1264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही। } 10

व्यापारिक नौवहन पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने समुद्री नौवहन के सुरक्षित एवं निर्बाध मार्ग के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और कहा कि व्यापारिक जहाजों पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। } 12

विकास नगर में भीषण आग, सैकड़ों झोपड़ियां खाक

लखनऊ के विकास नगर क्षेत्र में झोपड़ियों में अचानक बुधवार की शाम भीषण आग लग गयी जिसका धूआ शहर में दूर-दूर तक दिखायी पड़ा। (फोटोः समीर भटनागर)

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 93.7 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सीबीएसई ने इस वर्ष से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित करना शुरू किया है।

पहले चरण की परीक्षा में छात्रों का उपस्थित होना अनिवार्य था, जिसके परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। बुधवार को घोषित सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा नतीजों में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 93.70 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। पिछले वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.66 प्रतिशत था। अधिकारियों ने बताया कि 94.99 प्रतिशत छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो लड़कों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत अधिक है। एक अधिकारी ने बताया कि कुल 55,368 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि 22,1574 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 14.7 लाख से अधिक छात्रों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है। इस वर्ष छात्रों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कम है। इस वर्ष 8,074 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 24.71 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए।

संक्षेप

धनंजय सिंह पर हमला मामले में अभय सिंह समेत 6 बरी

लखनऊ। वाराणसी जिले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमले के मामले में कोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। इसे लेकर कचहरी परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वाराणसी के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा के पास वर्ष 2002 में हुए चर्चित फायरिंग मामले में अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर जानलेवा हमले के इस प्रकरण में विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए के न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया। फैसले के मद्देनजर कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 10 पर

बाहरी तत्वों को हस्तक्षेप की अनुमति नहीं: सीएम

मुख्यमंत्री ने टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को किया फ्लैग ऑफ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ किया।

मुख्यमंत्री ने इसे महज एक औद्योगिक उपलब्धि से अधिक राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि 34 वर्षों की यह यात्रा टाटा के ट्रस्ट और उत्तर प्रदेश की बदलती कार्यसंस्कृति, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर व निवेश अनुकूल माहौल का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने केवल औद्योगिक उपलब्धियों की बात नहीं की, बल्कि कार्यसंस्कृति के मूल मंत्र को भी प्रमुखता से सामने रखा। उन्होंने कहा कि किसी भी समूह या संस्थान की सफलता का आधार टीमवर्क, कृतज्ञता और ईमानदारी है। हर कार्मिक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए, क्योंकि यही भाव लंबे समय में व्यक्तिगत और संस्थागत प्रगति सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए बाहरी हस्तक्षेप से बचना बेहद आवश्यक है। उन्होंने चेताया कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं, इसलिए हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह संगठन को परिवार की तरह समझे, उसकी एकता और विश्वास को बनाए रखे तथा सकारात्मक कार्यसंस्कृति को आगे बढ़ाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विकास यात्रा ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में टाटा समूह की उपस्थिति होगी दोगुनी राज्य बनेगा बड़ा निर्यात हब: एन. चंद्रशेखरन

लखनऊ। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के सबसे संभावनाशील औद्योगिक राज्यों में एक है और आने वाले वर्षों में यहां टाटा समूह की उपस्थिति दोगुनी से अधिक होने जा रही है। राज्य में निवेश के लिए अनुकूल माहौल, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत नेतृत्व के कारण उद्योगों के विस्तार के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। एन चंद्रशेखरन ने ये बातें राजधानी में टाटा मोटर्स की 10 लाखवीं बस के फ्लैग ऑफ अवसर पर कहीं। एन चंद्रशेखरन ने कहा कि यूपी में तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत नीतिगत समर्थन और निवेश के अनुकूल वातावरण इसे औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बना रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की गति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। राज्य सरकार की नीतियों और सहयोग के कारण उद्योगों को विस्तार का बेहतर अवसर मिल रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाएं, बढ़ती आर्थिक गतिविधियां और युवा कार्यबल इसे देश का प्रमुख ग्रोथ इंजन बनाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश न केवल औद्योगिक, बल्कि तकनीकी और सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्थित टाटा प्लांट केवल एक ...शेष पृष्ठ 10 पर

बिहार के 24वें सीएम बने सम्राट चौधरी, रखे 29 विभाग

जदयू से बने दो उपमुख्यमंत्री, मिले 18 विभाग

एजेंसी

पटना। बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद चौधरी इस पद पर आसीन होने वाले, भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं। राज्य के इतिहास में यह पहली बार है जब भाजपा के किसी नेता ने मुख्यमंत्री पद संभाला है। सम्राट चौधरी के अलावा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री बनते ही विभागों के प्रारंभिक बंटवारे की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह, सामान्य प्रशासन, नगर विकास, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पथ निर्माण समेत कुल 29 विभाग अपने पास रखे, जबकि दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जनता दल यूनाइटेड को मात्र 18 विभाग दिए गए।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिलहाल अपने पास गृह विभाग ,मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू तत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन, आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, ...शेष पृष्ठ 10 पर

अंडमान सागर में डूबी नौका, 250 लापता

ढाका। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी और प्रवासन एजेंसियों ने बताया कि हाल ही में अंडमान सागर में मलेशिया जा रही एक नाव पलटने से कम से कम 250 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें रोहिंज्ञा शरणार्थी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं लेकिन बांग्लादेश तटरक्षक बल के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर सब्बीर आलम सुजान ने बुधवार को बताया कि नौ अप्रैल को नौ लोगों को बचाया गया, जिनमें तीन रोहिंज्ञा और छह बांग्लादेशी शामिल हैं। सुजान ने बताया कि बांग्लादेश के ध्वजवाहक पोत एम.टी. मेघना प्राइड ने इन नौ लोगों को तब बचाया, जब जहाज के चालक दल ने नाव पलटने के बाद उन्हें समुद्र में तैरते हुए पाया। इस घटना के बाद किसी खोज अभियान की स्थिति बुधवार तक स्पष्ट नहीं हो सकी और न ही यह पता है कि नौका कब डूबी।

आज का मौसम

अधिकतम : 40.06 डिसे.
न्यूनतम : 22.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम योगी के साथ किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन (पृष्ठ-02)
- शहर में 110 वार्डों में 121 करोड़ से होंगे विकास कार्य, 1.10 करोड़ जारी (पृष्ठ-02)
- रुपया नौ पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल (पृष्ठ-14)

महिलाओं की भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब ही संभव है जब उसकी आधी आबादी महिलाएं सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णय प्रक्रिया में सहभागी हों। उन्होंने कहा कि महिलाओं की क्षमता, परिश्रम और नेतृत्व ही समाज को नई दिशा देते हैं।

राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी और वे नीति निर्माण में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पहल केवल आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व के केंद्र में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा और गति मिली है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ह्यनारीह्ण को सृजन और शक्ति का प्रतीक माना गया है, और आज की महिलाएं हर क्षेत्र कृषि, उद्योग, शिक्षा, प्रशासन और राजनीति में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने स्वीकार किया कि अतीत में महिलाओं को अपेक्षित अवसर और सम्मान नहीं मिल पाए, लेकिन अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, मातृत्व वंदना योजना और स्वच्छ भारत मिशन ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। राज्य सरकार की पहलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सशक्त बहना उत्सव योजना और मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के ...शेष पृष्ठ 10 पर

ईरान को हथियारों की आपूर्ति न करने पर सहमत हुआ चीन : ट्रंप

एजेंसी

काहिरा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि चीन, ईरान को हथियार नहीं देने पर सहमत हो गया है। उनका दावा ऐसे समय आया है जब खबरें है कि चीन हथियारों की आपूर्ति पर विचार कर रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि चीन मेरे द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को स्थायी रूप से खोलने से बहुत खुश है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने (चीन ने) ईरान को हथियार न भेजने पर सहमति जताई है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह इन दोनों बातों को आपस में जोड़ना चाह रहे थे। राष्ट्रपति ने मंगलवार को एक साक्षात्कारकर्ता को बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ईरान को हथियार भेजने की बात से इनकार किया है। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने बताया कि शी चिनफिंग ने यह इनकार चिनफिंग ने ईरान को हथियार भेजने से इनकार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने हाल के दिनों में कई बार इन दावों का खंडन किया है कि देश ईरान को किसी भी प्रकार की सैन्य सहायता प्रदान कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ईरान को हथियार भेजने की बात से इनकार किया है। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने बताया कि शी चिनफिंग ने यह इनकार उन्हें भेजे गए एक लिखित जवाबी पत्र में किया है। दरअसल, चीन द्वारा युद्ध के लिए ईरान को हथियारों की आपूर्ति किए जाने की खबरें सामने आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें पत्र लिखा था।

नाकाबंदी जारी रही तो फारस की खाड़ी बंद कर देंगे : ईरान

काहिरा। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के कमांडर ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाता है, तो ईरान फारस की खाड़ी, ओमान सागर और लाल सागर में निर्यात एवं आयात पूरी तरह बंद कर देगा। ईरान की सरकारी मीडिया ने कमांडर अली अब्दुल्लाही के हवाले से कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित रहेगा। अमेरिकी नाकाबंदी युद्धविराम का उल्लंघन है। इजराइल और अमेरिका ने जब ईरान पर हमले शुरू किए थे, तब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया था। सोमवार को अमेरिका ने ईरानी बंदरगाह क्षेत्रों में प्रवेश करने या बाहर निकलने की कोशिश कर रहे जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी और कहा कि वह फारस की खाड़ी में अन्य जहाजों के आवागमन की स्वतंत्रता में बाधा नहीं डालेगा।

विशेष खबर

गंगा किनारे ऑर्गेनिक विलेज डेवलप कर रही योगी सरकार

26 जिलों में ऑर्गेनिक खेती से बदल रही यूपी की सूरत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मां गंगा के किनारे उत्तर प्रदेश में अब आस्था के साथ समृद्धि की नई धारा भी बह रही है। योगी सरकार ने गंगा के तटवर्ती 26 जिलों में जैविक खेती का ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो न सिर्फ किसानों की आय बढ़ा रहा है बल्कि प्रदेश की कृषि व्यवस्था को भी नई दिशा दे रहा है।

नमामि गंगे योजना के तहत गंगा के दोनों किनारों पर 5-5 किलोमीटर क्षेत्र में 3,370 जैविक क्लस्टर विकसित किए गए हैं, जिनसे करीब 90 हजार किसान परिवार आत्मनिर्भर बने हैं। योगी सरकार इन क्षेत्रों में ऑर्गेनिक विलेज विकसित कर रसायन-मुक्त खेती को मिशन मोड में आगे बढ़ा रही है। जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों की उत्पादन लागत घटी है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता कम होने से जहां लागत घटी है, लाख ही बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों से बाजार में अधिक कीमत मिल रही है। यह पहल केवल खेती सुधार तक सीमित नहीं है। इससे गंगा की स्वच्छता, मिट्टी की गुणवत्ता, भूजल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सभी को लाभ मिल रहा है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राकृतिक उर्वरक और पारंपरिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देकर टिकाऊ खेती का मॉडल तैयार किया जा रहा है। वहीं, वर्ष 2024-25 में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा अब तक 35 जनपदों में जिला स्तर पर प्राकृतिक खेती की कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। आगामी वित्तीय वर्ष में बाकी जनपदों में भी कार्यशालाएं प्रस्तावित हैं। प्रदेश के 26 गंगा तटवर्ती जिलों में चल रहे इस अभियान के तहत अब तक 3,370 जैविक क्लस्टर स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे किसान परिवार सीधे जुड़ चुके हैं और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। गंगा के दोनों किनारों पर ऑर्गेनिक बेल्ट को इस मॉडल के लिए विकसित किया गया है, जहां गांव स्तर पर ऑर्गेनिक विलेज तैयार किए जा रहे हैं। जिससे लोगों को ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इस योजना की खास बात ये है कि एक ओर जहां ...शेष पृष्ठ 10 पर

नोएडा प्रदर्शन: राजद प्रवक्ताओं सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी

नोएडा (उप्र)। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर हुए श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने के आरोप में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की दो प्रवक्ताओं और कांग्रेस से जुड़े सोशल मीडिया समन्वयकों सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह कार्रवाई नोएडा स्थित कारखानों के हजारों श्रमिकों की ओर से सोमवार को किए गए व्यापक विरोध-प्रदर्शन के बाद की गई, जिसने बाद में हिंसक रूप ले लिया था। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं।

प्रवक्ता ने बताया कि उप निरीक्षक सुशील कुमार की शिकायत पर 14 अप्रैल को साइबर अपराध थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में राजद प्रवक्ता प्रियंका भारती और कंचना यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि राजद की दोनों नेताओं ने एक्स पर अलग-अलग पोस्ट के जरिए एक वीडियो को नोएडा की घटना बताकर साझा किया, जबकि जांच में वह वीडियो मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र का पाया गया, जहां एक युवक ...शेष पृष्ठ 10 पर

नौ वर्ष पहले यूपी में न नीति थी और न ही नीयत : सीएम

मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित हुआ यूपी, योगी ने किया पूर्वी यूपी के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बुधवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। उन्होंने महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फाउंडेशन के सहयोग से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर एन. चंद्रशेखरन और के. कृतिवासन भी मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन देखने को मिल रहा है, वैसा नौ वर्ष पहले हो पाना कठिन था। तब सड़कें अच्छी नहीं थीं, बिजली का अता-पता नहीं था। सुरक्षा संकट में थी। न नीति थी और न नीयत। सुरक्षा का माहौल और नीति नहीं होने के कारण निवेश भी नहीं होता था। जब निवेश नहीं होगा तो स्वाभाविक रूप से रोजगार भी नहीं मिलेगा। यही स्थिति तब यूपी की थी, लेकिन आज का यूपी हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जितना टेक्नोलॉजी के नजदीक जाएंगे, टेक्नोलॉजी हाथ का खिलौना बनती जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि यह सेंटर वर्तमान व भविष्य की इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होगा। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के रोडमैप को एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म मिलेगा।

इस सेंटर को एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, स्पेस टेक्नोलॉजी, थ्रीडी प्रिंटिंग जैसी डिजिटल युग की जरूरतों पर फोकस करते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है। यह सेंटर तकनीकी उन्नयन, रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की दृष्टि से युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल की तराई से जुड़े नौजवानों, अन्नदाता किसानों और महिलाओं के लिए टेक्नोलॉजी की ज्योति बनकर आया है। अपने संबोधन में सीएम योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना और इसके योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश जब पराधीन था तब 1932 में तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत श्रीदिग्विजयनाथ जी महाराज ने गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। यह वही शिक्षा परिषद है, जिसने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपने दो संस्थान सरकार को देकर विश्वविद्यालय का शुभारंभ कराया।

इसी शिक्षा परिषद के उपक्रम महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में टाटा ग्रुप के सहयोग से शानदार सेंटर आफ एक्सीलेंस यहां के युवाओं को प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल तराई के युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए टेक्नोलॉजी की ज्योति बनेगा। इससे रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को बढ़ावा मिलेगा। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने एआई लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, ड्रोन टेक्नोलॉजी लैब और 3डी प्रिंटिंग लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टार्टअप्स ने अपने नवाचारों का प्रदर्शन भी किया, जिनसे मुख्यमंत्री ने संवाद किया। कार्यक्रम में एमपीआईटी का विजन डॉक्यूमेंट और इंक्लूसिव एआई फॉर यूप विजन डॉक्यूमेंट का अनावरण भी किया गया। साथ ही एआई फॉर ऑल, साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम और एआई फॉर फार्मर्स कोर्स का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन व टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण करने के बाद अत्याधुनिक भवन एवं लैब्स (प्रयोगशालाओं) का भ्रमण कर अवलोकन किया।

एआई जागरूकता पर गिनीज बुक में दर्ज हुआ गोरखपुर का नाम

गोरखपुर। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जागरूकता पर गोरखपुर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में तैयार किए गए ह्यएआई फॉर ऑल अवेयरनेस प्रोग्राम ने एक सप्ताह की समय सीमा में 764187 ऑनलाइन पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। एमपीआईटी (महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) ने टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) और अन्य संस्थानों के सहयोग से इस प्रोग्राम को शुरू किया है। बुधवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ऋषि नाथ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को इस प्रोग्राम के तहत पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान रचे जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। यह प्रमाण पत्र एमपीआईटी में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह के मंच पर सौंपा गया। एमपीआईटी ने एआई फॉर ऑल अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए 5 लाख पंजीकरण का लक्ष्य रखा था। इसके लिए निर्धारित तिथि, 9 अप्रैल तक 764187 पंजीकरण हुए। इसके अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय, एमपी पॉलिटेक्निक, आईटीएम गीडा, बीआईटी गीडा आदि को भी साझा पहल में शामिल किया गया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को कड़े मानकों पर परखने के बाद प्रमाण पत्र सौंपा गया है। पूर्णतः निशुल्क इस एआई अवेयरनेस प्रोग्राम में एआई का परिचय, जेनेरेटिव एआई टूल्स, प्रॉम्प्टिंग एंड प्रोडक्टिविटी, रिस्पांसिबल एआई यूज, साइबर हाइजीन, फ्रॉड प्रिवेंशन, पासवर्ड एंड ओटीपी सेफ्टी और सेफ डिजिटल प्रैक्टिसेज के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

- **गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री और टाटा संस के चेयरमैन को सौंपा प्रमाण पत्र**

17 से होगा दुग्ध स्वर्ण महोत्सव

नवाचार व निवेश पर होगा मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 17 व 18 अप्रैल को दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 होगा। यह आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में किया जाएगा। इसमें प्रदेश के 10 हजार पशुपालक/दुग्ध उत्पादक व निवेशक प्रतिभाग करेंगे। विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले पशुपालकों व निवेशकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन में नवाचार व निवेश पर भी मंथन होगा। बुधवार को दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का बुधवार को आधिकारिक कर्टन रेजर जारी किया गया।

नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम प्रौद्योगिकी समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की जाएंगी। महोत्सव में स्वदेशी व्यंजनों का फूड कोर्ट भी लगाया जायेगा। दुग्ध क्षेत्र के उद्यम को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो के माध्यम से निवेशकों के साथ एमओयू भी होगा।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री दुग्ध विकास, पशुधन एवं राजनैतिक पेंशन धर्मपाल सिंह रहेंगे। साथ ही अपर मुख्य सचिव (पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास) मुकेश कुमार मेश्राम, दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. आदि की भी मौजूदगी रहेगी। इसमें प्रदेश के समस्त जनपदों के साथ-साथ देश-विदेश के लाखों गौ पालक/निवेशकों को ऑनलाइन जोड़ा जायेगा। विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले पशुपालकों एवं निवेशकों को सम्मानित/पुरस्कृत किया जाएगा।

निजी क्षेत्र के निवेशकों द्वारा अपने स्टॉल कियोस्क के माध्यम से दुग्ध उत्पाद/नवाचार इत्यादि का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही डेयरी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी, स्वदेशी नस्ल के गौ पालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर विचार विमर्श एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ विशेषज्ञों द्वारा साझा की जायेगी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में ह्यगौ पूजन, प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन, प्रगतिशील गौ पालकों एवं निवेशकों की सफलता की कहानी की पुस्तिका का विमोचन, नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत विकासखण्ड स्तरीय विजेताओं को डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार धनराशि का वितरण, प्रगतिशील गौपालकों, अग्रणी निवेशकों एवं प्रतिभाशाली नवाचारों का सम्मान, गौशाला एवं गोबर गैस के महत्व का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा।

प्रदेश के स्कूलों से शुरू होगा 'जल संरक्षण अभियान'

आज से 30 अप्रैल तक विद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों में जल पखवाड़ा

विशेष संवाददाता (vol)

- **कैच द रेन के अंतर्गत संचालित होगा अभियान**

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण को लेकर निर्णायक पहल करते हुए इसे सीधे स्कूलों से जोड़ दिया है।

जल शक्ति अभियान के अंतर्गत 16 से 30 अप्रैल तक प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में जल पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से लाखों छात्र जल संरक्षण के प्रति न केवल जागरूक होंगे, बल्कि जल बचाने की जिम्मेदारी भी सक्रिय रूप से निभाएंगे।

इस पहल के जरिए जल संरक्षण को जनभागीदारी से जुड़ा अनिवार्य दायित्व बनाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत स्कूली कक्षाओं से लेकर संपूर्ण समाज तक व्यापक प्रभाव डालेगी।

अभियान की विशेषता इसकी सुदृढ़ मॉनिटरिंग व्यवस्था है। सभी विद्यालयों के लिए प्रतिदिन की गतिविधियों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग अनिवार्य की गयी है।

ट्रैकर के माध्यम से प्रतिभागियों की संख्या, गतिविधियों का विवरण तथा फोटो/वीडियो अपलोड करने होंगे। इसके लिए जनपद स्तर पर बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। योगी सरकार की मंशा जल संरक्षण अभियान को व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप देने की है, ताकि समाज में जल संरक्षण के प्रति स्थायी सोच एवं व्यवहार विकसित हो सके।

विद्यालयों को जल संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें जल निगम, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन प्रार्थना सभा में जल शपथ दिलाई जाएगी।

निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला तथा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे उनमें जल संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विद्यालय में पेयजल स्रोतों एवं जल भंडारण स्थलों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जल निगम की प्रयोगशालाओं के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक शुद्धिकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालयों में जल संरक्षण विषयक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच संवाद व जनजागरूकता गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

महिला आरक्षण में जल्दीबाजी बता रही, भाजपा जा रही

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि महिला आरक्षण के नाम पर ये जल्दीबाजी बता रही है कि अब भाजपा जा रही है। उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि भाजपा जनगणना को टालना चाहती है क्योंकि जनगणना होगी तो जातिगत जनगणना की भी बात उठेगी और फिर आरक्षण की भी, जो भाजपा और उनके संगी-साथी कभी भी देना नहीं चाहते हैं। अब भाजपा को चुनावी हेराफेरी का कोई और मौका आसानी से नहीं मिलेगा और सच्चे वोट ही, चुनाव का सच्चा नतीजा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की यही राजनीतिक चाल रहती है जब पुराने लोग ये समझ जाते हैं कि भाजपा किसी की सगी नहीं है तो हर बार भाजपा कुछ नये लोगों को अपने लुभावने जुमलों से गुमराह करती है। श्री यादव ने बताया कि हर महिला अपने बच्चों को पढ़ाना चाहती है लेकिन भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच तो सरकारी स्कूल तक बंद करवा दे रही है।

टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम योगी के साथ किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गुरु गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के दर्शन किए। गोरखनाथ मंदिर आगमन पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दर्शन-पूजन कराने के बाद एन. चंद्रशेखरन को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और नाथपंथ तथा इसके महान संतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्थापित पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह में शामिल होने गोरखपुर आए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन बुधवार दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने उन्हें शिवगोरक्ष नामाकृत अंगवस्त्र और मंदिर का प्रसाद भेंट किया। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम योगी के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें नाथपंथ के इतिहास, विस्तार-प्रसार, इस पंथ के प्रवर्तक महायोगी गुरु गोरखनाथ के जीवन दर्शन और नाथपंथ के महान संतों के बारे में बताया। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के बाद एन. चंद्रशेखरन गोरक्षपीठ की तरफ से आयोजित दोपहर भोज में भी शामिल हुए।

क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने समस्याओं के विरोध में मध्यांचल के एमडी को ज्ञापन सौंपा

लखनऊ। मध्य विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर सभी पार्षद, पार्षद पद के प्रत्याशी, पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड कमेटी के सदस्य एवं क्षेत्र के सम्मानित नेताओं के साथ मिलकर बिजली विभाग की लगातार बढ़ती समस्याओं के विरोध में मध्यांचल के एमडी को ज्ञापन सौंपा गया।

विधायक रविदास मेहरोत्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ एकजुट होकर यह स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आगे और भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी, मीटर रीडिंग में अनावश्यक बढ़ोतरी तथा आम जनता को हो रही बिजली संबंधी परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाली रैली

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा 1090 चौराहा से बहुप्रतीक्षित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं छात्राओं ने स्कूटी एवं बाइक रैली निकाली गयी। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, प्रदेश महिला अध्यक्ष गीता शाक्य की उपस्थिति में छात्राओं एवं महिलाओं ने केंद्र सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया गया। हस्ताक्षर दीवार बनाई गई, जिनमें महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता जताई गयी। यह रैली 1090 चौराहा से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और विधानसभा पर समाप्त हुई। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, श्वेता सिंह, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, निष्ठा कटियार, शिवांजलि पांडेय सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

मजदूरों सत्ता परिवर्तन करके सपा सरकार बनाने का संकल्प लें: श्याल लाल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा है कि मजदूरों, किसानों, नौजवानों को जो कुछ भी मिला है। वह संघर्षों और कुर्बानियों के बलबूते हासिल हुआ है। नोएडा और दिल्ली के एनसीआर शहर में मजदूरों के विद्रोह से मजदूर दिवस के प्रारम्भिक दिनों की याद आती है। उनके अच्छे दिन आए। इसके लिए प्रदेश में सत्ता परिवर्तन करके समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा। श्याम लाल पाल ने कहा कि मजदूरों तथा मजदूर नेताओं पर फर्जी मुकदमें वापस हों, रासुका कार्यवाही पर रोक लगे। काम के घंटे 8 हो, दोगुना ओवर टाईम, साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। सामाजिक सुरक्षा को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाया जाए। श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन हो।

नयी वोटर लिस्ट भाजपा के मण्डल अध्यक्षों को वितरित

लखनऊ। भाजपा महानगर कार्यालय पर बुधवार को महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक कर वोटर लिस्ट का वितरण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद मंडल अध्यक्षों को वोटर लिस्ट वितरित कर दिया गया हैं, जिससे वह अपने नीचे की इकाई को वितरित कर सकें। फिर अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का मिलान करें और छूटे हुए नामों की अलग सूची तैयार करें, ताकि चुनाव से पहले उन्हें मतदाता सूची का हिस्सा बनाया जा सके। इस प्रक्रिया में यह भी जांच की जाए कि कहीं तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से नाम हटे तो नहीं हैं। यदि ऐसे मामले सामने आते हैं, तो समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें दोबारा सूची में शामिल कराने का प्रयास पार्टी कार्यकर्ता करेंगे।

सवालों के घेरे में कर्मचारी परिषद की भूमिका

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) का कर्मचारी परिषद की भूमिका सवालों के घेरे में है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का आरोप है कि परिषद से जुड़े कुछ सदस्य एसीपी लगवाने, स्थानांतरण और कन्फर्मेशन के नाम पर जबरन वसूली कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पैसे वापस मांगने पर उन्हें धमकाया जा रहा है। इस मामले में कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को पत्र भेजकर शिकायत दर्ज करायी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि परिषद के सदस्य कर्मचारियों से विभिन्न कार्यों के लिए पैसा लेते हैं। मना करने पर धमका रहे हैं। आरोप हैं कि चुनाव के दौरान समर्थन पाने के लिए कर्मचारियों को प्रलोभन दिए गए। अब पद पर आने के बाद लगातार वसूली की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से संस्थान में सेवा दे रहे हैं। अधिकतर समय मरीजों की देखभाल में लगाते हैं। अब आर्थिक दबाव और डर के माहौल में काम करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि घर चलाने के लिए उन्हें कर्ज लेना पड़ रहा है।

शहर में 110 वार्डों में 121 करोड़ से होंगे विकास कार्य, 1.10 करोड़ जारी

नगर निगम सदन ने भारी हंगामे के बीच कई अहम प्रस्ताव किये पास ॥ जियामऊ सहित कई जगहों की जमीन एलडीए को देगा नगर निगम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में अगले महीने से 110 वार्डों में विकास कार्य शुरू होंगे, इसके लिए शहर की सरकार ने 1.10 करोड़ रुपये का वार्ड विकास प्राथमिकता निधि (पार्षद कोटा) जारी कर दिया है। बाकी एक करोड़ बारिश के बाद जारी किया जाएगा। ऐसे में अब मई से शहर में 121 करोड़ रुपये से सभी 110 वार्डों में विकास कार्य हो सकेंगे। बुधवार को नगर निगम सदन ने भारी हंगामे के बीच शहर के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को पास कर दिया। इसमें प्रमुख रूप से जियामऊ सहित कई जगहों की जमीन एलडीए को प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य नियोजित विकास कार्यों के लिए दिए जाने का प्रस्ताव शामिल है। इसके साथ ही यातायात विभाग को शहर में आठ स्थानों पर गाड़ियों को खड़ी करने के लिए होल्डिंग एरिया बनाने को जमीन दिए जाने तथा शूटिंग रेंज को विकसित करने के लिए पास की जमीन को आवासीय योजनाओं के लिए एलडीए को दिए जाने पर हरी झंडी दे दी गई।

नगर निगम सीमा में आने वाले सभी 110 वार्डों विकास कार्य कराने के लिए पार्षद प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव देते हैं। पार्षद एक साल में 2.10 करोड़ रुपये के विकास कार्य करा सकते हैं। अभी तक यह तीन से चार किस्तों में जारी किया जाता था लेकिन इस नए वित्तीय वर्ष में पार्षद कोटा को दो किस्तों में जारी किया जाएगा।

हालांकि इसे एक मुश्त ही जारी किया जाना था लेकिन वित्तीय प्रबंधन को देखते हुए दो बार में जारी किया जाएगा। पहली किस्त के तौर पर बुधवार को महापौर ने 1.10 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि दूसरी किस्त बारिश के बाद जारी की जाएगी। यह बदलाव 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए किया गया है।

■ दीन दयाल न्यास ने की वापस की जमीन, अब एलडीए को मिली : जियामऊ में नगर निगम ने भाजपा से जुड़े संगठन दीन दयाल उपाध्याय सेवा न्यास को सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए वर्ष 2000 में 90 साल की लीज पर जमीन दी थी। इसके बाद साल 2020 में संशोधित लीज डीड को मंजूरी दी गई और यहां पर भाजपा मुख्यालय बनने के चर्चाएं शुरू हुई। करीब दो महीने से इसकी कागजी कार्यवाही में नगर निगम से लेकर एलडीए तक तेजी भी आई लेकिन अब अचानक न्यास की ओर से प्राइम लोकेशन वाली इस जमीन की नगर निगम को वापस कर दिया गया है। इसका प्रस्ताव बुधवार को नगर निगम सदन ने मंजूर कर लिया साथ ही इसी जमीन को एलडीए को देने का प्रस्ताव भी पास कर दिया गया। यानि एक तरफ लीज सरेंडर को मंजूरी दी गई और दूसरी एलडीए को जमीन देने का निर्णय भी कर लिया गया। इस बारे में महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि एलडीए इस जमीन का पैसा भी डीएम सर्किल रेट पर नगर निगम को देगा। एलडीए का कहना है कि यह जमीन उसकी योजना में आती है और वह इसका नियोजित विकास करेगा। वह क्या बनाएगा यह जानकारी नहीं है।

शहर में नहीं लगा सकेंगे अवैध होर्डिंग

अवैध होडिंगों पर प्रभावी रोक लगाने और के लिए शासन ने उत्तर प्रदेश (नगर निगम, आकाश चिन्ह और विज्ञापनों का विनियमन) नियमावली 2026 बनाई है । जिसका गजट नोटिफिकेशन भी फरवरी में हो चुका है। इसे अब निगम में लागू किया जाएगा। इसको लेकर अंगीकार करने के प्रस्ताव सदन में पास कर दिया। यहां से पास होने के बाद नियमावली को लागू कर दिया जाएगा। जिसके बाद सिर्फ वही होर्डिंग लगवा सकेगा जिसके पास नगर निगम से जारी प्रचार लाइसेंस होगा। उन होर्डिंगों को भी नगर निगम बिना किसी नोटिस के हटवा सकेगा जो आपत्तिजनक, भड़काऊ या जानलेवा होंगी। नई प्रचार नियमावली सब प्रावधान किए गए हैं।

यातायात विभाग के होल्डिंग एरिया के लिए दी गयी जमीन

अवैध पार्किंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर पकड़ी और सीज की जाने वाली गाड़ियों को खड़ी करने के यातायात विभाग की ओर से हर जोन में नगर निगम से होल्डिंग एरिया बनाने के लिए जगह मांगी गई थी। इसके लिए नगर निगम ने चिन्हित जमीनों को सदन ने देने की संस्तुति कर दी है। जिन आठ जगहों पर यह बनाए जाएंगे उनमें उत्तरधौना, घैला, कल्ली पश्चिम, अलीनगर खुर्द, कानपुर रोड पर शहीद पथ तिराहा के पास खाली मैदान, वृंदावन कालोनी में डिफेंस एक्सपो मैदान के पास, राधास्वामी सत्संग के सामने एकेटीयू गेट नंबर दो के सामने का खाली मैदान शामिल है।

शूटिंग रेंज के पास बनेगी नयी टाउनशिप

अमौसी के हड़ाइन खेड़ा में स्थित नगर निगम की शूटिंग रेंज के पास खाली करीब 42 एकड़ जमीन पर नई टाउनशिप विकसित की जाएगी। इसका प्रस्ताव नगर निगम सदन ने बुधवार को पास कर दिया। यह टाउनशिप एलडीए विकसित करेगा जिसके लिए जमीन नगर निगम देगा और इसके बदले एलडीए नगर निगम की बदहाल पड़ी शूटिंग रेंज को संवारने पर आने वाला खर्च उठाएगा। जिस पर करीब 230 करोड़ खर्च होने हैं। इसके बदले में नगर निगम ने जो जमीन एलडीए को टाउनशिप विकसित करने के लिए दी है उसमें होटल भी बनाया जाएगा।

सोलर वाले मकानों को गृहकर में छूट नहीं

मकानों पर सोलर ऊर्जा लगाने वाले भवन स्वामियों को झटका लगा है। उन्हें गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट फिलहाल नहीं मिल सकेगी। पिछले सदन में छूट का प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा गया था मगर अब तक वहां से कोई आदेश नहीं आया है। वहीं, नगर निगम अधिनियम में भी अधिकतम 10 प्रतिशत ही छूट दिए जाने प्रावधान है, जबकि नगर निगम पहले से गृहकर जमा करने पर सभी को 10 प्रतिशत की छूट देता है। बुधवार को सदन में कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने यह मुद्दा उठाया तो हंगामा खड़ा हो गया। इसको लेकर भाजपा पार्षद मुन्ना मिश्रा ने सवाल उठाया कि क्या अब 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी जिनके यहां सोलर लगा होगा। इस पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट किया कि अधिकतम 10 प्रतिशत ही छूट दी जा सकती है। सोलर पर छूट सिर्फ एक बार ही दिए जाने का प्रावधान है। इस पर महापौर ने कहा कि वह कुछ ऐसा प्रस्ताव बनाएंगी जिससे सोलर वालों को गृहकर जमा करने पर दी जाने वाली छूट का लाभ मिल जाए यानि उनको 10 प्रतिशत से अधिक छूट का लाभ हो।

■ यह प्रस्ताव भी हुए पास : पार्क रोड का नाम डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी किया जाएगा, शहीद पथ के किनारे अहिमामऊ में कल्याण मंडप बनाया जाएगा0 आवारा कुत्तों को रखने के लिए दो शेल्टर होम बनाए जाएंगे। सीएसआर फंड से बनाए जाने वाले वृद्धा आश्रम और महिला छात्रावास के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। श्रमिकों की सहूलियत के लिए लेबर अड्डों का निर्माण होगा। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कार्य के लिए 12 ई रिक्शा खरीदे जाएंगे। पेड़ों की छंटाई व अवैध होर्डिंग हटाने के लिए दो हाइड्रा क्रेन खरीदी जाएगी। जल निकासी के लिए 19 पंप खरीदे जाएंगे। कूड़ा उठान के दो इलेक्ट्रिक रोबोट खरीदे जाएंगे।

शहर में 8000 पीएम आवास बनायेगा एलडीए, नगर निगम ने दी जमीन

शहर में नगर निगम की जमीनों पर आठ हजार प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे। यह भवन बनाने के लिए नगर निगम की ओर से निःशुल्क जमीन एलडीए को दी जाएगी। इससे सम्बंधित प्रस्ताव बुधवार को नगर निगम सदन की बैठक में पास कर दिया गया। इसके अलावा जियामऊ की कीमती जमीन भी एलडीए को नगर निगम देगा हालांकि इसके लिए डीएम सर्किल रेट शुल्क एलडीए को देना होगा। प्रधानमंत्री आवास योजन शहरी 2.0 के तहत एलडीए के शहर में 8000 आवास बनाने हैं। इसके लिए एलडीए ने नगर निगम से कई इलाकों की जमीन की मांग की थी। गांव और खसरा नंबरों के सहित एलडीए की ओर से नगर निगम को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसे बुधवार को नगर निगम सदन ने पास कर दिया। प्रस्ताव के तहत बाघामऊ में 8730 वर्ग मीटर, हरिहरपुर में 36290 वर्ग मीटर, कल्ली पश्चिम में 12920 वर्ग मीटर और अतरौली गांव में 30370 वर्ग मीटर नगर निगम एलडीए को देगा। यह जमीन निःशुल्क दी जाएगी। इसके अलावा नगर निगम सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र में आने वाले हरिहरपुर गांव में गाटा संख्या 433ख की 1.4710 हेक्टेयर जमीन सीएमओ कार्यालय व आवास के लिए भी देगा। इसका भी प्रस्ताव सदन ने पास कर दिया। मियावाकी नीति से वन बनाए जाने को लेकर उद्यान विभाग को भी जमीन दी जाएगी।

संक्षेप

रोजगार मेला 17 को

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत निदेशक सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 17/ई-2/उ0प्र0रो0मि0/ओवरसीज/प्लेसमेंट/2025 दिनांक 21.01.2026 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय, श्रावस्ती द्वारा 17 अप्रैल 2026 को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला राजा वीरेन्द्र कांत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिनगा श्रावस्ती में लगेगा। इस रोजगार मेले में बेरोजगार अभ्यर्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से भाग ले सकते हैं। ऑनलाइन भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को पहले सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद पोर्टल पर मेले से जुड़ी जानकारी दिखाई देगी, जिसके आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

पास्को एक्ट के आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के मुकदमें में उदयपुर पुलिस द्वारा बुधवार को दो आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। घटना को लेकर उदयपुर पुलिस आरोपियो की तलाश में जुटी थी। बुधवार की सुबह दरोगा राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी व ओमप्रकाश सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के पेड़रिया तिराहे के समीप भंवरी रोड पर पुलिस ने मुकदमे में वांछित आरोपी बढ़ई का पुरवा पेड़रिया निवासी आशीष पुत्र राधेश्याम यादव व अतुल शर्मा पुत्र देवी प्रसाद शर्मा को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियो को पूछतांछ के बाद जेल भेज दिया।

आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने दो पक्षो मे हुई मारपीट को लेकर आरक्षी की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। आरक्षी रोहित कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह अप्रैल को दिन में दो बजे थाना क्षेत्र के सगरा का पुरवा भोजपुर में दो पक्षों में मारपीट की सूचना पर वह मौके पर पहुंचा। वहां दोनों पक्ष गालीगलौज के साथ मारपीट में संलिप्त पाए गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक पक्ष के अखिलेश सिंह पुत्र राम नरायन सिंह तथा नीलू सिंह पत्नी अखिलेश सिंह, प्रिया सिंह पुत्री अखिलेश, तथा दूसरे पक्ष के राजेश सिंह व दीप सिंह पुत्रगण हीरालाल, अमन पुत्र हरिश्चंद्र, मनीषा पत्नी राजेश सिंह, निशा सिंह पत्नी कुल्लू उर्फ दीप सिंह के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष गौरव त्रिवेदी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

धमकी को लेकर आरोपी पर केस

प्रतापगढ़। नाबालिग छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा है। सीतापुर निवासी मोनू सिंह राजपूत पर आरोप है कि उसने छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। आरोप है कि आरोपी द्वारा नाबालिग से जबरिया शादी का दबाव बनाने के साथ रंगदारी की भी मांग की जा रही है।

कटरा- मथुरा घाट पुल निर्माण से जागी नयी उम्मीद

74 करोड़ की लागत से बन रहा पुल बदलेगा क्षेत्र का आर्थिक सामाजिक स्वरूप

एसपी सिंह परिहार

श्रावस्ती। आचिरावती यानि राप्ती नदी की शांत लेकिन व्यापक धारा पर कटराझमथुरा घाट पुल का बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य शुरू होते ही श्रावस्ती और बलरामपुर जनपद के लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया है। वर्षों से इस पुल का इंतजार कर रहे क्षेत्रवासियों को अब विकास की नई किरण दिखाई देने लगी है। यह पुल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव की मजबूत नींव साबित होगा। करीब 74 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल के लिए शासन द्वारा पहले ही 25.93 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी थी। अब निर्माण कार्य तेज होने से क्षेत्र के विकास की उम्मीदें और भी मजबूत हो गई हैं। लंबे समय से उपेक्षित इस इलाके के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही है। राप्ती नदी अब तक श्रावस्ती और तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्रों के बीच बड़ी बाधा बनी हुई थी। खासकर बरसात के समय नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों का जीवन प्रभावित हो जाता था। लोगों को नाव से जोखिम भरा सफर करना पड़ता था, जबकि अन्य समय में बांस और लकड़ी के अस्थायी पुलों का सहारा लेना पड़ता था, जो हमेशा खतरे से भरा रहता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते से रोजाना कई गांवों के लोग शिक्षा, इलाज, व्यापार और रोजगार के लिए आते-जाते हैं। पुल न होने से समय और पैसे की काफी बबार्दी होती थी। कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल न पहुंच पाने के कारण गंभीर स्थिति भी बन जाती थी। ऐसे में यह पुल क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

प्रगति, समृद्धि की नयी कहानी लिखेगा कटरा- मथुरा घाट पुल का निर्माण : विधायक

श्रावस्ती। विधायक राम फेरन पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने 26 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस पुल की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सेतु निगम को निर्देश दिए, जिसके बाद अब यह निर्माण कार्य शुरू हो सका है। उन्होंने इसे जनता की जीत और सरकार की संवेदनशीलता का उदाहरण बताया। इस पुल के बनने से दर्जनों कस्बों, बाजारों और सैकड़ों गांवों का सीधा संपर्क कटराझमथुरा घाट क्षेत्र से जुड़ जाएगा। यह संपर्क पयागपुर, करनैलगंज, खरगूपुर, गोंडा जिले के चौधरीडीह, तुलसीपुर और बौद्ध परिपथ के जरिए गोरखपुर तक मजबूत होगा। इससे आवागमन आसान होगा और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। किसानों को अपनी उपज के लिए बेहतर बाजार मिल सकेगा। इसके अलावा पांडवकालीन विभूतिनाथ मंदिर और सोनपथरी आश्रम जैसे धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इको-टूरिज्म के विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। कुल मिलाकर यह पुल केवल दो किनारों को नहीं जोड़ेगा, बल्कि विकास और संभावनाओं के बीच की दूरी को भी खत्म करेगा। क्षेत्रवासियों को विश्वास है कि यह पुल आने वाले समय में प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखेगा।

डॉ. अंबेडकर जयंती पर निकली रैली

सिद्धार्थनगर- बांसी में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बांसी में एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दोपहर 1 बजे के बाद शुरू हुए इस जुलूस में पिकअप, ट्रैक्टर-ट्रॉली और डीजे के साथ बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर फूल-मालाएं चढ़ाकर लोग निर्धारित मार्गों पर जोरदार नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। नीले रंग के कपड़े और साड़ियां पहने महिलाएं, लड़कियां और लड़के भी जुलूस के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक, निरीक्षक राम नारायण दुबे, उप निरीक्षक विजय नाथ यादव, उप निरीक्षक रामाज्ञा, हेड कांस्टेबल दद्दन यादव सहित पूरी पुलिस टीम मुस्तैद रही। जुलूस मंगल बाजार से आब्दी मोड़, माघ मेला होते हुए राप्ती पुल के पास स्थित सुभाष चंद्र पार्क पहुंचा, जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीस राइनी पटवारी द्वारा पानी की व्यवस्था की गई थी। इसके बाद जुलूस रोडवेज तिराहा, पेट्रोल पंप तिराहा और आजाद चौक से होते हुए सोनारी मुहल्ले में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास समाप्त हुआ। इस दौरान विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और व्यक्तियों द्वारा भी पानी की व्यवस्था की गई थी। रोडवेज पर प्रमोद कुमार हिंदू और हर गोविंद साहू ने, जबकि पेट्रोल पंप तिराहे पर समाजसेवी अमय पांडेय ने पानी उपलब्ध कराया। अमय पांडेय और उनके समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी भी की। इस अवसर पर चक्रधारी गौतम, जितेंद्र कुमार, रवि कपूर राव वीरेंद्र कुमार, विजय बहादुर अंबेडकर, ओम प्रकाश सुनील कुमार जाटव, विनोद कुमार वीरेंद्र प्रताप, सभासद अनुपमा सिंह दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जोगिया उदयपुर पुलिस ने 3 वारंटी पकड़े

सिद्धार्थनगर- जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जोगिया उदयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देश पर पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में वांछित इन अभियुक्तों को दबोचा। इनमें कोयडा, थाना जोगिया उदयपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र चंद्रप्रकाश और उदयभान पुत्र चंद्रप्रकाश शामिल हैं, जिन पर धारा 323/504/506 भा.द.वि. के तहत मामले दर्ज थे। तीसरा अभियुक्त उदयपुर, थाना जोगिया उदयपुर निवासी पूर्णमासी पुत्र त्रिवेणी है, जिसे धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। अशोक और उदयभान वर्ष 2007 के एक पुराने मामले (वाद संख्या 1948/2007) में वांछित थे, जिसकी अगली पेशी 30 अप्रैल 2026 को निर्धारित थी। पूर्णमासी आबकारी अधिनियम से संबंधित मामले में फरार चल रहा था। क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जनार्दन यादव, उपनिरीक्षक गोवर्धन, उपनिरीक्षक रामशीला यादव और कांस्टेबल रिजवान अहमद शामिल रहे।

दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- जिले के त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय के नेतृत्व में त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक वांछित आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी करने के उपरांत आरोपी को अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्रियाशील थाना पुलिस द्वारा उक्त कार्रवाई किया गया। क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडे के नेतृत्व में त्रिलोकपुर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गत बुधवार को वांछित अभियुक्त को चिताही तिराहा से गिरफ्तारी की गई। आरोपी के खिलाफ थाना त्रिलोकपुर में मु0अ0सं0 47/2026, धारा 64(2)/87/137(2) इठर और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यासीन पुत्र अतीउल्लाह खान निवासी हसनगढ़, थाना सोनहा, जनपद बस्ती के रूप में हुई है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इशान्शु श्रीवास्तव और कांस्टेबल अमरजीत यादव शामिल रहे।

झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जला चार साल का बच्चा

संभल। गुन्नौर थाना क्षेत्र में बुधवार को फूस की एक झोपड़ी में आग लगने से चार साल का एक बच्चा जिंदा जल गया। यह घटना नंदरौली गांव में उस समय घटी जब बच्चे के माता-पिता पास के खेत में गेहूं काट रहे थे। तहसीलदार (गुन्नौर) रवींद्र गौतम ने बताया कि रवींद्र का बेटा प्रवेश झोपड़ी के अंदर सो रहा था तथा अचानक छप्पर में आग लग गई। उन्होंने कहा कि बच्चा अंदर फंस गया था और मदद पहुंचने से पहले ही जलकर मर गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। प्रशासन सरकारी मानदंडों के अनुसार पीड़ित परिवार को हर संभव वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। थाना प्रभारी (गुन्नौर) राजीव कुमार मलिक ने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद एक पुलिस टीम ने गांव का दौरा किया।

प्राथमिक विद्यालय पूरे खैरी का औचक निरीक्षण

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने विकासखंड हरिहरपुररानी के प्राथमिक विद्यालय पूरे खैरी का अचानक निरीक्षण किया और वहां की शिक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने बच्चों को दी जा रही पढ़ाई, अध्यापकों की उपस्थिति और छात्रों की संख्या की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान पता चला कि विद्यालय में 3 सहायक अध्यापक मौजूद थे, जबकि एक सहायक अध्यापिका रचना और एक शिक्षामित्र राम कुमार मिश्र अनुपस्थित थे। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और दोनों का एक दिन का वेतन काटने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर भी देखा। इसमें कक्षा 1 से 5 तक बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई। इस पर उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि सभी पंजीकृत बच्चों की 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं, उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि विद्यालय का स्मार्ट टीवी खराब है और साफ-सफाई भी ठीक नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित से स्पष्टीकरण मांगा और निर्देश दिया कि स्मार्ट टीवी तुरंत ठीक कराया जाए तथा विद्यालय में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे निरीक्षण में कोई कमी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने रसोईघर में जाकर मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था भी देखी और निर्देश दिया कि बच्चों को उनकी उपस्थिति के अनुसार मेनू के मुताबिक भोजन दिया जाए। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई का स्तर भी जाना। जिलाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकों को साफ शब्दों में कहा कि पढ़ाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों को अच्छी तरह पढ़ाया जाए ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुररानी सतीश कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

2 शातिर चोर गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चोरी की घटना का पदार्फाश कर 2 चोरी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, संयुक्त टीम ने 48 घंटे के भीतर मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए उक्त दोनों शातिर चोरों को गिरफ्तार किया , आरोपियों के पास से चोरी के मोबाइल फोन और नकदी बरामद की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत बुधवार रात करीब 10 बजे टीम चेतिया मोड़ के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन और 5 हजार रुपए नकद बरामद हुए। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि दो दिन पहले शोहरतगढ़ कस्बे की एक मोबाइल दुकान से दो फोन चोरी हुए थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस और एसओजी टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनंद कुमार यादव (निवासी पोखर भिटवा) और रंजीत विश्वकर्मा (निवासी रसूलपुर टोला कल्लीपुर) के रूप में हुई है। दोनों कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ पहले से भी चोरी के मुकदमे दर्ज थे। उक्त कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह, एसओजी प्रभारी मिथलेश कुमार राय समेत कई तेज तर्रार पुलिसकर्मी शामिल रहे। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज गया।

बनकटा कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को नहीं मिल रहा भोजन

सिद्धार्थनगर में मिड-डे मील घोटाले का आरोप

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद के मिठवल विकासखंड अंतर्गत स्थित बनकटा कंपोजिट विद्यालय में मिड-डे मील योजना में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि यहां बच्चों को नियमित रूप से मध्यान्ह भोजन नहीं मिल रहा है, जबकि सरकारी अभिलेखों में योजना संचालित दिखाई जाती है। विद्यालय के छात्रों ने बताया कि स्कूल में न तो रोजाना भोजन बनता है और न ही पढ़ाई का माहौल ठीक है। मिड-डे मील रजिस्टर भी अक्सर गायब रहता है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम निवासी अभिभावक गंगा सागर पाठक के अनुसार, यह स्थिति वर्ष 2008 से चली आ रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विद्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक अध्यापिका श्रीमती भारती भूषण महीने में केवल एक बार आती हैं और औपचारिक कार्य कर वापस चली जाती हैं। अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि खंड शिक्षा अधिकारी स्तर से संरक्षण मिलने के कारण शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई बार लिखित शिकायत देने के बावजूद न तो मिड-डे मील व्यवस्था में सुधार हुआ और न ही शैक्षिक गतिविधियों में कोई बदलाव देखने को मिला। बेसिक शिक्षा अधिकारी तक मामला पहुंचने के बावजूद कार्यवाही न होना विभागीय कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इन मासूम बच्चों के भविष्य के साथ हो रही इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चों को उनका अधिकार मिल सके और शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो सके। इस सम्बन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल धर्मेन्द्र पाल ने कहा कि मिड-डे-मील एवं शिक्षिका भारती भूषण के उपेक्षित कार्य प्रणाली/ व अनुपस्थित से सम्बंधित शिकायत का मामला संज्ञान में आया है, खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी, उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि शैक्षणिक कार्य में शिक्षिका का अनुपस्थित एवं कार्य शिथिलता बर्दास्त नहीं की जायेगी कार्यवाही किया जाएगा।

सीएमओ ने सीएचसी खुनियांव का किया औचक निरीक्षण

सिद्धार्थनगर- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत चौरसिया और डिप्टी सीएमओ डॉ. आर. जी. सिंह ने बुधवार सुबह खुनियांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई और उपस्थिति पंजिका में सभी कर्मचारी उपस्थित मिले इसके बाद अधिकारियों ने ग्राम भट्टमली, भरवलिया और मऊ नानकार में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य-पोषण दिवस वीएचएनडी कार्यक्रमों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ग्रामीणों को दस्तक अभियान और संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया उन्होंने घर-घर जाकर लाभार्थियों से बातचीत की और स्वच्छता, शुद्ध पेयजल के उपयोग तथा मच्छरों से बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया सीएमओ और डिप्टी सीएमओ ने आशा तथा एएनएम कार्यकताओं को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें उन्होंने किसी भी बीमारी के लक्षण मिलने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित करने तथा साफ-सफाई के प्रति विस्तृत जानकारी देने को कहा निरीक्षण के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति और संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर एएनएम गीता, पूजा और जया उपाध्याय उपस्थित थीं। उनके द्वारा 18 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एएनसी की गई, जबकि 41 बच्चों का नियमित टीकाकरण संपन्न हुआ।

पत्रकार महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक दिलायी शपथ

सामाजिक और राष्ट्रीय सरोकार को शक्ति सम्पन्न बनाए पत्रकारिता: विनोद

प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा बुधवार को स्थानीय ब्लाक सभागार में पत्रकारिता एवं लेखन की गरिमा व दिशा पर संगोष्ठी के साथ तहसील इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबागंज विधायक विनोद सरोज एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डॉ0 केएन ओझा एवं महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में योगदान के लिए विशिष्टजनों का सम्मान भी हुआ। बतौर मुख्य अतिथि विधायक विनोद सरोज ने कहा कि सामाजिक सरोकार को मजबूत बनाने में आज के दौर में लेखन व पत्रकारिता में सच की अभिव्यक्ति की आवश्यकता है।

अति विशिष्ट अतिथि जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ0 केएन ओझा ने कहा कि विचारधारा को सुदृढ़ बनाने के लिए पत्रकारिता की दिशा रचनात्मक होनी चाहिए। विषय प्रवर्तन रखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने फेक न्यूज तथा ट्रोलिंग से बचाव के साथ राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन पर जोर दिया।

वहीं कार्यक्रम में विधायक विनोद सरोज ने कुण्डा इकाई के नव निर्वाचित अध्यक्ष गौरव मिश्र, महामंत्री अरशद खान, उपाध्यक्ष रवि मोदनवाल व राज शुक्ला तथा रमेश सिंह व सुशील पटेल तथा संरक्षक डॉ0 विजय यादव, सचिव इजहार अहमद एवं शाद अहमद, संयुक्त सचिव नरेन्द्र सिंह एवं सतीश कुमार तथा संगठन सचिव धनंजय मिश्र व मनमोहन सिंह, प्रान्तीय प्रतिनिधि मो0 जाकिर, कोषाध्यक्ष सक्षम मौर्या, जिला प्रतिनिधि अजमत अली को समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण कराया। आयोजन समिति की ओर से मुख्य राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, प्रान्तीय महासचिव अजय पाण्डेय व डॉ0 विजय यादव ने सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता, तहसीलदार कुण्डा अलख शुक्ला, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, शिवशंकर तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख पंकज सिंह, हरिओम शंकर श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, मदनमोहन मिश्र, रामभरोस मिश्र, गिरीश पाण्डेय, गणेश राय को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष रूपेन्द्र शुक्ल व आभार प्रदर्शन पन्ना लाल गुप्ता ने किया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र व संचालन डॉ0 विजय यादव एवं अजय पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, प्रभाकर सिंह, राजू नायडू, सुरेश पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि रहे।

अम्बेडकर जयंती पर एकजुटता पर प्रमोद व मोना ने जताया आभार

प्रतापगढ़। रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के लालगंज स्थित अम्बेडकर पार्क में अम्बेडकर जयंती पर हुए कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थिति को लेकर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा रामपुरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना ने आयोजन समिति के प्रयासों को सराहा है। सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने कहा कि इस कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने रामपुरखास की एकजुटता और विकास के संकल्पों को नई ताकत दी है। नेताद्वय ने कहा कि कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के लोगों व युवाओं की भागीदारी से यहां विकास के मिशन को आगे बढ़ाने में गंगा जमुनी तहजीब को मजबूती मिली है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस विशाल भागीदारी को लेकर उनका रामपुरखास में गरीबों पर जुल्म ढाने वाली ताकतों के खिलाफ संघर्ष का मिशन और तेज होगा। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने आयोजन में विशाल जनसहभागिता के लिए डॉ0 अम्बेडकर जनकल्याण सेवा समिति के प्रबंधन के प्रति भी संयुक्त आभार जताया है।

विधायक मोना ने मेधावियों को दी कम्प्यूटर सेटों की सौगात

सांगीपुर व कुण्डा तथा संग्रामगढ़ में सौंपे गए कम्प्यूटर सेट

प्रतापगढ़। सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज में कम्प्यूटर शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से मेधावियों को कम्प्यूटर सेट की सौगात मिली है। मंगलवार की शाम विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सांगीपुर इण्टर कालेज में बीस तथा इसी के साथ संग्रामगढ़ इण्टर कालेज व एसपी इण्टर कालेज कुण्डा के लिए भी बीस-बीस सेट कम्प्यूटर प्रदान किये। सरयू समाज कल्याण संस्थान के बैनरतले आयोजित कार्यक्रम में सीएसआर योजना के तहत एलआईसी गोल्डेन जुबली फाउण्डेशन के द्वारा डिजिटल कम्प्यूटर लैब का सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में वैश्विक पटल की स्पर्धा में कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व शीर्ष पर है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने छात्र छात्राओं को तकनीकी ज्ञान में वृद्धि के लिए कम्प्यूटरीकृत शिक्षा को प्राथमिकता देना होगा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना लैब के उदघाटन को लेकर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन भी करते दिखे। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल व संचालन हृदय नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, रामबोध शुक्ल, कृष्णदेव दुबे, अशोकधर दुबे, रविशंकर उपाध्याय, महादेव प्रजापति, अनुराग उपाध्याय, रवीन्द्र भूषण मिश्र, इम्तियाज अहमद, सूरज पाल, हरकेश विश्वकर्मा, नन्हें खां, महेश शुक्ल, राघवेंद्र पाठक आदि रहे।

जीवन को और गतिशील कर सकती है प्रौद्योगिकी

एमजीयूजी में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन को और भी स्पीड अप (तीव्र गतिशील) कर सकती है। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (उभरती नई प्रौद्योगिकी) के कई उदाहरणों से इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी जीवन और विकास से जुड़े हर क्षेत्र को नई उड़ान और नई ऊंचाई दे सकती है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत और विकसित एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को प्रत्येक क्षेत्र का हिस्सा बनाना पड़ेगा। सीएम योगी बुधवार शाम महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने टेक्नोलॉजी को समस्या समाधान के लिए महत्वपूर्ण बताया। इसके लिए इंसेफेलाइटिस नियंत्रण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 2017-18 के पहले प्रतिवर्ष बड़े पैमाने पर इंसेफेलाइटिस से मौतें होती थीं। 40 वर्ष में 50 हजार मौतें इंसेफेलाइटिस से हुईं। तब इसे लाइलाज बीमारी और नियति का हिस्सा मान लिया गया था। सांसद के रूप में वह इस पर आंदोलन करते थे लेकिन 2017 में जब मुख्यमंत्री बने तो समाधान की जिम्मेदारी आई। सीएम ने बताया कि डेटा कलेक्ट कर उन्होंने बीमारी के कारण और समाधान पर टीम लगाकर काम शुरू कराया। पता चला कि इंसेफेलाइटिस उन परिवारों और बस्तियों में अधिक थी जहां स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का अभाव था। उन्होंने ऐसे परिवारों के लिए शौचालय और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। इसका परिणाम यह हुआ कि छह वर्ष में इंसेफेलाइटिस से मौत के आकंड़े शून्य हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी हमें समस्या का समाधान दे सकती है, जरूरत है उसके अनुरूप रणनीति बनाने की है। गन्ना किसानों की समस्या समाधान की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने टेक्नोलॉजी से गन्ना किसानों के लिए पर्ची की व्यवस्था उनके स्मार्टफोन पर देने की व्यवस्था बनाई। इससे बिचौलियों की दलाली भी बंद हुई, घटतौली की समस्या का भी समाधान हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा इमर्जिंग टेक्नोलॉजी कृषि क्षेत्र में बहुत लाभकारी बन रही है। रियल टाइम डेटा से किसान जान सकते हैं कि उनके खेत में कब और कितने उर्वरक और सिंचाई की जरूरत है।

उन्होंने कृषि क्षेत्र में ड्रोन दीदी की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि ड्रोन दीदी 10 मिनट में एक एकड़ खेत में दवा का छिड़काव कर सकती है जो मैनुअली संभव नहीं है। इसी तरह शिक्षा और स्वास्थ्य में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की बेहद कारगर भूमिका हो सकती है। एमजीयूजी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को करने के अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। अलग अलग क्षेत्रों में एआई के प्रभाव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव हेल्थकेयर में देखने को मिलेगा।

टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि भविष्य में एआई हर समस्या का समाधान प्रस्तुत करेगी। एआई से कई दवाओं के निर्माण में मदद मिल रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि अगले कुछ दशक में एआई के सहयोग से उन बीमारियों के लिए भी दवा बन सकेगी, जिन्हें अभी लाइलाज मान लिया गया है। डायबिटीज और हर तरह के कैंसर के इलाज में भी एआई से चमत्कारिक मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल साइंस की प्रगति से मानव जीवन प्रत्याशा बढ़ी है। एआई के बेहतर प्रयोग से यह और भी बढ़ेगी। श्री चंद्रशेखरन ने कहा कि आगामी समय में भारत में एआई से जुड़े अविष्कार बड़ी संख्या में होंगे। यहां समस्याएं हैं तो उनका समाधान करने के लिए प्रतिभा भी मौजूद है। जरूरत उस प्रतिभा को समय के अनुरूप प्रौद्योगिकी से जोड़ने की है। यही प्रतिभा नए अविष्कार कर समस्या का समाधान करेगी। उन्होंने जीवन के हरेक क्षेत्र को एआई से जोड़ने और प्रतिभा उन्नयन में निवेश पर जोर दिया।

हाईटेक में बच्चे अव्वल, रिजल्ट जारी

उन्नाव। सिकंदरपुर सरोसी स्थित ट्रांस गंगा सिटी स्थित हाईटेक पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। विद्यालय के टॉपर आनंद राजपूत ने 96.4 फीसद अंक प्राप्त किए है। इसी तरह अंशिता 93.1, हिमांशी 91 फीसद, शक्ति 85 फीसद के अलावा और काजल ने भी अव्वल स्थान पाया है। प्रबंधक राहुल पांडेय ने बताया कि विद्यालय पिछले तीन वर्षों से लगातार 100 फीसद परिणाम दे रहा है। यह सफलता शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की मेहनत का परिणाम है।

100 बेड अस्पताल में बड़ी लापरवाही, एसडीएम के निरीक्षण में खुली पोल



हिलौली, उन्नाव। मौरावा स्थित 100 बेड अस्पताल से बड़ी लापरवाही की खबर सामने आई है। उपजिलाधिकारी प्रमेश कुमार श्रीवास्तव के औचक निरीक्षण में अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। मौरावा में बने 100 सैय्या अस्पताल का उपजिलाधिकारी प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पैथोलॉजी, ओपीडी, फार्मेसी और इमरजेंसी सेवाओं का जायजा लिया गया। इतना ही नहीं, सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ड्यूटी पर तैनात तीन डॉक्टरों में दो डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। स्थिति यह रही कि एक ही डॉक्टर को ओपीडी और इमरजेंसी दोनों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उपजिलाधिकारी प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया की निरीक्षण में जो भी खामियां मिली हैं, उनकी रिपोर्ट जिला अधिकारी को भेज दी गई है, आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल देखना होगा कि इस बड़ी लापरवाही पर प्रशासन क्या सख्त कदम उठाता है।

ऑटो चालक ने ईमानदारी की मिशाल पेश की, सवारी के छूटे बैग व दो मोबाइल पुलिस को सौंपे

शुक्लागंज, उन्नाव। ईमानदारी आज भी लोगों के अन्दर देखने को अक्सर मिल जाती है। जब कोई ऐसा मामला आता है जिससे इंसानियत और ईमानदारी दोनों साफ साफ दिखाई दे तो दिल बेहद खुश हो जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां एक ऑटो ड्राइवर की ईमानदारी देखने को मिली। आपको बता दे कि ऑटो ड्राइवर योगेंद्र घर की रोजी रोटी के लिए ऑटो चलाते है। उन्नाव से शुक्लागंज जाते समय ऑटो ड्राइवर योगेंद्र की ऑटो में एक फैमिली बैठी और शुक्लागंज में उतर कर वो अपने गंतव्य की ओर चली गई। लेकिन जल्दबाजी में सवारी अपना एक बैग ऑटो में भूल गई। जब ऑटो चालक की नजर उस बैग पर पड़ी तो वो भी सन्न हो गया। फिर चालक ने उस बैग के मालिक को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन वो नहीं मिले। जिसके बाद बुधवार को योगेन्द्र ऑटो चालक ने ईमानदारी दिखाते हुई कोतवाली गंगाघाट पहुंचा और ऑटो में बैग मिले होने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस नियमता कार्यवाही करते हुए बैग को अपने कब्जे में ले लिया। उस बैग में कुछ कपड़े, दो मोबाइल फोन (विवो, ओप्पो) और दो आधार कार्ड गंगाघाट कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आधार कार्ड में महिला का नाम आरती देवी व बच्ची का नाम सीतल राजपूत निवासी मंशा राम, उधवा खेड़ा, न्योतनी, हसनगंज जनपद उन्नाव लिखा हुआ है। बैग मिलने के बाद पुलिस ने आधार कार्ड पर लिखे एड्रेस और मोबाइल सूचना के माध्यम से बैग मालिक को ढूंढने के प्रयास में जुट गई।

फोटो थेरेपी रिडिएंट वार्मर कक्ष का लोकार्पण

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे सरकार द्वारा स्वस्थ माता सुरक्षित बच्चा के तहत फोटोथेरेपी रिडिएन्ट वार्मर कक्षा का लोकार्पण किया गया। नवजात शिशु के जन्म के समय उनकी सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों मे बनाई जा रही स्वस्थ माता सुरक्षित बच्चा योजना के तहत स्पेशल यूनिट का बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन मे फोटोथेरेपी रेडियन्ट वार्मर कक्षा का लोकार्पण डा सुशील कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि इस कक्षा के बन जाने से पैदा होने वाले नवजात शिशुओं को होने वाली बीमारी से बचाव के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता था। इस के निर्माण होने से देहात क्षेत्र की पी एच सी व सी एच सी मे पैदा होने वाले नवजात शिशुओं को बाहर नही ले जाना पड़ेगा। कक्ष के लोकार्पण होने से गांव देहात के लोगों ने सरकार की इस योजना और कार्यक्रम की सराहना की है। इस मौके पर अश्वनी पाण्डेय लैब टेक्नीशियन, देवेश कुमार फार्मेसिस्ट, प्रवीन चैधरी पीयूष सिंह, स्टाफ नर्स प्रियंका यादव, सुकन्या गुप्ता आदि मौजूद रहे।

गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर एसडीएम ने हकीकत जानी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के गेंहू क्रय केन्द्रों का उपजिलाधिकारी ने निरीक्षण कर खरीद केन्द्रों की हकीकत जानी। मंगलवार को उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने कस्बा भगवन्तनगर स्थित उत्तर प्रदेश खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित गेंहू क्रय केंद्र का भौतिक निरीक्षण किया। क्रय केंद्र पर गेंहू खरीदने के लिए पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध मिले। क्रय केंद्र पर अब तक 1299 कुन्तल गेंहू की खरीद की जा चुकी है। उपजिलाधिकारी ने बताया की गेहूं खरीद केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध है। किसान आनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा कर समय से क्रय केंद्र पर गेंहू ले जाकर तौल करवा सकते है। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए किसान सम्पर्क कर सकते है।

पुरवा सर्किल के थानों का औचक निरीक्षण किया

पुरवा (वीओएल)। सर्किल मंगलवार देर रात को उन्नाव पुलिस अधीक्षक के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना पुरवा थाना असोहा व थाना मौरावां का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर, थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस आदि को चेक किया गया तथा अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांचा गया तत्पश्चात सभी विवेचकगण के साथ मीटिंग की गयी एवं सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अखिलेश सिहं अपर पुलिस अधीक्षक एवं अरविंद चैरसिया क्षेत्राधिकारी पुरवा मौजूद रहे।

.महिला ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत स्थानीय कस्बे में एक महिला ने घर में कुंडे से दुप्पटे के सहारे फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली, पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फतेहपुर चौरासी थाना के नगर पंचायत फतेहपुर चैरासी के मोहल्ला सुभाष नगर पश्चिमी में गोलू सिंह के मकान में जनपद कानपुर के थाना शिवराजपुर के काकूपुर निवासी धीरज मिश्रा पुत्र स्वर्गीय प्रेम नारायण मिश्रा अपनी पत्नी बंदना मिश्रा और तीन बच्चों के साथ किराए पर रहता था। धीरज द्वारा पुलिस को सूचना देकर बताया कि आज सुबह वह घर के बाहर बैठे लोगों से बात कर रहा था, बाद में घर जाकर देखा तो पत्नी बंदना लगभग 36 वर्ष छत में लगे कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकर आत्म हत्या कर ली है।

सूचना

मैं रिटायर्ड सिपाही मो. फारूक सर्विस ना. 6455708 पुत्र मो. मुस्तफा ग्राम-सैफुल्लागंज, थाना गोसाईगंज, तहसील सदर सुल्तानपुर, जिला सुल्तानपुर, का निवासी हूं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम SATIBULNISHA व जन्मतिथि 13/07/1947 लिख गई हैं जो कि सही नाम SAKIBULNISHA जन्म तिथि 13/07/1947 है

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम प्रिन्स यादव व जन्मतिथि 01.01.2005 दर्ज हो गई है, जबकि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी हाईस्कूल अंकपत्र के अनुसार ही सही नाम प्रीतम यादव व सही जन्म तिथि 30.03.2008 दर्ज किया जाये। **प्रीतम यादव पुत्र श्री जनार्दन यादव नि.- ग्राम पिपरपाती पो.- कानापार, तह. व थाना बासगांव, जनपद गोरखपुर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत सतवारी विकास खण्ड बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सतवारी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.04.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय सतवारी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 21.04.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सतवारी के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सतवारी कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत सतवारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अली हुसैन	**श्रद्धा श्रीवास्तव**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत सतवारी	**ग्राम पंचायत सतवारी**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत रोहुआ विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत रोहुआ विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 23.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय रोहुआ के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 23.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत रोहुआ के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत रोहुआ कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत रोहुआ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

चांदमती	**दीनानाथ पांडेय**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत रोहुआ	**ग्राम पंचायत रोहुआ**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत गेंगटा विकास खण्ड खेसरहा जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत गेंगटा विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 24.04.2026 को 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय गेंगटा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 24.04.2026 को 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गेंगटा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत गेंगटा कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत गेंगटा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आसिया खातून	**श्री विकास चौधरी**
प्रधान	**सचिव**
ग्राम पंचायत गेंगटा	**ग्राम पंचायत गेंगटा**
सिद्धार्थनगर।	**सिद्धार्थनगर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत भावपुर विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत भावपुर विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय भावपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुण

संक्षेप

अतिरिक्त दहेज न देने पर बारात लाने से किया इनकार

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव फरेंदा में एक पिता ने अपनी पुत्री की शादी के कार्ड बांटने के बाद लड़के पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांगते हुए शादी से इनकार कर देने का आरोप लगाया है। जिससे उसकी खुशियां पल भर में बिखर गई पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव फरेंदा निवासी रामनरेश ने शिकायत पत्र देकर बताया उसने अपनी बेटी की शादी गांव गोला के पास ढाकनपुर निवासी ओमप्रकाश के पुत्र दिलीप के साथ अपनी बेटी का रिश्ता तय किया था देखने से लेकर गोद भराई तक की तमाम रस्में पूरी हो जाने के बाद 28 अप्रैल को बारात आनी थी अचानक लड़का और उसके परिवार के लोगों ने तय से अधिक दहेज की मांग कर दी जिस पर असमर्थता जताई तो आग बबूला होकर शादी से इनकार कर दिया खबर मिलते ही घर में बेटी से लेकर सभी लोग खासे परेशान होकर मान मुअव्वल करने के बाद भी राजी नहीं हुए जिसपर पीड़ित पिता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई का भरोसा देकर चलता कर दिया है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया मामला उनके संज्ञान में नहीं है दहेज को लेकर शादी न करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पेट्रोल पंपों पर डीजल की भारी किल्लत

मोहम्मदी खीरी। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम के बाद अमेरिका की धमकी का असर पेट्रोलियम पदार्थों पर सीधे दिखाई देता है जिसके चलते पर्याप्त आपूर्ति न होने से पेट्रोल पंप मालिकों को डिपो पर पर्याप्त सप्लाई न होने के चलते डीजल की लिमिट निर्धारित कर वितरण शुरू किया है। पंप संचालकों का कहना है डिपो पर तेल न होने के चलते अधिकारियों के साथ बैठक कर अव्यवस्था रोकने के चलते प्रति व्यक्ति को 1000 का डीजल देने की व्यवस्था लागू की गई है जबकि पेट्रोल के लिए लिमिट का प्रावधान नहीं रखा गया है। किसानों को इस समय सर्वाधिक खेती-बाड़ी के लिए डीजल की आवश्यकता होती है जिससे वह व्यवस्था से खासा परेशान हो रहा है। नाम न छापने पर बताया डिपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ मौजूद नहीं है जिसके चलते हालत खराब होने पर आधार कार्ड की व्यवस्था लागू हो सकती है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ ठीक-ठाक और पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध होने का ढोल पीट रहे हैं जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है।

इंजन में साड़ी फंसने से महिला की मौत

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मितौरा में खेत पर काम के दौरान दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी लालजी यादव बुधवार सुबह पिपरमेंट की फसल की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान उनकी 50 वर्षीय पत्नी माया देवी खाना लेकर खेत पहुंचीं। खाना देने के बाद जब वह इंजन से पानी लेने गईं, तभी उनकी साड़ी का पल्लू चल रहे इंजन में फंस गया। साड़ी फंसते ही माया देवी गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं। चीख-पुकार सुनकर पति व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इंजन बंद कर उन्हें बाहर निकाला। परिजन गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

चिल्ड्रेन एकेडमी के अविरल 96.6 प्रतिशत अंक पाकर बने टॉपर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएससी कक्षा-10 का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया और छात्र-छात्राओं को बधाई देने वालों का तांता लग गया।

विद्यालय में अविरल पटेल ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सूर्यांश सक्सेना ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि गौरव सिंह ने 93.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा अफजाल अंसारी ने 92.8 प्रतिशत, तेजस ने 92.2 प्रतिशत, मान्या गुप्ता ने 91.6 प्रतिशत, अविका अग्रवाल ने 90.8 प्रतिशत, हिमांशु वर्मा ने 90.4 प्रतिशत, अनुकरण तिवारी ने 90.2 प्रतिशत तथा आयुष प्रताप सिंह ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की।

विद्यालय के इन सभी छात्रों की सफलता पर अभिभावकों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने पूरे वर्ष अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई की, जिसका परिणाम उन्हें शानदार सफलता के रूप में मिला।

विद्यालय के एमडी सतीश गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है कि विद्यालय के छात्र लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा, ताकि छात्र अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें।

श्री राजेन्द्र गिरि एकेडमी ने सीबीएससी की 10 वीं परीक्षा में रचा कीर्तिमान

गोला गोकर्णनाथ। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी ने एक बार फिर शानदार परीक्षा परिणाम देकर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय ने लगातार आठ वर्षों से 100 प्रतिशत परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस वर्ष भी कक्षा-10 बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय में तौसीफ आलम ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आराध्य वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि जोहा परवीन ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में अंशुल वर्मा ने 93.4 प्रतिशत, आर्यन यादव ने 93.2 प्रतिशत, अभिमान वर्मा ने 91.6 प्रतिशत, अंशिक वर्मा ने 90.6 प्रतिशत, कोमल प्रीत ने 90.6 प्रतिशत तथा अनमोल सिंह ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, माल्यार्पण कर एवं सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक मोहित पुरी एवं प्रबंधक अमन गिरि ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हुआ है।विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प दोहराया। अभिभावकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी सफलता, संस्कार और श्रेष्ठ शिक्षा का प्रतीक बनकर उभर रहा

एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। नगर पालिका परिषद सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी ने सरकार द्वारा नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालों में शत्रोहन मिश्रा, रामचन्द्र राठौर, गीता विश्वकर्मा, सूर्य प्रकाश सिंह चौहान एवं राहुल भारती शामिल रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी नामित सभासदों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समन्वय के साथ जन-जन तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और जनहित के कार्यों में सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, सुर्जन लाल वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सक्सेना, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, विजय मिश्रा, नवीन भसीन, कैलाश गुप्ता, ऋषि गुप्ता, शिवम गुप्ता सहित सभासद नानक चन्द्र वर्मा, आनंद सोनी, राजेश कुमार वर्मा, हर्ष अवस्थी, आशीष अवस्थी, दानिश राइन, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मनोनीत सदस्यों को एसडीएम ने दिलायी शपथ

धौरहरा खीरी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर भाजपा प्रदेश कार्यालय से मनोनीत हुई तीन सदस्यीय टीम (नये सदस्यों) को बुधवार को एसडीएम धौरहरा ने नगर पंचायत के सभागार में पद/गोपनीयता की शपथ दिलाई इस दौरान निघासन व धौरहरा विधायको की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का सफल संचालन योगेन्द्र मिश्रा ने किया। प्राप्त विवरण के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा नगरीय क्षेत्रों में पार्टी कार्यकताओं की उपस्थिति को देखते हुए नगरीय क्षेत्र से मनोनीत हुए तीन सदस्य कृमशां नंद किशोर जायसवाल,नितिन गुप्ता व राधेश्याम नाग को बुधवार में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने पचांयत के सभागार में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस दौरान धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, निघासन विधायक शंशाक वर्मा, चेयरमैन नफीस खान मय समस्त निर्वाचित सभासद, जय प्रकाश विश्वकर्मा, रमाशंकर शुक्ला, भगवती प्रसाद शुक्ल, पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल, गोपाल शंकर अवस्थी, अशोक श्रीवास्तव, महिला मण्डल अध्यक्ष किन्नर गीता, रामकुमार शर्मा, प्रमोद तिवारी, पियुष श्रीवास्तव, धीरज निगम, जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम, सुनील निगम, के के पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।सभा में नगरीय क्षेत्र में मौजूद प्राथमिक विद्यालयों से लेकर इटंर कालेजो तक दयनीय स्थिति पर चर्चा व्यक्त की गई।

डॉ. अंजलि सिंह ने संभाला एसडीएम का पदभार

सीतापुर। नवागत उपजिलाधिकारी डॉ. अंजलि सिंह ने बुधवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम पद का कार्यभार ग्रहण किया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत उनकी तैनाती महमूदाबाद में की गई है। पदभार संभालते ही उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और उनका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान लेखपालों और अधिवक्ताओं ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया। एसडीएम डॉ. अंजलि सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना और पारदर्शी कार्यशैली अपनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनायी गयी

पिपरिया धनी (खीरी)। ग्राम पंचायत साहबगंज के मजरा शिवपुरी गांव में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।ग्राम पंचायत साहबगंज के सुदेश कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के शोषित और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का विकास संभव है।कार्यक्रम आयोजक योगेंद्र राज ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाकर सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाए। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए लोगों से उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया।इस मौके पर समाजसेवी अमरजीत सिंह, शिवसेवक राम, हेमनाथ भार्गव, धर्मेंद्र राज, वीरपाल राज, विनोद कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

पंचायत सिंगाही में नामित सभासदों का शपथग्रहण

सिंगाही खीरी। बुधवार को नगर पंचायत सिंगाही - भेड़ौरा में शासन से नामित सभासदों का शपथग्रहण समारोह संपन्न हुआ। एसडीएम निघासन ने नामित तीनो सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सरकार की ओर कस्बे की नगर पंचायत के लिए सालिगराम मिश्रा , प्रदीप श्रीवास्तव और उमाकांत कटियार को सभासद पद के लिए नामित किया गया है। शासन की ओर निर्धारित तिथि के अनुसार नगर पंचायत के मैरिज हाल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा बतौर मुख्य अतिथ शामिल हुए। इस दौरान एसडीएम राजीव निगम ने तीनो नामित सभासदों को पद और गोपनीयता की दिलाई गई। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान विधायक की ओर तीनों नामित सभासदों को नए कार्यकाल की बधाई दी। इस मौके पर चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, बीजेपी नेता , सुनील बत्रा , राम प्रकाश सोनी , पं सोनेलाल मिश्र, मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष श्याम प्रताप शाह, मंडल महामंत्री , अमन साहनी, सभासद रामनरेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, सभासद प्रतिनिध नरेंद्र गुप्ता, आफाक हुसैन, सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जवाबी कव्वाली सुन झूमे श्रोता, देर रात तक लिया आनंद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। ऐतिहासिक चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर बुधवार की रात आयोजित जबाबी कव्वाली ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। मशहूर कलाकार टीना परवीन और तस्लीम आरिफ की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और दर्शक कव्वाली के सुरों पर झूमते नजर आए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनोद मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष राम कुमार गौतम तथा विशिष्ट अतिथि डा. फारुख, मंजूर अली, डा. मनोज वर्मा, हनीफ खान, संदीप अवस्थी, लाल बिहारी वर्मा, मनोज मिश्रा, पंकज बाजपेई, रामेन्द्र शुक्ला, डा. अकील, श्याम मूर्ति शुक्ला, परविजय यादव, पंकज पुरवार, विमलेश मिश्रा, सुनील दीक्षित, राहुल शुक्ला, डा. आरिफ अंसारी, डा. सना सिद्दीकी, राजीव त्रिवेदी, देवदत्त चड्ढा तथा नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि विनोद मिश्रा ने कहा कि चैती मेला गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है, जिसे नगर पालिका द्वारा आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कार्यक्रम अध्यक्ष राम कुमार गौतम ने कहा कि यह मेला बहुरंगी संस्कृति का प्रतीक है, जहां दूर-दराज से आने वाले लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है।

कार्यक्रम से पहले पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने विशेष सहयोग करने वाले करीब 40 कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

कव्वाली की शुरूआत तस्लीम आरिफ ने ईश्वर वंदना ₹तू ही ईश्वर, तू ही अल्ला हम सबका₹ से की। इसके बाद ₹भर दो झोली मेरी या मोहम्मद₹ और ₹मैंने किसी के साथ भी धोखा नहीं किया₹ जैसी गजल प्रस्तुत कर माहौल भावुक कर दिया। मुकाबले की कव्वाली ₹ये माना कि जानम बहुत खूब हो तुम₹ और ₹एटम बम है तेरी जवानी₹ पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं।

वहीं टीना परवीन ने ₹सबकी जुबां पर तेरा ही नाम₹ और ₹कमली वाले के जैसा नहीं₹ जैसे कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी गजल ₹जहर मुझको पिला देना₹ तथा मुकाबले की कव्वाली एटम बम है तेरी जवानी ने कार्यक्रम में रोमांच भर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में दर्शक झूमते नजर आए।

समापन समारोह आज

चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर 16 अप्रैल को सायं 7 बजे से पुरस्कार वितरण, समापन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

एसडीएम ने नगर पालिका में नामित सभासदों को दिलायी शपथ

पलियाकलां खीरी। शासन की ओर से नगर पालिका परिषद पलिया कलां में नामित सभासदगणों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता की अध्यक्षता में 15.04.2026 को पालिका प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी डा0 अवनीश कुमार द्वारा नामित सभासद उदयवीर सिंह, घनश्याम श्रीवास्तव, दौलतराम गौतम, कुसुम राय व अर्चना अवस्थी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ दिलाये जाने के उपरान्त पालिका के अधिशासी अधिकारी विजय बहादुर यादव द्वारा नामित सभासदों का माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया। उपजिलाधिकारी महोदय पलिया ने अपने वक्तव्य में समस्त नामित सभासदों को उनके श्रेष्ठ कार्यकाल के लिये शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में मौजूद पालिका सभासदों द्वारा भी सभी नामित सभासदों को शुभकामनायें दी गई।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम आनन्द, पूर्व सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष आर डी राय, अध्यक्ष प्रतिनिधि वरुण गुप्ता, नगर महामंत्री विजय गुप्ता, वरुण मिश्रा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पालिका के निर्वाचित सम्मानित सभासदगण, श्रीमती ज्योति मिश्रा लिपिक व श्री विजेन्द्र कुमार लिपिक सहित समस्त पालिका स्टॉफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समारोह का संचालन अंकुर सिंह ने किया। पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता ने उपस्थित आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

एंटी करप्शन टीम ने पेशकार को रंगे हाथों दबोचा, मचा हड़कंप

सीतापुर। जनपद के सिधौली तहसील परिसर में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एंटी करप्शन टीम ने एसडीएम कार्यालय में तैनात पेशकार अनुपम श्रीवास्तव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, अटरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी चंद्र प्रकाश मिश्रा का एक वाद तहसील में लंबित था। आरोप है कि दाखिल-खारिज से जुड़े इस मामले में आपत्ति निरस्त करने के एवज में पेशकार द्वारा 1 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की गई, जिसके बाद टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। बुधवार को टीम पहले से ही तहसील परिसर में मौजूद थी। जैसे ही पेशकार ने शिकायतकर्ता से 1 लाख 7 हजार रुपये की रिश्वत ली, टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए और आरोपी को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। सूत्रों के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद तहसील प्रशासन में भी हलचल तेज हो गई है और अन्य कर्मचारियों में भी कार्रवाई को लेकर चचाओं का दौर जारी है।इस कार्रवाई के बाद तहसील परिसर से लेकर चाय-पान की दुकानों तक सिर्फ इसी घटना की चर्चा रही। सोशल मीडिया पर भी मामला तेजी से वायरल हो गया और लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देते नजर आए। भ्रष्टाचार के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई को लेकर जिलेभर में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकली स्कूटी रैली

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में एक भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली स्थानीय सरोजिनी वाटिका पार्क से प्रारंभ होकर आंख अस्पताल, लालबाग, घंटाघर, गुरुद्वारा होते हुए पुनः सरोजिनी वाटिका पर आकर सम्पन्न हुई।

रैली में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत एवं गृहणियों सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं के चेहरे पर अधिनियम के माध्यम से राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित होने की खुशी साफ नजर आई। इस दौरान महिलाओं ने केंद्र की नरेंद्र मोदी और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का आभार जताया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें कानून निर्माण में सशक्त भागीदारी दी गई है। कार्यक्रम संयोजक पटेल रेखा वर्मा ने सभी मातृशक्ति का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर जया सिंह, कंचन प्रभा पांडे, नेहा अवस्थी, लक्ष्मी पांडे, ममता डोडेजा, सीमा कुमारी, कुसुम सिंह, जूही जायसवाल, विश्राम सागर राठौर, महेश शर्मा, नैमिष रत्न तिवारी, सचिन मिश्रा, आकाश अग्रवाल, ऋषभ चंद्र त्रिवेदी, जयप्रकाश सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मिलेगा सम्मान और अधिकार

सीतापुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लेकर जिले की महिलाओं में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने इसे नारी सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा और ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका मानना है कि यह कानून महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं देगा, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। कवियित्री व समाजसेविका सीमा जैन ने कहा कि यह अधिनियम लैंगिक समानता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और इससे सत्ता के केंद्र अधिक समावेशी बनेंगे। अध्यापिका प्रिया बाजपेई ने इसे महिलाओं के लंबे समय से देखे जा रहे सपनों का साकार रूप बताया और कहा कि अब महिलाएं नीति निर्धारण में प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। अधिवक्ता मोनिका दीक्षित ने कहा कि यह कानून मातृशक्ति को राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ने का अवसर देगा। वहीं प्रोफेसर अलंकृता शुक्ला ने इसे आम महिलाओं के लिए राजनीति के द्वार खोलने वाला कदम बताया। महिलाओं ने इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया।

बिजली समस्या पर भड़के किसान प्रशासन से वार्ता के बाद माने

सीतापुर। विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट के कार्यकताओं ने महमूदाबाद पावर हाउस पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि सरैया देवरिया पावर हाउस के जेई संतोष कुमार ने 11 अप्रैल को किसानों के बिजली कनेक्शन जबरन काट दिए थे। इस पर भाकियू ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन दो दिन तक कोई सुनवाई न होने पर किसान अधिशाषी अभियंता कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे नाराज किसान लखनऊ की ओर पैदल कूच करने निकल पड़े। सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता एस.के. वर्मा, एसडीओ अखिलेश कुमार व कोतवाल अनिल सिंह ने रेलवे स्टेशन के पास किसानों को रोककर वार्ता की। किसानों ने कनेक्शन जोड़ने, जेई पर कार्रवाई और स्मार्ट मीटर रोकने की मांग रखी। आश्वासन मिलने के बाद किसान लौट गए। तहसील अध्यक्ष सम्मत कुमार वर्मा ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर बड़ा आंदोलन होगा।

शारदा सहायक नहर में मिला अज्ञात शव

बिसवां/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात शव उतराता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम पुरैनी के पास नहर किनारे मौजूद लोगों ने करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पानी में तैरता हुआ देखा। शव दिखाई देते ही इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। काफी प्रयासों के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास कोई पहचान पत्र या दस्तावेज भी नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। प्रभारी निरीक्षक राघव राम ने बताया कि आसपास के थानों को सूचना भेजी गई है और गुमशुदगी के आधार पर पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी का परिजन लापता हो तो कोतवाली बिसवां से संपर्क करें।

संक्षेप

ससुराल में युवक का लटका मिला शव

जौनपुर । सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव उसके ससुराल में आम के पेड़ से लटकता मिला। बताया गया कि युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय ष्याम जीत गौतम गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर (केशवपुर) निवासी के रूप में हुई है। वह कुछ दिन पहले ही अपनी ससुराल रितेष के घर रह रहा था।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। फिलहाल घर के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना से उसके मूल गांव और ससुराल दोनों जगह मातम छाया हुआ है। ग्रामीण इस बात को लेकर हैरान हैं कि आखिर कुछ दिनों पहले ससुराल आए युवक ने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अंजनी श्रीवास्तव बने कायस्थ पार्टी के राष्ट्रीय सचिव

जौनपुर। कायस्थ चेतना संगोष्ठी के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा ने पूरे कार्यक्रम का केंद्र बिंदु बना दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अजय शंकर श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र कुमार सिन्हा की उपस्थिति में स्थानीय राज कॉलेज में प्रवक्ता अंजनी श्रीवास्तव को कायस्थ पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त करने की घोषणा की। जैसे ही इस नियुक्ति की घोषणा हुई, कार्यक्रम स्थल पर उत्साह का माहौल बन गया। समर्थकों ने अंजनी श्रीवास्तव को फूल-मालाओं से लाद दिया और ह्लअंजनी श्रीवास्तव जिंदाबादह्व के नारों से सभागार गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने इस निर्णय का जोरदार स्वागत किया और इसे समाज के लिए सकारात्मक कदम बताया।इस अवसर पर बधाई देने वालों में राकेश श्रीवास्तव, संजय अस्थाना, श्याम रतन श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, आनंद मोहन श्रीवास्तव, आनंद शंकर श्रीवास्तव, प्रदीप अस्थाना सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।सभी ने एक स्वर में कहा कि यह नियुक्ति अंजनी श्रीवास्तव की ईमानदारी, मेहनत और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कायस्थ पार्टी उत्तर प्रदेश में और अधिक मजबूत होगी तथा समाज को नई दिशा मिलेगी।

मारपीट में पति-पत्नी सहित पांच गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के नाथुपुर चौराहे के पास मारपीट की घटना में पति पत्नी सहित पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सभी का चालान भेज दिया गया बक्सा क्षेत्र के हकारीपुर गांव निवासी पवन चौहान अपनी पत्नी अनुपमा चौहान के साथ नाथुपुर चौराहे के पास किराये के कमरे में रहता है। मंगलवार की सुबह अनुपमा तथा पवन के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ।पवन ने पत्नी को पीट कर घायल कर दिया।इस मारपीट की घटना को उसकी पड़ोस में बतौर किराएदार रहने वाली पूजा पत्नी मनेंद्र निवासी गांव गौधा थाना रायपुर जनपद अलीगढ़ ने अनुपमा के मायके वालों को मोबाइल से सूचना दे दिया।जिसके बाद अनुपमा चौहान के अभिजीत चौहान पुत्र उदय चौहान निवासी इशानपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर अपने मित्र हिमांशु यादव पुत्र दिनेश यादव के साथ नाथुपुर आ गए। उन लोगो के आने के बाद पवन के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।उसी समय वहां मौजूद प्रद्युम्न चैहान को पता चला कि घटना की जानकारी पूजा ने ही मायके के लोगो को दिया है। तब वह पूजा तथा उसके पति मनेंद्र के साथ भी गाली गलौज करने लगा।जिसके बाद अनुपमा के मायके के लोग पूजा के पक्ष में आ गए।जिसपर वहां मारपीट शुरू हो गयी।घटना की सूचना थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को हुई।वह चैकी प्रभारी राधेश्याम सिंह,दुर्गेश पाण्डेय के साथ मौके पर पहुंच कर पूजा सहित पांचों लोगो को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अनुपमा तथा पवन चौहान आये दिन मारपीट करते रहते थे।

किसान दिवस में अडानी के थर्मल पॉवर प्लांट का विरोध

मीरजापुर। विकास भवन सभागार किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में किया गया। सर्व प्रथम उप कृषि निदेशक द्वारा गत किसान दिवस बैठक की आख्या से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया। तदुपरान्त विकास खण्ड सदर के किसान श्यामलाल मौर्य द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सामनें गड्ढा व गंदा नाला बहता है, पंचतला होटल से शेरनाथ मंदिर तक सड़क क्षतिग्रस्त है, और गड्ढा बना रहता है।

दौलत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी द्वारा अवगत कराया गया है कि चुनार तहसील के अन्तर्गत आनें वाले गांवों यथा, नियामतपुर कला, दर्रा, बघेड़ा, बघेड़ी, शेरपुर, बहादुरपुर, हथेडा मौजों में स्थित नालों पर अतिक्रमण हो जानें के कारण खरीफ में धान की फसल क्षतिग्रस्त हो गयी है, यदि वर्षा के पूर्व इन गावों के नाले की खुदायी नहीं करायी गयी तो, आगामी वर्षा सीजन में फसल क्षतिग्रस्त हो सकती है। ओमप्रकाश सिंह, तहसील उपाध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन, (टिकैत) लालगंज द्वारा गेहूँ की खरीदारी सुचारू रूप से चालू करानें हेतु सभी क्रय केन्द्र को निर्देशित करनें हेतु अनुरोध किया गया है। श्रीमती उपासना सिंह, ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह, विकास खण्ड हलिया द्वारा ग्राम पंचायत में निमार्णाधीन गौशाला का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करानें हेतु अनुरोध किया गया, जिससे मवेशियों को आश्रय प्राप्त हो सके, तथा छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाया जा सके। संतोष दूबे, विकास खण्ड लालगंज द्वारा बाणसागर खण्ड-5 द्वारा निर्मित नहर अदवा बैराज से मेजा डैम को जोड़नें वाली बड़ी नहर जिसकी लम्बाई लगभग 10 किमी है। जनहित में ध्यान में रखते हुए नहर की पटरी को पक्की सड़क बनवाया जाए। धर्मदेव उपाध्याय, अध्याक्ष, भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) मीरजापुर द्वारा विकास खण्ड पहाड़ी स्थित ददरी खुर्द पावर प्लांट अडानी ग्रुप द्वारा पुलिस प्रशासन के मदद से स्थानीय किसानों को धौस दिखाकर वहां के ग्रामीण कृषकों के पट्टे की जमीन को वेलप्सन कम्पनी द्वारा उनकी जमीन को अधिग्रहण कर उनके जीवकोपार्जन के आधार को समाप्त कर दिया। तथा वन विभाग के हरे-भरे जंगल काटकर वातावरण को प्रदूषित कर रहा है।

दो दिवसीय दौरे पर चोपन पहुंचे डीआरएम अमृत भारत स्टेशन के कार्यों का किया निरीक्षण

चोपन/सोनभद्र। पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर चोपन पहुंचे। वह अपने विशेष सैलून से सुबह चोपन रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनके साथ मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान डीआरएम ने ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्न के अंतर्गत चोपन रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीआरएम ने रेलवे इंटर कॉलेज, मनोरंजन क्लब और रेलवे कॉलोनियों का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाद में कंट्रोल ऑफिस में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर संचालन, सुविधाओं और विकास कार्यों सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली एवं अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने डीआरएम से शिष्टाचार मुलाकात कर उनको बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे वार्डों में प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कराने संबंधी मांग पत्र भी सौंपा। डीआरएम ने नगर पंचायत अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि रेलवे कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए रेलवे वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों में हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित डीटीएम चोपन को निर्देशित किया कि नियमानुसार एनओसी जारी करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, ताकि नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए और कार्यों को गति मिल सके। इस दौरान अपर रेल प्रबंधक मुकेश कुमार, रंजीत कुमार, एईएन संजय कुमार, आईओडब्लू आर बी पाल, टी आई राकेश कुमार चौरसिया, सीआईटी उमेश सिंह, संतोष दूबे, सभासद नागेंद्र यादव, अरून कुमार आदि मौजूद रहे।

फायर सर्विस वीक 2026 का शुभारंभ

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल में फायर सर्विस वीक का आयोजन पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ किया गया। बॉम्बे डॉकयार्ड अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सुरक्षा के प्रति संगठन की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक सारगर्भित संबोधन से हुई, जिसमें इस दिवस के महत्व और अग्निशमन कर्मियों द्वारा जीवन एवं महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की रक्षा हेतु दिखाए गए अदम्य साहस पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा के साथ वरिष्ठ कमांडेंट, सीआईएसएफ विंध्यनगर मनीष कुमार राय, उप कमांडेंट फायर (सीआईएसएफ) सदाराम यादव, वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। फायर अवेयरनेस कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ ही श्री साहा ने विभिन्न सुरक्षा पहलों को हरी झंडी दिखाते हुए पूरे स्टेशन में सुरक्षा जागरूकता एवं आपातकालीन तैयारी को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को फायर सेफ्टी शपथ भी दिलाई, जिसमें संभावित जोखिमों की पहचान और रोकथाम के प्रति संकल्प दोहराया गया।

अपने संबोधन में श्री साहा ने पिछले वित्तीय वर्ष में एनटीपीसी विंध्याचल को प्राप्त प्रतिष्ठित अग्नि सुरक्षा पुरस्कार पर गर्व व्यक्त करते हुए सतत सतर्कता, सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन तथा सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत करने पर जोर दिया। ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) तथा रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित विभिन्न विभागोंकृइलेक्ट्रिकल, बीएमडी, टीएमडी, ओएंडएम सिविल, सेंट्रल स्टोर्स, ग्रीन केमिकल्स एवं एमटीपी के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ फायर विंग द्वारा एक प्रभावशाली लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आधुनिक अग्निशमन तकनीकों, त्वरित प्रतिक्रिया रणनीतियों और आपातकालीन प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। अग्नि सुरक्षा पर आधारित एक विशेष पुस्तिका भी प्रस्तुत की गई, जिसमें आग से बचाव के उपाय, अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग तथा महत्वपूर्ण आपातकालीन संपर्क जानकारी शामिल है, जिससे सभी स्तरों पर जागरूकता को बढ़ावा मिला।

5 पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

आजमगढ़। जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने वाले 5 पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।

बताया गया कि साइबर हेल्पडेस्क पर प्राप्त वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों पर इन पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की धनराशि को होल्ड/रिफंड कराया, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली। इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए दिनांक 15 अप्रैल 2026 को पुलिस कार्यालय आजमगढ़ में एसएसपी द्वारा सभी 5 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) विवेक त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी सगड़ी अनिल कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में उनि विश्वजीत पाण्डेय, उनि प्रिन्स मिश्रा, उनि विश्राम गुप्ता, आरक्षी रोहित उपाध्याय और आरक्षी नीरज कुमार शामिल हैं। पुलिसकर्मियों के इस सराहनीय कार्य से न केवल पीड़ितों को त्वरित राहत मिली, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है।

निरीक्षण में दो अनुदेशक अनुपस्थित, मानदेय कटा

जौनपुर। बीईओ सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय नेहरूनगर में तैनात दो अनुदेशको को अनुपस्थित मिलने और उनका एक दिन का मानदेय काट दिया गया। वे बुधवार को उक्त विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण में विद्यालय पर तैनात दो अनुदेशक विजय प्रकाश पाल तथा मोहम्मद साकिब अनुपस्थित मिले।बीईओ श्री सिंह ने दोनों का बुधवार के मानदेय काट देने का निर्देश दिया।उन्होंने बताया कि उक्त दोनों अनुदेशकों का बुधवार के मानदेय काट दिया गया है।इसके अलावा उन्हें चेतावनी भी दी गयी है।

आग से गेहूं की फसल जलकर राख

जौनपुर। केराकत तहसील के जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खेवरसीपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में एक किसान का एक बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। यह घटना बुधवार दोपहर बाद हुई। प्रभावित किसान का नाम ओमप्रकाश यादव है, जो ओंकार यादव के पुत्र हैं। ग्रामीणों ने खेत में आग लगते देखी और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती, तब तक गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग को पूरी तरह बुझाने का प्रयास किया। इस आगजनी में किसान की साल भर की मेहनत और कमाई बर्बाद हो गई, जिससे परिवार सदमे में है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर आशुतोष सिंह, सूबेदार यादव, राहुल सिंह, शैलेश आनंद और बिपुल सिंह सहित कई कर्मचारी पहुंचे।

न्यायिक अधिकारियों का माल्यार्पण कर दिया स्मृति चिह्न

सोनभद्र। दीवानी न्यायालय परिसर रॉबर्ट्सगंज में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र, सरकारी वकीलों व कर्मचारियों द्वारा बुधवार को न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी न्यायिक अधिकारियों को माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर भव्य विदाई दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से एडीजे प्रथम जितेंद्र कुमार द्विवेदी, एडीजे अर्चना रानी, एडीजे शैलेंद्र यादव, एडीजे आबिद शमीम, एडीजे अमित वीर सिंह, सीजेएम आलोक यादव, सिविल जज सीनियर डिवीजन अमित कुमार, अभिनव दुबे, यादवेंद्र सिंह आदि को भावभीनी विदाई दी गई।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,

पूर्व अध्यक्षगण जगजीवन सिंह एडवोकेट व श्याम बिहारी यादव एडवोकेट, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदु यादव एड, महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एड समेत अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया और फूलों का हार पहनाया।

इस अवसर पर राजेश कुमार यादव एड, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा एड, कामता प्रसाद यादव एड, रियाज खान एड, प्रदीप कुमार मौर्य एड, राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष द्वारिका नाथ नागर एड, रामगुल्ली यादव, हरिद्वार एड, विनीता एड मौजूद रही। उधर सरकारी वकीलों व कर्मचारियों ने भी विदाई दी। जिसमें सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सी शशांक शेखर कात्यायन, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह के अलावा कर्मचारीगण अम्बरीष पाठक, योगेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

युवती को बहला-फुसलाकर भगाने व धर्म परिवर्तन कराने का आरोप गिरफ्तार

मीरजापुर। तमाम बंदिशों और कानून की सख़्ती के बाद भी जिले में प्रेम प्रपंच में फांस कर युवतियों किशोरियों के शारीरिक शोषण, धर्मपरिवर्तन का गंदा खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। मीरजापुर जिले की कोतवाली देहात पुलिस द्वारा युवती को बहला फुसलाकर भगाने एवं धर्म परिवर्तन के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि इस मामले में 14 अप्रैल 2026 को एक महिला द्वारा नामजद व्यक्ति के विरूद्ध अपनी पुत्री को बहला फुसला कर भगाने व धर्म परिवर्तन के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर बीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधि. पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक द्वारा घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित लोगों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी तथा अपहृता की बरामदगी करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अपहृता को बरामद कर बुधवार को नामजद आरोपी टमाटर उर्फ मोनू पुत्र शमसू निवासी मलीन बस्ती रमईपट्टी थाना कोतवाली शहर को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

टीपीएल की जिला विजेता टीम को किया सम्मानित

जौनपुर। बक्सा विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत बीआरसी बक्सा पर खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा टीचर प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आठवें संस्करण की जिला विजेता टीम ब्लॉक बक्सा के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिसमें कोच रामनयन यादव के साथ टीम के कप्तान रवितोष यादव व सभी खिलाड़ी सम्मिलित थे। सम्मान समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव के साथ चयन समिति के सदस्य डॉ मनीष सिंह सोमवंशी, विजय श्रीवास्तव के साथ ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राय साहब सिंह, सभापति यादव जिला संयुक्त मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ शैलेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष बक्शा सरोज कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ सुनील कुमार प्रजापति, ब्लॉक मंत्री जूनियर शिक्षक संघ बक्शा संजय कुमार ने टीम के कप्तान रवितोष यादव व मैन आफ द मैच विपिन यादव के साथ सभी खिलाडियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा की बक्शा ब्लॉक के खिलाड़ियों में खेल के प्रति बहुत ऊर्जा है, ये ट्राफी लगातार मेहनत का परिणाम है। ब्लॉक अध्यक्ष बक्सा सरोज कुमार सिंह ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि जीत का यह क्रम लगातार चलता रहना चाहिए, इसमें संगठन का जो भी सहयोग होगा उसके लिए हम लोग हमेशा तत्पर रहेंगे।सम्मान समारोह में डॉक्टर विजय प्रकाश यादव, ब्राह्मशील यादव, दीप नारायण उपाध्याय, वेद प्रकाश सिंह, बृजेश यादव, धीरेंद्र यादव, वीरसेन यादव, वीरेंद्र बहादुर यादव, प्रवीण सिंह, शशांक सिंह, व बीआरसी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

मीरजापुर। पड़री थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 1 बजे ग्राम बरजी मुकुंदपुर के पास हुआ। मृतक की पहचान बरजी मुकुंदपुर निवासी 45 वर्षीय शब्बीर पुत्र मूवीन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शब्बीर अपनी साइकिल से सड़क पार कर रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शब्बीर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

हिन्दी साहित्य को हरिऔध ने दी नयी ऊचाइयां: एसडीएम गंगवार

आजमगढ़। नगरपालिका स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हरिऔध साहित्य सेवा संस्थान और नेहा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में महाकवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध के 161वें जन्मदिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एस.डी.एम.सदर नरेन्द्र कुमार गंगवार और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष इंदिरा देवी जायसवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में एस. डी. एम. सदर नरेन्द्र कुमार गंगवार ने कहा कि हरिऔध जी ने खड़ी बोली में प्रथम महाकाव्य प्रिय प्रवास की रचना कर आजमगढ़ को गौरवान्वित किया। इसके अलावा विभिन्न साहित्य ग्रंथों की उनकी रचनाएं अद्वितीय हैं। अध्यक्षता करते हुए हरिऔध साहित्य संस्थान के अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि हरिऔध जी महा मानवतावादी एवं विश्व मैत्री के कवि थे। उन्होंने हिंदी में अनेक महत्वपूर्ण महाकाव्य , नाटक, उपान्यास आदि रचनाओं से विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। कवि सम्राट और साहित्य वाचस्पति की उपाधि से अलंकृत हरिऔध के नाम के बगैर हिन्दी साहित्य अपूर्ण है। वरिष्ठ साहित्यकार बिंध्यवासिनी प्रसाद श्रीवास्तव अकेला ने कहा कि हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में हरिऔध जी की ख्याति वंदनीय है। संचालन करते हुए संस्थान के महामंत्री संजय कुमार पाण्डेय सरस ने अपने शेरो शायरी से लोगों का मन जीत लिया। प्रसिद्ध शायर ताज आजमी, और श्रेया दुबे ने काव्यपाठ कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम के संयोजक रवि कुमार जायसवाल ने स्वागत एवं मनोज कुमार पांडेय सी. ए. ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनीता सिंह, संजय सिंह, रमाकांत यादव, अरविंद अरविंद चित्रांश, राजेश रंजन, नीरज सिंह, सुशील श्रीवास्तव, अमरनाथ गौतम आदि उपस्थित थे।

परिजनों को सुपुर्द की गयीं युवतियां, तीन से पूछताछ जारी

आजमगढ़। जनपद में पुलिस ने धोखाधड़ी और पहचान छिपाकर युवतियों को ले जाने के एक गंभीर मामले का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है और दो युवतियों को सकुशल बरामद किया है। कैफियात एक्सप्रेस से दिल्ली जा रही दो युवतियों और तीन युवकों को मंगलवार को आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल पदाधिकारियों ने रोक लिया। मानव तस्करी की आशंका जताते हुए मामले की सूचना तत्काल जीआरपी और सिधारी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस तीनों युवक और दोनों लड़कियों को थाने पर लगाकर पूछताछ की। इस के बाद लड़कियों के परिजन को बुलाकर छोड़ दिया गया जबकि तीनों लड़के अभी पुलिस हिरासत में हैं। तीनों लड़के और दोनों लड़कियां अलग-अलग समुदाय की हैं। बजरंग दल के जिला सह संयोजक शिवम सिंह ने बताया कि उन्हें प्रांत स्तर से सूचना मिली थी कि लव जिहाद का शिकार दो हिंदू लड़कियों को कथित रूप से बेचने के लिए तीन मुस्लिम युवक दिल्ली ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर संगठन के कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर निगरानी कर रहे थे। आरोप है कि जैसे ही युवक युवतियों को लेकर कैफियात एक्सप्रेस में अपनी सीट पर पहुंचे, उन्हें पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को अपने साथ लेकर सिधारी थाने चली गई, जहां पूछताछ की गई। पुलिस विभाग का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है, जांच के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

सत्येंद्र उपाध्याय कोच नामित, मिली बधाइयां

आजमगढ़। दिल्ली में 16 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता (अंडर-17) हेतु आजमगढ़ के सत्येंद्र उपाध्याय को उत्तर प्रदेश स्कूली बैडमिंटन टीम का कोच नामित किया गया है। ज्ञातव्य है कि सत्येंद्र उपाध्याय बेसिक शिक्षा परिषद आजमगढ़ के तहबरपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दासुपट्टी में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत होने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के भी स्टेट अंपायर एवं प्रदेशीय स्कूली बैडमिंटन टीम में भी विभिन्न दायित्व में अपनी सेवाएं देते रहते हैं स श्री दुर्ग विजय सिंह को प्रादेशिक टीम का मैनेजर बनाया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए उत्तर प्रदेश की टीम अयोध्या के बाबा भीम राव आंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान उत्तर प्रदेश, अयोध्या से दिल्ली के लिए 14 अप्रैल 2026 को रवाना हुई। टीम में सम्मिलित टीम कोच बालक वर्ग के रूप में सतेन्द्र उपाध्याय(आजमगढ़) , कोच बालिका वर्ग ऋतु पाठक (बाराबंकी), के साथ बालक वर्ग के खिलाड़ी देवानंद यादव वाराणसी, अनुकल्प यादव आगरा, प्रखर तिवारी और अभिनव शर्मा प्रयागराज एवं ओम अरोड़ा शाहगंज। बालिका वर्ग में प्रगति गुप्ता सहारनपुर, अंजली शर्मा वाराणसी, कीर्ति सिंह और उज्जवला पाल अयोध्या, एवं याना गुप्ता प्रयागराज शामिल है। सत्येंद्र उपाध्याय के उपलब्धि पर सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक आजमगढ़ मंडल मनोज कुमार मिश्रा, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अयोध्या कौस्तुभ सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ संतोष उपाध्याय खंड शिक्षा अधिकारी तहबरपुर व्यास देव सत्येंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत अजेंद्र राय के साथ जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ डीपी राय सचिव डॉ पीयूष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रमाकांत वर्मा, पुनीत राय, रजनीश राय, राम अवतार यादव आदि ने बधाई दी है।

अहरौरा-अष्टभुजा टोल प्लाजा का विवादों से रहा है गहरा नाता

मीरजापुर जिले के अहरौरा और विंध्याचल के अष्टभुजा टोल प्लाजा का विवादों से गहरा नाता रहा है। गौरतलब हो कि पूर्व में दोनों ही टोल प्लाजा पर यात्रियों से लगाए वाहन चालकों को मारने पीटने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगता आया है। अहरौरा में एक सेना के जवान से भी दुर्व्यवहार की घटना सामने आई थी जिसका वीडियो वायरल होने के बाद हड़कम मच गया था, लेकिन ऊंचे रसूख के चलते टोल प्लाजा पर कार्रवाई तो दूर किसी ने इनकी ओर झांका भी नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने कलेक्ट्रेट में अनिश्चितकालीन अनशन के नौवें दिन बुद्धि-शुद्धि यज्ञ कर शासन प्रशासन सहित जिले के सांसद-विधायकों को सद्बुद्धि देने की कामना की कहां जिले में लूट की खुली छूट मिली हुई है, लेकिन इस पर कोई बोलने टोकने वाला नहीं है ऐसा प्रतीत होता है कि सभी का इसमें हिस्सा सेट है।

गंगा स्नान करते समय चार सहेलियां गंगा की धारा में समायी , दो को बचाया गया, एक की मिली लाश

मीरजापुर। गंगा नदी में स्नान करने के दौरान सभी गंगा की धारा में समा गई जिनमें से मौके पर मौजूद लोगों और नाविकों की मदद से दो को बचा लिया गया है जबकि दो की तलाश की जा रही है। बताया गया है कि चील्ह थाना क्षेत्र के चेकसारी घाट पर गंगा स्नान कर रही चार किशोरी डूब गई। स्थानीय नाविकों ने डूब रही दो बच्चियों को किसी तरह से बचा लिया। जबकि दो किशोरी गहरे पानी में चले जाने से डूब गई। जिन्हें पुलिस स्थानीय गोताखोरों से तलाश कराने में जुट गई है। चेकसारी गांव निवासी 15 वर्षीय आंशिक अपनी सहेली 14 वर्

संक्षेप

फार्मर रजिस्ट्री नहीं तो यूरिया नहीं

कुशीनगर। उप कृषि निदेशक, कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद के वास्तविक किसानों को उर्वरक एवं अन्य कृषि सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा रही है।जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देशन में इस कार्य हेतु राजस्व, कृषि, ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग एवं जन सेवा केंद्रों के कर्मियों को लगाया गया है। वर्तमान में जनपद कुशीनगर में लगभग 4,20,000 किसानों की रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है, जबकि लगभग 2,26,000 किसानों की रजिस्ट्री अभी शेष है।

यह अभियान बिचौलियों एवं फर्जी किसानों को हटाकर वास्तविक किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होने के उपरांत किसानों का विवरण भूमि रिकॉर्ड पोर्टल से जुड़ जाएगा।

हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बैतालपुर में हुए चर्चित हत्या कांड का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई

●बैतालपुर हत्या कांड का खुलासा

थी।यह घटना 12 अप्रैल 2026 की रात की है, जब सोपारी बुजुर्ग निवासी पप्पू यादव की हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के साथ स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड व फोरेंसिक टीम को भी जांच में शामिल किया गया।

मृतक के पिता की तहरीर पर थाना गौरीबाजार में छह नामजद व कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में विशेष टीमों का गठन कर गिरफ्तारी अभियान चलाया गया।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 अप्रैल को चार आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में नवनाथ गोंड़ व उनकी पत्नी मालती को पांडेय भिस्वा गांव के पास से, जबकि आनंद कुमार उर्फ कुमकुम व रामसकल यादव को चीनी मिल के खंडहर परिसर के पास से दबोचा गया।

पुलिस के अनुसार शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

इस कार्रवाई में थाना गौरीबाजार पुलिस टीम की अहम भूमिका रही

जनांदोलन से ही होगा क्षय रोग का खात्मा: सीएमओ

कुशीनगर। सौ दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के दौरान मिले क्षयरोगियो में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम कसया सीएचसी के सभागार में किया गया।10 क्षयरोगियो को नेशनल मेडिकल स्टोर के मालिक जटाशंकर सिंह ने अपने पौत्र शिवांश शंकर के जन्मदिन के अवसर पर पोषण पोटली वितरण किया। सीएमओ डॉ चन्दप्रकाश ने कहा कि जनांदोलन से ही क्षयरोग का खात्मा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनसभागिता से ही यह सम्भव हो सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी के जीवाणु के खिलाफ मरीज, दवा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा समाज के संभ्रांत व्यक्ति जो पोषण पोटली से रहे। ये सभी मिलकर लड़ रहे है टीबी के जीवाणु के खिलाफ इसलिये सभी के सहयोग से ही हम शीघ्र ही जनपद को टीबी मुक्त करने में कामयाब होंगे। अध्यक्षता करते हुये अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि टीबी रोगी दवा के साथ पोषणयुक्त आहार लेकर शीघ्र स्वस्थ्य हो रहे है। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत एमोटीसी डॉ आशुतोष पांडेय एवं आभार ज्ञापन एसटीएस शाहिद अंसारी ने किया। इस दौरान दवा व्यसायी रविन्द्र सिंह, डॉ यूसुफ अली, आनन्दपाल सिंह, अमित सिंह, रत्नेश यादव,राकेश पांडेय, सौरभ श्रीवास्तव, साबिर, पूनम भारती, विकास सिंह, धनश्याम प्रसाद उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने पगड़ी बांधकर शिवपाल सिंह का स्वागत किया

इटावा। पृथ्वीपुर क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का रेशु चैधरी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। उनके पहुंचते ही कार्यकताओं और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला।इस दौरान पारंपरिक तरीके से पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया गया। समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत करते हुए नारेबाजी भी की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। स्वागत के बाद शिवपाल सिंह यादव ने लोगों का आभार जताया और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।इस अवसर पर सांसद जितेंद्र दोहरे, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महासचिव वीरू भदोरिया, लीलावती राजपूत, विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र सिंह गौर, ध्रुव यादव चीनी, सर्वेश शाक्य, अनवर हुसैन, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्टू, विक्की गुप्ता, जितेंद्र यादव मोना, फरहान शकील, मयंक विद्यौलिया, उमेश राजपूत डुल्ले, प्रवीण कुशवाहा, लंकू यादव, किशन यादव, रवि यादव विधायक, शेखर राजपूत, जीतू यादव प्रधान, हाशिम मिर्जा आदि शामिल हुए।

शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम है: चेयरमैन

इटावा। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रबंध समिति विशुनबाग नईबस्ती गड़ीपुरा के तत्वावधान में बाबा साहब की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और तकनीकी शिक्षा पूर्ण करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ज्योति गुप्ता रहीं। संचालन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश स्नातक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ज्योति गुप्ता ने मेधावी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम है। समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश स्नातक ने अपने संबोधन में डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा देश और समाज के प्रति किए गए महान कार्यों को याद किया। इस अवसर पर राम बाबू, जगदीश, अशोक कुमार साथी, ओमप्रकाश, चंद्रशेखर, राजेंद्र राय, अशोक, प्रदीप, शंकर बाबू, श्याम बाबू, अशोक कुमार, दुलारे लाल, अर्जुन सिंह, जय प्रकाश, शैलेंद्र फ्लेमिंग, जतिन कुमार, प्रह्लाद उर्फ पप्पन, रवि, राजीव कुमार, विनोद नागवंशी, मनोज कुमार एवं रामस्वरूप हितेषी भरथना सहित समिति के अन्य पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर सफाई कर्मचारियों ने उठायीं समस्याएं

ललितपुर। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी राष्ट्रीय महासचिव कुंजबिहारी बावरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत बाबा वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष आदर्श करोसिया द्वारा मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के आवास व लालाजी प्रसाद निर्मल सदस्य विधानसभा परिषद (एम एल सी) उत्तर प्रदेश पूर्व चेयरमैन अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम राज्य मंत्री, मुन्ना सिंह धानुक पूर्व सदस्य सफाई कर्मचारी आयोग से भेंट कर वाल्मीकि समाज सफाई कर्मचारीयों कि महत्वपूर्ण मुख्य मांगों को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा गया।जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2006 में नियुक्त हुए सफाई कर्मचारियों की लगभग 20 वर्ष की सेवा को देखते हुए उन्हें नियमित किये जाने, नगर निगम, पालिका में ठेका प्रथा बंद कर प्रदेश के समस्त आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित किये जाने, संविदा सफाई कर्मचारी के मरणोपरांत घर के किसी सदस्य की अनुकम्पा नियुक्ति दी जाये। किसी भी गरीब सफाई कर्मचारी की पुत्री के विवाह के समय विभाग से सहायता राशि प्रदान करने, प्रदेश के प्रत्येक जिले में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं लेकिन अधिकारियों की मनमानी के चलते बिना किसी कारण उन्हें हटा दिया जाता है। निवेदन है कि किसी आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी को बिना कारण न हटाये जाने एवं संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मी के लिये भविष्य निधि और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ दिलाया जाने की मांग की गई। इस दौरान विनीत बाबा वाल्मीकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कुंजबिहारी बाबरा, राष्ट्रीय महासचिव, प्रमोद प्रेमी प्रदेश अध्यक्ष एवं आदर्श कशौरिया जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

प्राथमिक शिक्षक संघ में विदाई समारोह का किया आयोजन

देवरिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया के जिला कार्य समिति द्वारा बुधवार को सेवानिवृत्त शिक्षक पदाधिकारी बैजनाथ पति त्रिपाठी एवं वरिष्ठ लेखाकार वित्त एवं लेखाधिकारी अवधेश शुक्ला का अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, पुस्तक आदि उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैजनाथ पति त्रिपाठी सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय धमउर परशुराम विकास क्षेत्र देवरिया सदर से 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए है। आप द्वारा प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया में जिला उपाध्यक्ष पद का निर्वहन किया गया।जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बैजनाथ पति त्रिपाठी एक शिक्षक, संघ के समर्पित सदस्य और समाज के निमार्ता के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। सदर ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा ने कहा कि शिक्षक के रूप में विधिक रूप से भले सेवानिवृत्ति प्राप्त कर ले किंतु जीवन पर्यंत अपनी विद्वता से समाज को लाभान्वित करते रहेंगे।जिला मंत्री आनंद प्रकाश यादव ने कहा कि बैजनाथ पति त्रिपाठी और अवधेश शुक्ला शिक्षक हित में अपनी भूमिका के प्रति सदैव सजग रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें संगठन के संरक्षक सुरेश यादव ने कहा कि बैजनाथ पति त्रिपाठी के कार्यशैली से नए शिक्षकों को सबक लेना चाहिए। अपने शैक्षिक दायित्व और सांगठनिक दायित्वों के प्रति सजग रहे। संचालन जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल व संदीप कुमार द्विवेदी ने किया । कार्यक्रम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सत्य प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि, विनोद कुमार मिश्रा, रवींद्र पांडेय, शफीक अहमद खान ,जयप्रकाश सिंह, संजय मिश्रा, रमेश कुमार यादव, नित्यानंद यादव, गोविंद मिश्रा, रामनिवास यादव ने संबोधित किया व संजय सिंह, दिलीप प्रताप शुक्ल, प्रियरंजन रॉय, सुरेश यादव, विक्रम प्रताप राव, लालकृष्ण सिंह, बृजेश राव, सुभाष यादव, योगेश तिवारी, आशुतोष शाह, सुशील सिंह, अरुण तिवारी, आलोक सिंह, बसंती राय, सरिता जायसवाल, गीता राय, शिखा जायसवाल, श्वेता वर्मा, प्रतिमा यादव, ज्योति यादव, ममता देवी, सुशील यादव, विक्रम प्रताप राव, निर्भय राय, पुरुषोत्तम, रबिंद्र यादव, सत्येंद्र सिंह, अमितेश बरनवाल, रमेश प्रताप यादव, अतहर अली, रामसिंगार यादव, सत्यप्रकाश सिंह, अरुण दूबे, शिव चंद प्रजापति, अभिषेक त्रिपाठी, सूर्यकांत पाण्डेय, अजय यादव, मिथिलेश यादव, संजय तिवारी, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

डॉ. अम्बेडकर ने भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया: प्रभारी मंत्री

इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश की समस्त 403 विधानसभाओं में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान विधानसभा गोष्ठीयों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिनका उद्देश्य बाबा साहेब के सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और संवैधानिक विचारों को जनता तक पहुँचाना हैं। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में इकदिल नगर पंचायत में सदर विधानसभा की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को मुख्य अतिथि होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा व जनपद प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि बाबा साहेब ने सभी समाजों और वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया तथा छुआछूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि डॉ अंबेडकर संविधान सभा के अध्यक्ष थे। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें समय-समय पर प्रताड़ित किया। कांग्रेस ने ना ही अम्बेडकर को लोकसभा से जीतने दिया और ना ही संविधान सभा का सदस्य बनने दिया। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास में मूल मंत्र पर चल रहीं हैं। संगोष्ठी में पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, उदयवीर दोहरे, समीर दोहरे व उषा चंद्रा जाटव, अनूप जाटव, पूर्व सांसद, विधायक सांसद रघुराज सिंह शाक्य, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, इकदिल नगर पंचायत अध्यक्ष साधना दोहरे, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जिलाउपाध्यक्ष कृपानारायण तिवारी, अशोक चैबे, मानू तिवारी, यशवर्धन चैधरी, विमलेश शाक्य सहित पार्टी पदाधिकारी व इकदिल नगर पंचायत के गणमान्यजन उपस्थित रहें।

अंबेडकर जयंती पर समता मूलक समाज स्थापना का संकल्प

कसया, कुशीनगर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के अनुसांगिक संगठन स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा कसया नगर के एक मैरेज हाल में संविधान शिल्पी बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया और संविधान की प्रस्तावना पढ़कर समता मूलक समाज स्थापना का संकल्प लिया गया।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस एफ आई के राज्य सचिव अब्दुल बहाव ने कहा कि बाबा साहब ने दबे, कुचले और शोषित समाज और सभी नागरिकों को संविधान के माध्यम से समानता, बंधुता और सम्मान का अधिकार दिए। उन्होंने हमेशा भेद और आडम्बर का विरोध किया। माकपा के जिलामंत्री कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव, एडवोकेट फिरोज अंसारी, शाकिर अली, राकेश प्रसाद, चंद्रजीत यादव, एडवोकेट एखलाक अहमद लारी, इदरीश ने अपने विचारों में डॉ अम्बेडकर को नव भारत के निर्माण का महान शिल्पी बताया। संगठन के मंत्री आसिफ सिद्दकी ने सभी के प्रति आभार जताया। जबकि संचालन दीपक भारती ने किए। इस दौरान बीपी गुप्ता, जवाहर शर्मा, गेंदा सिंह, राम बहाल सिंह, केदार सिंह, राम नरेश सिंह, शम्भु प्रसाद, शंकर प्रसाद, अक्षबर आदि मौजूद रहे।

सामाजिक जागृति लाने वाले महापुरुष थे राजित बाबू - चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया। यादव गांधी एवं संपादक जी के नाम से मशहूर चौधरी राजित सिंह यादव 15 अप्रैल 1897 को देवरिया जनपद के नरसिंह डांड में जन्मे थे जिन्होंने शिक्षाध्ययन कर सामाजिक जागृति हेतु रयादवश्र नामक पत्रिका का संपादन किया, उक्त बातें रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने

कहा कि राजित बाबू ने 1910 में सम्पूर्ण भारत में अहीर कम्युनिटी द्वारा लिखे जा रहे भिन्न -भिन्न सरनेम को हटाकर यादव सरनेम रखने की मुहिम को अंजाम तक पहुंचाया था। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने राजित बाबू को उनके जन्म जयंती पर याद करते हुए कहा कि गोरखपुर से 1920 में शुरू हुई रयादवश्र पत्रिका पर अंग्रेजी सरकार ने जब शिकंजा कसा तो स्थान बदल वाराणसी से उसे प्रकाशित करने वाले राजित बाबू अहीर एवं पिछड़े समाज में घर की कुरीतियों को तोड़ने, छोड़ने की मुहिम आजीवन चलाते रहे राजित सिंह यादव को उनके जन्म जयंती पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुरलीधर यादव, व्यास यादव, अशोक यादव, शंकर गोंड, संजय यादव, रामअशीष यादव, रामप्यारे यादव, दयानंद यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, शंकर यादव, मिथिला वर्मा टुनटुन यादव, नगीना यादव आदि के नाम प्रमुख हैं।

महिला स्वास्थ्यकर्मी ने अल्ट्रासाउंड संचालक पर लगाया गंभीर आरोप

कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत महिला कर्मचारी ने खुद को एक तथाकथित पत्रकार द्वारा लंबे समय से प्रताड़ित किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फाजिलनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत ललिता सिंह पत्नी मनोज सिंह ने पटहेरवा थाने पर दी गयी तहरीर मे आरोप लगाया है कि उमेश पाण्डेय नामक व्यक्ति, जो खुद को पत्रकार बताता है और फाजिलनगर में राज अल्ट्रा साउंड सेंटर का संचालन करता है। महिला का आरोप है कि उक्त व्यक्ति पिछले चार वर्षों से गलत नियत से उन्हे परेशान करता आ रहा है।पीड़िता का कहना है कि आरोपी कई बार शाम के बाद उनके आवास पर आने की कोशिश करता था, जिसे लेकर वह बार-बार मना करती रही। बावजूद इसके, आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और लगातार मानसिक दबाव बनाता रहा। मामले ने तब गंभीर मोड़ ले लिया जब आरोपी ने व्हाट्सएप के माध्यम से आपत्तिजनक संदेश भेजते हुए ह्रसहयोगह्व के नाम पर दबाव बनाने की कोशिश की। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने साफ तौर पर धमकी दी है कि यदि उसने उसकी बात नहीं मानी तो वह अपनी तथाकथित पत्रकारिता का इस्तेमाल कर उस पर झूठे आरोप लगाकर उसकी नौकरी तक खत्म करवा देगा। इस घटना से घबराई पीड़िता ने साहस जुटाते हुए थाना पटहेरवा में लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबध मे आरोपी उमेश पाण्डेय से उनके मोबाइल नंबर 9918416359 पर संपर्क कर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया किन्तु उनसे बात नही हो सका।

सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

देवरिया। विकास भवन स्थित गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक ने पिछली बैठक की शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देते हुए किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने की अपील की। साथ ही गेहूं कटाई के दौरान फसल अवशेष न जलाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जनपद में खाद व बीज की कोई कमी नहीं है तथा खरीफ बीज का वितरण शीघ्र शुरू होगा।

किसानों ने मंडी में बैठने व सब्जी बिक्री के लिए स्थान निर्धारित करने, खरीद केंद्रों पर बोरे की कमी, मलकौली में खरीद केंद्र तथा गेहूं को पतला बताकर की जा रही कटौती की समस्या उठाई। इस पर अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा मलकौली में केंद्र संचालित होने की जानकारी दी। विद्युत विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार की मांग भी उठाई गई।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि अब तक 8.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष भुगतान की प्रक्रिया जारी है। फसल बीमा के तहत खरीफ 2025 में 1621 किसानों को करीब 30 लाख रुपये का भुगतान प्रस्तावित है।पशुपालन विभाग ने नंद बाबा मिशन, नंदिनी योजना व भेड़-बकरी पालन योजनाओं की जानकारी देते हुए 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान बताया तथा नई योजनाएं मई-जून में आने की संभावना जताई।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ी समस्याओं को शासन तक भेजा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई खरीद केंद्र गेहूं को पतला बताकर अस्वीकार करता है तो उसका कारण लिखित में लिया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की सूचना तत्काल देने को कहा। साथ ही किसानों को तीसरी फसल व घर पर सब्जी उत्पादन अपनाने की सलाह दी।बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

थाई नव वर्ष सों क्रान उत्सव के अवसर पर खेली गयी पवित्र जल और पुष्प से होली

कुशीनगर। थाई नव वर्ष सों क्रान बुद्ध स्थली स्थित थाई मोनेस्ट्री में देशी, विदेशी, भिक्षुओं और उपासकों ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया और विश्व कल्याण की कामना की।तीन दिवसीय समारोह के अंतिम दिन बुधवार को थाई संघा के चीफ भन्ते फ्रा थे बोदियोंग ने धम्म पाठ के साथ बुद्ध प्रतिमाओं पर फूल, पवित्र जल चढाया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने सुगंधित जल और

●बौद्ध भिक्षुओं और श्रद्धालुओं ने तथागत की विशेष पूजा कर की विश्वशांति की कामना

पुष्प से थाई होली चिआंग माई की शुरूआत कर अपनी शुभकामनाएं दी। भिक्षुओं ने श्रद्धालुओं को सुगंधित पवित्र जल लगाकर आशिर्बाद दिया। इससे पूर्व थाई मॉनेस्ट्री के चीफ भंते फ्रा सोम पोंग के निर्देशन में भन्ते पविंग, भन्ते पवीन, डॉ पी अनुवत, भंते नंदका, भन्ते डॉ नन्द रतन, भंते अशोक, भन्ते उपाली, भन्ते विनय कीर्ति, भंते सन्नी के धम्म वन्दना के साथ थाई संघा के चीफ भन्ते फ्रा थे बोदियोंग ने तथागत बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढाया व बुद्ध स्तूप की परिक्रमा की तथा थाई मोनेस्ट्री में पहुंचकर विशेष पूजन - अर्चन किया।भिक्षुओं, उपासकों, शिक्षकों ने गुरुओं के चरणों में सुगन्धित जल व पुष्प अर्पित किया और एक दूसरे को जमकर भिंगोया। संचालन संचालन अमिताभ त्रिपाठी और आभार भन्ते सों क्रांन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर राज बंधु खन्ना, अम्बिकेश सूरज यादव, गौतम शर्मा, अभिषेक कुमार गोंड, विवेक कुमार गोंड, सर्वेश यादव, विजय शर्मा, ध्रुव सिंह पटेल, प्रभुनाथ सिंह, विनोद जायसवाल, आमोद सिंह सहित आचार्य और मौलाना आदि मौजूद रहे।

लायन्स क्लब का चुनाव सम्पन्न

भरथना, इटावा। लायन्स क्लब भरथना राधे-राधे के सम्पन्न हुए एकवर्षीय कार्यकारिणी चुनाव में कुलदीप त्रिपाठी को अध्यक्ष, संजय पोरवाल को सचिव, अतुल कौशल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने समाजसेवा के क्षेत्र में संगठन को और अधिक अग्रसर करने का संकल्प लिया। कस्बा के मुहल्ला पुराना भरथना स्थित गोविन्द धाम में आयोजित वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी चुनाव प्रक्रिया में कुलदीप त्रिपाठी को अध्यक्ष, संजय पोरवाल को सचिव, अतुल कौशल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संस्था के अन्य सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के तीनों पदाधिकारियों व शासन द्वारा मनोनीत सभासद श्यामजी पोरवाल नेक्से का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर लायन प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, एड. सुबोध दीक्षित, निशान्त पोरवाल, सुरेश शारदा, अनिल पोरवाल, गोविन्द शारदा, सीके शुक्ला, भानु वर्मा, सुशान्त उपाध्याय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

पोस्ट पेड में नहीं बदले जा रहे प्रीपेड मीटर

इटावा। स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर बिजली उपभोक्ताओं का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है लोग बिजली विभाग के अधिकारियों से लगातार मांग कर रहे हैं कि उनका प्रीपेड मीटर पुनः पोस्ट पेड कर दिया जाये केन्द्रीय विधुत प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के मर्जी के बिना प्रीपेड मीटर नहीं लगाने का आदेश जारी किया है, पावर कारपोरेशन के अगले आदेश का इंतजार कर रहे अधिकारी भी असमंजस की स्थिति में हैं। उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर का विरोध कयी कारणों से किया जा रहा है, उनका कहना है कि बिना बताए जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए, बैलैंस पोसटिव होने के बाद भी कनेक्शन नहीं जुड़ता, बिजली के मनमाने बिल आ रहे हैं जो उनकी समझ में नहीं आ रहे, मीटरों की कार्यप्रणाली और सुरक्षा को लेकर भी उनमें चिंताये हैं।

अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

भूराजनीति तनाव के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था जिस तरह से डगमगा रही है, उससे स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था पर मिडिल ईस्ट युद्ध का असर बहुत ही घातक रूप में पड़ रहा है। यही बात आईएमएफ ने आकलन में स्पष्ट किया है। आई एम एफ के नवीनतम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में यह स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है कि भू-राजनीतिक तनावों की वजह से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता में इजाफा हो रहा है। आईएमएफ के पूर्वानुमानों पर पूरी दुनिया की नजर रहती है और इसमें विभिन्न परिदृश्य प्रस्तुत किए गये हैं। संदर्भित पूवार्नुमान के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था के 2026 में 3.1 फीसदी की दर से विस्तार करने की उम्मीद है, जो 2025 के 3.4 फीसदी की तुलना में धीमी है। वैश्विक समग्र मुद्रा स्फीति दर 2026 में बढ़कर 4.4 फीसदी होने की संभावना है। आईएमएफ का कहना है कि अगर जंग नहीं होती तो वृद्धि पूवार्नुमानों में सुधार हो सकता था। विपरीत परिदृश्य में ईंधन कीमतों में बढ़ोत्तरी का अनुमान है जिससे 2026 में वैश्विक वृद्धि घटकर 2.5 फीसदी रह सकती है। अधिक गंभीर हालात में मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 5.4 फीसदी तक पहुंच सकती है। गंभीर हालात से तात्पर्य ऊर्जा संरचनाओं को और अधिक क्षति पहुंचने से है जिससे वैश्विक वृद्धि घटकर 2 फीसदी तक आ सकती है। ऐसे में समग्र मुद्रास्फीति 2027 तक 6 फीसदी के पार जा सकती है। युद्ध और लगातार बने हुए भू-राजनीतिक तनावों का प्रभाव विभिन्न देशों में अलग-अलग हो सकता है। ऊर्जा आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर इसका अधिक असर पड़ने की संभावना है। भारत

के लिए, जनवरी की तुलना में चालू वर्ष की वृद्धि दर का अनुमान 0.1 फीसदी अंक बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है। इसमें पिछले वर्ष की मजबूत गति और इस तथ्य को ध्यान में रखा गया है कि अमेरिकी शुल्क भारतीय वस्तुओं पर काफी हद तक कम हो गये हैं। बहरहाल, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ये पूवार्नुमान पश्चिम एशिया की स्थिति पर निर्भर करते हुए तेजी से बदल सकते हैं। समय पर समाधान से परिणामों को संदर्भित पूवार्नुमान के करीब बनाए रखने में मदद मिलेगी। समाचारों से संकेत मिलता है कि इस्लामाबाद में वार्ता विफल होने के बाद भी अमेरिका और ईरान बातचीत जारी रखने के इच्छुक हैं। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बातचीत किन परिस्थितियों में होती हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि स्थिति की जटिलता और दोनों पक्षों की घोषित स्थितियों को देखते हुए, एक स्थायी समाधान तक पहुंचने में वक्त लग सकता है। इस बीच, यह आवश्यक होगा कि क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति बहाल हो जाये। अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर रही है। यद्यपि अमेरिका ने कहा है कि वह अन्य देशों के जहाज गुजरने देगा, लेकिन उसकी यह कार्रवाई वार्ताओं और ईरान की स्थिति को प्रभावित कर सकती है। इस बीच लेबनान पर इजरायल के हमले जारी हैं। इसके भी प्रभाव हो सकते हैं। तेजी से बदलती स्थिति को देखते हुए, किसी भी बात को निश्चित रूप से कहना कठिन है। इससे नीति-निर्माताओं और व्यवसायों के लिए निर्णय लेना जटिल हो जाता है, विशेषकर भारत जैसे देश में जो ऊर्जा आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, खासकर इस क्षेत्र से। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि अभी तक मुद्रास्फीति के आंकड़ों में पूरी तरह परिलक्षित नहीं हुई है क्योंकि इसका सीमित असर हुआ है। मार्च के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर 3.4 फीसदी रही, जबकि पिछले महीने में यह 3.2 फीसदी थी। यह स्थिति पेट्रोल-डीजल की कीमतों में समायोजन के साथ काफी बदल सकती है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें आम तौर पर वृद्धि को कम करती हैं और मुद्रास्फीति को बढ़ाती हैं। वर्तमान झटका, यदि बरकरार रहता है, तो ऊंची तेल कीमतों की स्थिति सामान्य अनुमान की तुलना में अधिक प्रभाव डाल सकती है। उदाहरण के लिए, तेल एवं गैस की उपलब्धता एक समस्या है जो उत्पादन को प्रभावित कर रही है। ऐसे ही कई अन्य कारक हैं जिसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

ट्रंप के युद्धोन्माद से संकट में पर्यटन उद्योग

मनोज वार्ष्णेय

ईरान-अमेरिका-इजरायल के युद्ध पर बहस विवाद, युद्ध के दिनों से सैकड़ों गुना अधिक दिन चलेगा कि किसकी जीत हुई और कौन हारा? परंतु इस सबके बीच पूरी तरह पर्यटन की दुनिया मिसाइलों तथा बमों से इस कदर झुलस गई कि उसे पटरी पर आने में कम से कम एक साल तो लगेगा ही। भारत का पर्यटन उद्योग ही प्रभावित हुआ है, ऐसा नहीं है। दुबई, अमेरिका, सऊदी अरब, कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत ऐसे खाड़ी देश हैं, जहां पर खासा नुकसान हुआ है। ईरान का पर्यटन उद्योग तो चैपट ही हो गया है। इसके साथ ही वह देश जो इन देशों के आसपास या इनकी वायु सीमा मार्ग में आते हैं, वे भी युद्ध की आग में झुलस गए हैं। सिर्फ घरेलू पर्यटन पर असर आया है, जी नहीं। धार्मिक पर्यटन के साथ ही उन देशों को भी हानि हुई है जहां पर मेडिकल टूरिज्म या वाटर टूरिज्म के लिए पर्यटक जाते थे।

भारत में अप्रैल से लेकर अगस्त तक धार्मिक टूरिज्म का जबर्दस्त सीजन होता है। यहां पर चारधाम यात्रा के साथ ही दूसरी यात्राएं होती हैं। दूसरे देशों से हजारों मरीज अपना उपचार कराने आते हैं और यहां पर्यटन का भी आनंद लेते हैं। यूक्रेन-रूस के युद्ध के कारण वहां का पर्यटन और एजुकेशन टूरिज्म तो पहले ही से गंभीर संकट में था। अब खाड़ी युद्ध ने वहां पर स्थितियां और विकट कर दी हैं। जिन देशों के पर्यटन पर युद्ध का प्रत्यक्ष असर नहीं हुआ है, उन देशों पर होर्मुज के कारण ऐसी स्थिति हो गई है कि वहां पर पहले तो खुद ही पर्यटक नहीं जा रहे और जहां की पूछताछ भी है, वहां पर पर्यटन एजेंसियां खुद ही बुकिंग से बचने के उपाय तलाश रही हैं। इन देशों में श्रीलंका तथा नेपाल खास हैं। पाकिस्तान में ऐसे ही पर्यटक नहीं जाते हैं और जो जाते भी थे, वह वहां पर फैली अफवाहों के कारण जाने की सोच भी नहीं रहे हैं। श्रीलंका की हालात इस बात से समझी जा सकती है कि उसकी सरकार को भारत सरकार ने मांगने पर 38 हजार मैट्रिक टन पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई की। यहां पर जब आम जरूरत का ही तेल आदि नहीं है, तो पर्यटन

सामयिक

की क्या स्थिति होगी खुद समझा जा सकता है। खाड़ी युद्ध का सबसे बुरा असर दुबई पर हुआ है। यहां पर हर वर्ष कम से कम 15 मिलियन पर्यटक जाते थे, लेकिन अब यहां पर सन्नाटा नजर आ रहा है। भले ही युद्ध थम गया है और माना जा रहा है कि टाइम पूरा होने के बाद यह दुबारा आरंभ नहीं होगा। पर अभी के हालात बहुत गंभीर हैं। एयर ट्रैफिक के कारण यहां पर पचास प्रतिशत से अधिक पर्यटन स्थल पर सन्नाटा है और युद्ध के चालीस दिनों में दो लाख से अधिक की बुकिंग रद्द हुई हैं। अभी के हालत ये है कि जो दो हफ्ते का युद्ध विराम है, वह भी पर्यटकों में इस बात के लिए उत्साह नहीं ला पा रहा है कि वह फिर से पर्यटन का मन बनाएं। डर इस बात का है कि कहीं युद्ध फिर भड़का तो क्या होगा? इन परिस्थितियों में कोई भी पर्यटक या पर्यटन एजेंसी खतरा नहीं लेना चाहतीं।

टूरिज्म विशेषज्ञ समझ रहे हैं कि यदि युद्ध समाप्त घोषित नहीं होता है तो खाड़ी देशों को कम से कम 40 से 55 अरब डालर तक का नुकसान उठाना पड़ेगा। चूंकि होर्मुज मार्ग विवाद का नया केन्द्र बन गया है इसलिए सर्वाधिक मारामारी ईधन की है और भारत ही नहीं सभी देशों पर इसका सीधा असर आया है, जिससे हवाई किराए में उछाल आया है। छोटी से छोटी हवाई यात्रा में टिकट में कई हजार रुपए की वृद्धि दिख रही है। सोचिए श्रीलंका जैसा देश जहां पर पर्यटक हनीमून के साथ ही भगवान राम से जुड़े तीर्थों को भी देखने जाते थे, वहां पर मार्च माह में अर्थात पूरे युद्ध काल में करीब 18 प्रतिशत की कमी हुई है। यह यहां की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा है। दुबई, श्रीलंका की बात जानें दें, भारत को देखें। यहां पर पर्यटन सीजन आरंभ हो चुका है और जून में जब मानसून आ जाएगा तब तक का जो सीजन है वह काफी डिस्टर्ब हो गया है। वर्ष 2025 में ऑपरेशन सिंदूर, प्राकृतिक आपदाओं ने यहां के मुख्य पर्यटक राज्य उत्तराखंड तथा जे एंड के में पर्यटकों को जाने से रोका था, तो इस बार गैस की बहुप्रचारित किल्लत ने होटल-ढाबों को ही नहीं उन लोगों को भी चिंता में डाल दिया है, जो उत्तराखंड चारधाम तथा आदि कैलाश यात्रा के लिए जाते थे। सरकारी सूचना के अनुसार शुरूआती रजिस्ट्रेशन के दिनों में रजिस्ट्रेशन की संख्या में चालीस प्रतिशत की गिरावट है। वर्ष 2025 में जब यह रजिस्ट्रेशन 17 लाख थे, तो अब 10 अप्रैल को यह 14 लाख पर ही सिमट गए हैं। यदि यह मान लिया जाए कि युद्ध अब थम ही गया है, तो भी स्थितियां नार्मल होने में कम से कम एक माह तो लगेगा ही। और तब तक मई का आधा महीना निकल जाएगा।

भारत में गत वर्ष कश्मीर में पहलगाम के बाद जिस तरह की स्थितियां थीं अब पूरे विश्व में वही हालात हैं। पर्यटक और पयर्टन कारोबारी इस बात पर विश्वास कर ही नहीं पा रहे हैं कि युद्ध पूरी तरह से थम गया है। इसके पीछे कारण ट्रंप का बात पलटने में महारथ हासिल कर लेना माना जा रहा है। पर्यटक इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि युद्ध काल में जब भारत से बाहर रहने वाले भारतीय जो भारत वापस आना चाहते थे वह चाहकर भी नहीं आ पाये थे। फिर अगर वह पर्यटन के दौरान फंस गये तो क्या होगा? भारत में आगरा, जयपुर, दिल्ली जैसे शहरों में जहां पर विदेशी पर्यटक हमेशा आते थे, वहां पर भी पर्यटकों का टोटा है और होटल, ट्रैवल एजेंसियों में फांका मारने जैसी स्थिति है। कश्मीर, नार्थ ईस्ट, लेह-लद्दाख, नैनीताल, मनाली, शिमला जैसे शहर जो गर्मियों के लिए अप्रैल में ही बुकिंग के कारण उफनाने लगते थे, वहां पर एक बार सोशल मीडिया पर पैकेज खोज करने के बाद सैंकड़ों आफर आ रहे हैं। जहां पर लगभग नौ लॉस, नौ प्रॉफिट पर पर्यटकों को पैकेज उपलब्ध हैं और कई स्थान पर तो यह टूरिज्म एजेंसियां नाम मात्र की बुकिंग राशि में ही मान रही हैं। अखबार तथा विज्ञापन के दूसरे माध्यमों का भी यही हाल है। इस तरह भारत भी दूसरे देशों की तरह टूरिस्टों के अकाल जैसी स्थिति में है।

दुबई के लिए जो पर्यटक जाने को बेताब रहते थे वह भी इस बात से बच रहे हैं कि यहां पर क्या देख पाएंगे? एक तो युद्ध का डर दूसरा यहां पर कितने पर्यटक स्थल खंडहर में बदले हैं इसकी सूचना लग नहीं पा रही। पाकिस्तान के जिन शहरों में भारतीय, खासकर मुस्लिम पर्यटक जाते थे वह भी यह खबर पाकर नहीं जा रहे हैं कि वहां पर लॉक डाउन जैसी स्थिति है। पर्यटन की दुनिया की स्थिति इसी से समझी जा सकती है कि जब घरों में समर वैकेंस के लिए योजनाएं बनती थीं तब इस बात पर बहस हो रही है कि ट्रंप की सनक ने पूरी दुनिया को घरों में कैद होने को मजबूर कर दिया है। बच्चे उन्हें पर्यटन के कोरोना अंकल भी कहने लगे हैं, जो उनकी सोशल छवि और पर्यटन के भविष्य के लिए फिलहाल अच्छा नहीं कहा जा सकता।

> पर्यटक इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि युद्ध काल में जब भारत से बाहर रहने वाले भारतीय जो भारत वापस आना चाहते थे वह चाहकर भी नहीं आ पाये थे। फिर अगर वह पर्यटन के दौरान फंस गये तो क्या होगा?

सोशल मीडिया

लखनऊ के टेढ़ी पुलिया इलाके की झुग्गी झोपड़ी में लगी भीषण आग के पीड़ितों के लिए सरकार तत्काल पानी, भोजन और घायलों को तुरंत इलाज उपलब्ध कराये। अखिलेश यादव.

मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं पीड़ा दायक है, शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं हैं। दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि। केशव प्रसाद मौर्य.

बंगाल कभी संस्कृति, शिक्षा और उद्योग का केंद्र था, लेकिन आज टीएमसी राज में डर व असुरक्षा के माहौल में लोग जीने को मजबूर हैं। ममता राज में बंगाल बीमार है। राजनाथ सिंह.

मनुष्य के गुण

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थूलतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

प्रोफेशनल झूठ बोलने वाले

व्यंग्यलोक

झूठ बोलने के मामले में पड़ोस के वर्मा जी की कला भी बहुत विशेष है। उनका बच्चा पांच वर्ष से मैट्रिक को लांघ नहीं पा रहा तथा प्रतिवर्ष अनुत्तीर्ण होने का गौरव प्राप्त करता है। परन्तु वर्मा जी उसे एम. ए. तक ले गये हैं। प्राइवेट परीक्षा दे रहा है। वे इससे बच्चे पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चिंता नहीं करते। उन्हें अपने सम्मान तथा बच्चे की शादी में मिलने वाले दहेज की चिंता है। एक दिन मैंने उनसे मजाक में कहा- अमां, वर्मा जी, बच्चू को किसी ट्यूशन पर लगाओ। यह पंचवर्षीय योजना में भी कामयाब नहीं हो सका है। वर्मा जी ने हथियार डाल दिये- मैं बहुत शर्मिंदा हूँ। सच, इसने मुझे बहुत जलील किया है। आपसे क्या छिपाना? पढ़ाई में इसका तनिक भी ध्यान नहीं है। सिनेमा देखता है। बहुत ही अयोग्य व नालायक है। परन्तु करूं क्या? मैं सोचता हूँ, जमाना बैरी है। बंधु-बांधव एक-दूसरे की टांग खींचते हैं। शादी-विवाह नहीं होने देते। इसलिए झूठ का पाप करना पड़ता है। मैं बोला- झूठ क्यों बोलते हैं? कोई काम-धंधा शुरू करा दीजिए। काम करने लगेगा, तो पढ़ाई नहीं कर पाने का अभिशाप अपने आप धुल जायेगा। वे बोले- हां, अब यही सोच रहा हूँ। लेकिन कई बार परिस्थितियां झूठ बुलवाती हैं। वैसे झूठ बोलने वालों के श्रेणियों की कोई कमी नहीं है। एक झूठ बोलने वाले वे हैं, जो झूठ को पेशे के रूप में अपनाये हुए हैं। किसी भी कोर्ट-कचहरी का मामला हो, उन्हें किस्सा समझा दो। जो आप चाहेंगे वे वही बोलने लगेंगे। आंखों से देखा नहीं, कानों से सुना नहीं, और गीता, कुरान बाइबिल को हाथ लगाकर सारे झूठ को सत्य बना देंगे।

पूरन सरमा

चाहे किसी निर्दोष को जेल-जुर्माना या सजा ही क्यों न हो जाये। पन्नालाल जी का इस मामले में मुकाबला नहीं। एक बार मैंने उनसे कहा- पन्नालाल जी, छोड़िए भी अब! पान-बीड़ी-सिगरेट, चाय-नाश्ते में आप अपना ईमान बेच आते हैं। वे बोले- तो क्या करूं लाला, इस फटीचर ईमान का? खर्च निकल जाता है। पाप-पुण्य तो मैं जानता नहीं, परन्तु यह जरूर है कि झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ हैं, ताके हृदय आप, वाली बात चरितार्थ हो रही है। लेकिन आपकी छवि बड़ी धूमिल हो रही है इससे। आदमी को, अपने को कुछ बनाना भी चाहिए। मैंने कहा। पन्नालाल जी यह कह कर चले गये- अपनी छवि रखो अपने पास अच्छी नौकरी करते हो, दो नम्बर की कमाई आती है, इसलिए सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनते हो। हमें सब पता है आप कितने पुण्य कर रहे हैं। दूसरे की रोजी-रोटी पर लात मारते आपको शर्म नहीं आती?

विजय के लिए चाहिए आत्मबल का रथ

चिंतन

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

किसी भी व्यक्ति की सफलता उसके इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति में ही नहीं बल्कि सही आदतों और आत्मबल के विकास की इच्छाशक्ति में निहित होती है। जब आप अपने व्यवहार को अपनी पहचान का हिस्सा बना लेते हैं तो अनुशासन स्वयं आपका स्वभाव बन जाता है। इसलिए अपने जीवन की छोटी-छोटी आदतों को जो मानवता और स्वयं आपके विपरीत हों, उसे त्यागने की कोशिश करनी चाहिए।

मनुष्य दिन प्रतिदिन विकास की तरफ बढ़ता जाता है, वह सदा आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और सांस्कृतिक विकास पर विशेष जोर देता है लेकिन अगर वह थोड़ा-थोड़ा अपने स्वयं के भीतर में बेहतर इंसान बनने की कोशिश करे तो वह असली मायने में विकसित माना जायेगा। अगर एक फीसदी सुधार का संकल्प प्रतिदिन कर लें तो साल भर में व्यक्ति की वर्तमान स्थिति कितनी सुधर सकती है, इसकी कल्पना सहज ही की जासकती है। आपका व्यक्तित्व कितना विराट हो जाएगा। समाज में आपका सम्मान कितना बढ़ जाएगा। आदतों को बदलने के लिए आपको जीवनचर्या में रणनीति बनाना होगा, बेहतर योजनाएं बनानी होंगी, प्रतिज्ञाबद्ध होकर अपना कार्य करना होगा। व्यक्तित्व के परिष्कार और अपनी आदतों के सुधार के लिए सबसे आवश्यक है कि व्यक्ति का आत्मबल सुदृढ़ हो, आत्मबल के सहारे ही समस्त समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। आंतरिक रूप से आत्मबल को पुष्ट करने का अनुपम उदाहरण गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है। जब रावण रथ पर सवार होकर युद्ध करने आता है और राम बिना पदत्राण अर्थात जूतों के ही युद्ध क्षेत्र में खड़े हैं, यह देखकर विभीषण डर जाते हैं और भगवान राम से पूछ बैठते हैं कि इसहालात में वे रावण से कैसे जीतेंगे। 'रावण रथी विरथ रघुवीरा। देखि विभीषण भयउ अधीरा।' वहां विभीषण को राम आश्वस्त करते है कि इस रथ से कहीं अधिक बड़ा रथ हमारे पास हमारी साधना और हमारे आत्मबल का है। भौतिक रथ से किसी की उन्नति यानी विजय नहीं हो सकती। समग्र विकास अर्थात विजय के लिए आंतरिक शक्तियों का रथ चाहिए। वे कहते हैं कि 'सखा हमारे पास धर्मरथ है जो हमारा शरीर रूपी रथ है उसके शौर्य और धैर्य नामक दो पहिए हैं। सत्य और शील इसकी पताका है। बल, विवेक इंद्रिय निग्रह और परोपकार इस रथ के चार घोड़े हैं जो क्षमा, दया और समता रूपी डोरी से बंधे हैं। ईश्वर का भजन ही सारथी है। वैराग्य ढाल है और संतोष तलवार है, हमारे द्वारा जीवन में जो दान दिया गया, वही इस युद्ध का फरसा है, इसलिए रावण कभी भी हमारे इस आत्मिक रथ जो आत्म बल से निर्मित है, के रहते हुए सफलता नहीं पा सकता क्योंकि आत्मबल ही प्रचंड शक्ति होती है जो विद्या, बुद्धि और विवेक के सहारे निर्णय लेकर संकट से व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करती है। 'सखा धरममय अस रथ जाकें। जीतन कहँ न कतहुँ रिपु ताके। महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर। जाकें अस रथ होइ दृढ़ सुनहु सखा मतिधीर। हमारा आचरण, हमारा बोलना हमारी परिस्थितियों पर निर्भर करता है, वाह्य संसाधनों पर निर्भर करता है इन सब परिस्थितियों में यही आत्मबल ही हमें वाह्य संसाधनों के भीतर छिपी दुष्प्रवृत्तियों से बचाने का कार्य करता है। आपातकाल और अभाव में भी यह आत्मबल आपको और बलवान बनाता है। मजबूती से सामना करने के लिए टिके रहने की शक्ति प्रदान करता है। इस आत्मबल के ही सहारे दुनिया में स्वामी विवेकानंद, शंकराचार्य, मिहिरसेन, बछेंद्रीपाल, दशरथ मांझी, अभी चार दिन पूर्व अमेरिका का वह पायलट जो घायल होकर भी 58 किलोमीटर चलकर सिग्नल के सहारे सफल होकर ईरान से अपने देश चला गया, सफलता प्राप्त कर सके हैं। ऐसे हजारों उदाहरण मिलेंगे जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने को इसी आत्मबल और अच्छी आदतों के सहारे सर्वश्रेष्ठता प्राप्त किये हैं। किसी भी प्रतियोगिता में जीतने और हारने वाले दोनों का लक्ष्य एक ही होता है लेकिन जीतता वह है जिसके पास बेहतर योजना होती है। बदलाव की इस यात्रा में जिसने आत्मबल के सहारे अपनी आदतों में बदलाव लाया है, अनुशासन को समझा है वही सफल हो पाया है। अगर आप आदतों के सुधार के लिए प्रतिदिन 2 मिनट का भी समय अपने जीवन में देते हैं तो धीरे-धीरे आपमें अच्छी स्थाई आदत विकसित हो जाएंगी और जो जीवन भर आपके काम आएगी।

(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

आपकी बात

ढांचागत विकास जरूरी

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इसलिए सरकार को बुनियादी विकास करना चाहिए।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

परिवहन प्रणाली में सुधार

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जारहा है। यह दरअसल बदलाव के प्रयास हैं जिनको तेजी से आगे बढ़ाना होगा। देश को उन सभी प्रकल्पों को आगे बढ़ाना चाहिए जिससे हमारी ऊर्जा जरूरतें स्वच्छ विकल्पों के जरिए पूरी हो जायें।

वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

लाखों की कीमत के नष्ट किए गए मादक पदार्थ

बांदा। ऑपरेशन दहन के तहत जनपद में बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों से बरामद मादक पदार्थों को नियमानुसार नष्ट किया गया।

क्षेत्राधिकारी सदर की उपस्थिति में कुल 81 अभियोगों से संबंधित लगभग 40 लाख रुपये की अनुमानित कीमत के 149.2 किलोग्राम मादक पदार्थों को इंसीनरेटर मशीन भस्मक भट्ठी में जलाकर नष्ट किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 148.5 किलोग्राम सूखा गांजा, 67 ग्राम स्मैक, 453 ग्राम डायजेपाम-नशीला पाउडर शामिल रहा। यह सभी पदार्थ जनपद के अलग-अलग थानों में दर्ज मामलों से संबंधित थे। कार्रवाई के अंतर्गत थाना पैलानी के 43, कोतवाली नगर के 18, मटौंध के 09, तिंदवारी के 08, कालिंजर के 02, फतेहगंज के 01 अभियोग से संबंधित मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया गया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों के पूर्ण निस्तारण के साथ-साथ समाज में नशे के खिलाफ कड़ा संदेश देना है।

युवक ने दी कुएं में कूदकर दी जान

बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के अमारा गांव में सोमवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। पारिवारिक विवाद के बाद युवक ने सूखे कुएं में कूदकर जान गंवा दी। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, घियनडेरा मजरा अमारा निवासी 23 वर्षीय कृष्ण निषाद पुत्र फूलचंद का शाम करीब 6 बजे घर पर किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि युवक उस समय शराब के नशे में था। विवाद के बाद वह गुस्से में घर से निकल गया और गांव में स्थित एक सूखे कुएं में कूद गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकलवाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ऋषि देव सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

एचटी लाइन की चपेट में आयी कन्वेयर मशीन, टला हादसा

बांदा। मर्का थाना क्षेत्र के तोड़ी पुरवा गांव के पास एक बड़ा हादसा टल गया। कदौरा से चरका गांव की यमुना नदी खदान जा रही एक कन्वेयर मशीन हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गई, जिससे उसमें भीषण आग लग गई। यह घटना सुबह करीब 9 बजे हुई। कन्वेयर मशीन जैसे ही तोड़ीपुरवा के पास पहुंची, वह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गई। देखते ही देखते मशीन में आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक कन्वेयर मशीन के टायर पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे और मशीन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। कन्वेयर मशीन के चालक दशरथ ने बताया कि वे कदौरा से मशीन को चरका खदान ले जा रहे थे। रास्ते में एचटी लाइन छू जाने से मशीन और उसके टायरों में आग लग गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, इससे एक बड़ा हादसा टल गया।

नवीन अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास कार्यक्रम 17 को

ललितपुर। अग्निशमन केन्द्र ललितपुर परिसर में तहसील पाली, तालबेहट, महरौनी एवं मड़ावरा में नव स्वीकृत अग्निशमन केन्द्रों (फायर स्टेशनों) के निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास कार्यक्रम 17 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जनसुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल है, जो मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। जानकारी देते हुये मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन ने बताया कि शिलान्यास समारोह में क्षेत्रीय सांसद अनुराग शर्मा, राज्य सरकार के माव मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में तथा अन्य जनप्रतिनिधीगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधिगणों की मौजूदगी में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा।

पुलिस मुठभेड़ में युवती के हत्यारे गिरफ्तार

जिला संवाददाता

महोबा। पुलिस ने बड़ी कामयाबी प्राप्त करते हुए 24 घंटे के अंदर युवती के हत्यारे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। घटनाक्रम के अनुसार दिनांक 14 अप्रैल 2026 को कण्ट्रोल रुम के माध्यम से थाना कोतवाली नगर को सूचना मिली कि एक युवती का शव सुभाष नगर जेल के पीछे एक जंगल में मिला है। घटना के संबंध में थाना कोतवाली नगर महोबा में धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस एवं जनपदीय एसओजी टीम के साथ पुलिस टीमों का गठन कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने 15 अप्रैल 2026 को प्रेस वार्ता कर बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं जनपदीय एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम डहर्रा की ओर जाने वाली रोड़ में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया तथा पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की। आत्मरक्षार्थ में पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई, जिसमें दोनों अभियुक्त घायल हुए। पूछताछ में दोनो ने अपना नाम धर्मेन्द्र कुमार व सुमित सिंह बताया। दोनो अभियुक्तों को ईलाज हेतु जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया गया है।

जहां डॉक्टरों ने इनकी हालत स्थिर बताई है। पूछताछ में अभियुक्त सुमित सिंह द्वारा बताया गया कि उसका मृतका के साथ प्रेम संबंध था, जिससे उसके पारिवारिक जीवन में विवाद उत्पन्न हो गया था।

मृतका की शादी अन्यत्र तय हो जाने से आक्रोशित होकर अभियुक्त ने अपने साथी धर्मेन्द्र के साथ मिलकर योजना बनाई और गला दबाकर हत्या कर दी।

अवैध खनन और उसका परिवहन करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही-खान अधिकारी

ललितपुर। जनपद में खनिज के अवैध उत्खनन एवं उसका अवैध परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियों का दौर जिला खनिज विभाग द्वारा जारी है। इसी क्रम में जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने अवैध खनन की शिकायत मिलने पर बुधवार की मध्यरात्रि में तहसील महरौनी एवं बानपुर मार्ग पर जामनी दी से बालू का खनन एवं परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये वाहनों को जब्त किया है। जिला खान अधिकारी

टीम द्वारा चलाये गये अभियान में उपखनिज का खनन कर परिवहन करने वालों पर कार्यवाही

अमितोष वर्मा ने बताया कि महरौनी-बानपुर मार्ग पर जामुनी नदी पर बने पुल एवं पुतलीघाट का खनिज विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया जा रहा था इसी दौरान जामनी नदी स्थित पुतलीघाट से चार-पांच लोगों द्वारा नदी तल से बालू खोदकर टैज्क्टर ट्रॉली में भरी जा रही थी, प्रवर्तन दल के आते ही बालू भर रहे लोग अंधेरे का फायदा उठाकर वाहनों को छोड़कर भाग निकले। जिला खान अधिकारी द्वारा इसकी सूचना थानाध्यक्ष बानपुर को दी गई, जिस पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, पुलिस ने वाहनों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान पुलिस ने टैज्क्टर स्वराज 855 को जब्त किया जिसमें उपखनिज बालू एवं मौरम का अवैध खनन एवं परिवहन किया जा रहा था, उक्त वाहन भैरा गांव के गणेश का बताया गया, जिसके द्वारा अवैध खनन का कार्य कराया जा रहा था।

जिला खान अधिकारी ने अवैध खननकताओं को चेताया है कि विभागीय टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं, अगर अवैध तरीके से खनिज का दोहन किया जायेगा और उसका परिवहन करते हुये पकड़ा गया तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं की रैली

बांदा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश में लागू करने को लेकर लोकसभा में पेश होने वाले बिल के समर्थन में भाजपा की महिलाओं ने स्कूटी रैली निकाली। लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। नगर पालिका परिषद से निकाले गये जुलूस को नगर पालिकाध्यक्ष मालती बासू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री ममता मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये देश में बड़ा बदलाव लाने का प्रयास किया है जो कि स्वागत योग्य है स 2026 में भारत नारी शक्ति की भागीदारी का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला है। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अब महिलाओं कि आवाज संसद और विधानसभाओं में और मुखर होगी।

बाबासाहेब अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनायी गयी

ललितपुर। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन शाखा के तत्वावधान में स्थानीय शाखा कार्यालय पर भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। अध्यक्षता कार्यकारी शाखा अध्यक्ष शांतनु पुरोहित ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता नितिन शर्मा, मनोज तिवारी एवं राजेंद्र मीणा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबासाहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके विचारों को अपनाने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम मीणा (एसएससी जनरल), पूरनलाल (शाखा उपाध्यक्ष), सुभाष यादव (शाखा कोषाध्यक्ष), राजेंद्र मीणा (सहायक शाखा सचिव), कैलाश नारायण (शाखा उपाध्यक्ष), प्रेमचंद मीणा (सहायक शाखा सचिव), जितेंद्र नामदेव, मथुरा मीणा, नितिन मालवीय, रिपु सुदन प्रसाद, बने सिंह मीणा, अजय कुमार, रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव सागर अग्निहोत्री ने किया, जबकि अंत में संयुक्त शाखा सचिव सचिन यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

वाहनों की जांच में तीन डंपर सीज, 1.65 लाख का जुर्माना

ललितपुर। जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध पुलिस द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने विभिन्न प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान संदिग्ध एवं ओवरलोड वाहनों की गहन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन ओवरलोड डंपरों (ट्रकों) को सीज किया गया तथा कुल 1 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के तहत अन्य उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित भार क्षमता के अनुसार ही माल परिवहन करने और वैध प्रपत्रों के साथ वाहन संचालन के निर्देश दिए गए। साथ ही यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया तथा अवैध खनन व ओवरलोडिंग से होने वाली दुर्घटनाओं और राजस्व हानि के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा

बांदा। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने पांच सूत्रीय ज्ञापन जनपद के सभी ब्लाकों में खंड विकास अधिकारी को सौंपा। मांग की है कि समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाए।

बुधवार को ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बड़ोखरखुर्द ब्लाक अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, ब्लाक संयोजक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में ब्लाक परिसर में प्रदर्शन करते हुए बीडीओ को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आठ से 10 माह से लंबित तत्काल भुगतान कराया जाए। मासिक मानदेय भुगतान के लिए पृथक बजट की व्यवस्था का प्रावधान किया जाए। मानदेय भुगतान सामग्री अंश से किया जाए। ग्राम रोजगार सेवको के जॉब चार्ट में अन्य कार्य को जोड़ते हुए विभागीय कर्मचारी घोषित किया जाए। मनरेगा कार्यों की बेहतर मानीटरिंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन व डाटा रिचार्ज भत्ता दिया जाए।

ग्राम रोजगार सेवको के ईपीएफ धनराशि उनके यूएन अकाउंट में जमा करा कर जिला स्तरीय अधिकारी से अप्रूवल कराया जाय सहित सदस्यों ने सामूहिक रूप से 16 से 25 अप्रैल तक सांकेतिक कलम पर हड़ताल और 26 अप्रैल को मुख्यमंत्री को ज्ञापन 28 व 29 को सांसद व विधायक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 1 मई को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। इन्हीं सभी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान रामकृष्ण, देशराज निषाद, महेंद्र कुमार, संतराम, जुबैर अहमद, सीमा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

दबंग भू-माफियाओं के आतंक से सहमा दलित परिवार लगायी डीएम से गुहार

ललितपुर। कस्बा बांसी के पुराने बार रोड पर स्थित हरिजन बस्ती के निवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर भू-माफियाओं और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ितों का आरोप है कि दबंग उनकी पुस्तैनी जमीनों को फर्जी दस्तावेजों के सहारे हड़पना चाहते हैं और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में भैयालाल पुत्र नत्थू एवं अन्य स्थानीय निवासियों ने बताया कि उनका परिवार कई पीढि ों से इस स्थान पर निवास कर रहा है। आरोप है कि क्षेत्र के कुख्यात शराब माफिया, भू-माफिया और बी-क्लास हिस्ट्रीशीटर और एक अन्य व्यक्ति ने सरकारी तंत्र से मिलीभगत कर जमीन के फर्जी कागजात तैयार करा लिए हैं।

अब इन कागजातों के दम पर गरीब परिवारों से लाखों रुपयों की अवैध मांग की जा रही है और पैसे न देने पर बस्ती खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है।

प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विपक्षीगणों ने पीड़ितों के घरों पर जाकर उनके साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें अपमानित किया। पीड़ितों का कहना है कि कुल्लू महाराज पहले भी कई गरीबों की जमीनें बाहुबल और धनबल के दम पर हड़प चुका है। अब वह पुलिस और प्रशासन में अपनी पैठ का डर दिखाकर इन गरीब मजदूरों को पलायन करने पर मजबूर कर रहा है। मजदूर और गरीब तबके के इन परिवारों ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन के कागजातों की पारदर्शी जांच कराई जाए।

उन्होंने मांग की है कि भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि वे अपने ही घरों में सुरक्षित रह सकें। पत्र पर भैयालाल समेत बस्ती के कई पुरुषों और महिलाओं के हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान मौजूद हैं।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर जबरन लगाये जाने का आरोप, दिया ज्ञापन

बांदा। दर्जनों ग्रामीणों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर जबरन लगाए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और एक निजी मीटर कंपनी पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग और निजी कंपनी की मिलीभगत से उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मीटर लगाए जा रहे हैं। निजी कंपनी के कर्मचारी उपभोक्ताओं को डरा-धमका रहे हैं।

मीटर न लगवाने पर पुलिस केस दर्ज कराने और दस हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाने की धमकी दी जा रही है, जिसे ग्रामीणों ने असंवैधानिक और अनैतिक बताया है। जिन घरों में पहले से प्रीपेड मीटर लगे हैं, वहां रिचार्ज के बाद बैलेंस स्वतः कट जाने और हजारों रुपये गायब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं के बिल बिना किसी

रिचार्ज के बाद बैलेंस स्वतः कट जाने और हजारों रुपये गायब होने की कई शिकायतें

कारण के माइनस में चले जाते हैं, जिससे उन्हें बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह स्पष्ट करने को तैयार नहीं है कि उपभोक्ता का पैसा कहां जा रहा है। बिल जमा होने के बावजूद बिजली कट जाने से आम जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। ज्ञापन में नियम विरुद्ध लगाए गए प्रीपेड मीटरों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि मीटर जबरन या धमकाकर लगाए गए हैं, तो संबंधित कंपनी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उपभोक्ताओं की इच्छा को देखते हुए पोस्टपेड मीटर की सुविधा बहाल करने की भी मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों ने बिजली विभाग को निर्देशित करने की मांग की है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निस्तारण हो। उन्होंने यह भी मांग की है कि जिन उपभोक्ताओं का बिल जमा है, उनकी बिजली तत्काल जोड़ी जाए और बेवजह बिजली काटना बंद किया जाए।

चौकी प्रभारी समेत 11 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

फतेहपुर। जोनिहां चौकी क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को कार से ले जाने के बाद पीछा करने के दौरान हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत के मामले ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। मामले में लापरवाही सामने आने पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सख्त कार्रवाई करते हुए जोनिहां चौकी प्रभारी अजीत को लाइन हाजिर कर दिया है।इसके साथ ही जिले के छह थानों में तैनात कारखासों पर भी कार्रवाई की गई है। जिन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है, उनमें जहानाबाद से ओम तिवारी, गाजीपुर से ललित मिश्रा, लोकदीप पांडे और बॉबी गुर्जर, हुसैनगंज से विष्णु देव और मनोज कुमार, कोतवाली से रामकुमार पाराशर और राकेश सिंह, जाफरगंज से रामकुमार तथा राधानगर से सुधांशु शुक्ला शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई को लापरवाह और संदिग्ध कार्यशैली वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है। इससे पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में ऐसे और पुलिसकर्मियों पर भी नजर रखी जाएगी, जिनकी कार्यशैली पर पहले से सवाल उठते रहे हैं।जनता का कहना है कि सिर्फ कार्रवाई दिखावे तक सीमित न रहे, बल्कि थानों में लंबे समय से जमे कारखासों की भूमिका की भी गहन जांच होनी चाहिए। लोगों का मानना है कि यदि व्यवस्था में पारदर्शिता लानी है, तो हर उस कर्मचारी पर सख्ती जरूरी है, जिस पर कामकाज से ज्यादा प्रभाव और दबदबे का आरोप लगता है।छोटा और मजबूत हफतेहपुर में एसपी का सख्त एक्शन, चौकी प्रभारी समेत 11 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर और अधिक अखबारी अंदाज में एक जोनिहां चौकी क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे के बाद पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी समेत 11पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। कार्रवाई के दायरे में जिले के कई थानों के कारखास भी आए हैं।

खागा मंडी के अंदर चल रहा वसूली की व्यवस्था

फतेहपुर। जनपद की खागा मंडी समिति इन दिनों गंभीर आरोपों के चलते सुर्खियों में है। सूत्रों के हवाले से सामने आई जानकारी के अनुसार मंडी में टेंडर प्रक्रिया के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली का खेल लंबे समय से चल रहा है। आरोप है कि यह वसूली सीधे तौर पर न होकर गार्ड और अन्य माध्यमों के जरिए कराई जाती है, जिससे पूरे मामले पर पर्दा डाला जा सके।स्थानीय व्यापारियों और संबंधित लोगों का कहना है कि मंडी में काम कराने, टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने या अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए अनौपचारिक भुगतान की मांग की जाती है। यहां तक कि चेक बनाने जैसे सामान्य कार्यों के लिए भी बाबू स्तर पर पैसे लिए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इससे छोटे व्यापारियों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।जब इस मामले में मंडी सचिव से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि इस तरह का कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है और मंडी में सभी कार्य नियमों के अनुसार ही किए जा रहे हैं।

हालांकि, स्थानीय स्तर पर मिल रही लगातार शिकायतें प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं।सूत्रों का यह भी कहना है कि यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं। मंडी में टेंडर के नाम पर धन उगाही और कर्मचारियों द्वारा कथित वसूली की बात सामने आने पर संबंधित अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है।गौरतलब है कि मंडी समितियां किसानों और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए बनाई गई हैं, लेकिन यदि उन्हीं संस्थानों में भ्रष्टाचार पनपने लगे तो इसका सीधा असर स्थानीय अर्थव्यवस्था और भरोसे पर पड़ता है। ऐसे में जरूरत है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुएपारदर्शी जांच कराए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।यदि आरोपों में सच्चाई पाई जाती है, तो यह मामला न केवल मंडी प्रशासन बल्कि जिले के उच्च अधिकारियों के लिए भी बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

कमासिन कस्बे में गंदे पानी की आपूर्ति जनजीवन को खतरा

बांदा। कमासिन कस्बे में जल निगम गंदे पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। यह पीने लायक तो है ही नहीं बल्कि नहाने योग्य भी नहीं है। करीब 25 हजार आबादी की जिंदगी से विभाग खुला खिलवाड़ कर रहा है। लोग गंभीर रोगों की चपेट में आ रहे हैं। कस्बे के उपभोक्ता अरविंद सोनी, बबलू तिवारी, रामाशंकर, पप्पू यादव, ओमप्रकाश सहित कई कस्बा वासियों ने बताया कि इस समय जल निगम द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसके पूर्व जल संस्थान द्वारा गहरे बोर के ट्यूबवेल से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जा रही थी लेकिन करीब 50 साल पुरानी पाइपलाइन जगह-जगह से ध्वस्त हो जाने के कारण सप्लाई बाधित बनी रहती है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कस्बे के नंदनडेरा में टंकी का निर्माण कराया गया था। यहां से जल निगम द्वारा जल संस्थान की पुरानी टंकी में पाइप लाइन डाल करके खटान परियोजना के अंतर्गत यमुना नदी से पाइप लाइनके द्वारा किटहाई में बने प्लांट में बने टंको में पानी की आपूर्ति के बाद सीधे कमासिन, अन्य गांव को सप्लाई की जा रही है लेकिन यह यमुना नदी का पानी इतना गंदा और प्रदूषित है कि पीने के लायक तो है ही नहीं बल्कि नहाने के काबिल भी नहीं है।

कमासिन के उपभोक्ता अरविंद सोनी ने गंदे पानी को एक बोतल में भरकर पहले जल संस्थान के अभियंता और कर्मचारियों को दिखाया। इसके बाद वही बोतल लेकर मीडिया के सामने रखकर गंदे पानी को दिखाया। अरविंद सोनी के अलावा उपभोक्ताओं सहित तमाम उपभोक्ताओं ने प्रदूषित एवं गंदे पानी की सप्लाई होने की शिकायत जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों से करते हुए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति किए जाने की मांग की है। इस संबंध में जल निगम के अवर अभियंता निशांत ने बताया कि जल संस्थान का ट्यूबवेल फेल हो गया है। अब नंदनडेरा में बनी जल निगम की टंकी में पानी किटहाई प्लांट से आ रहा है जो एकदम साफ और सुथरा है लेकिन कमासिन की आपूर्ति जल संस्थान की पुरानी पाइप लाइन में डालकर आपूर्ति की जा रही है। पुरानी पाइपलाइन होने के कारण कहीं क्षतिग्रस्त है जिससे पानी गंदा आ रहा है। जल संस्थान के अवर अभियंता निशांत से बातचीत की गई है। उन्होंने बताया कि लीकेज पाइपलाइन को दुरुस्त कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही स्वच्छपानी की आपूर्ति होगी।

किसना हीरा-सोने के आभूषणों के शोरूम का हुआ उद्घाटन

ललितपुर। शहर के स्टेशन रोड पर आज हरि कृष्णा ग्रुप द्वारा किसना ब्रांड के हीरा एवं सोने के आभूषणों के नए ज्वैलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक व प्रबंध निदेशक धनश्याम ढोलकिया एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड. मौजूद रहे।

जनपदवासियों को अब महानगरों जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी

इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण और नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने शोरूम का अवलोकन कर यहां उपलब्ध आधुनिक डिजाइन के हीरा एवं स्वर्ण आभूषणों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठित ब्रांड के आगमन से ललितपुर के लोगों को अब महानगरों जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। शोरूम के संचालक सुधीर श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव एवं आकर्ष श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि ग्राहकों को यहां उच्च गुणवत्ता के आकर्षक एवं नवीनतम डिजाइन के आभूषण उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्राहकों की संतुष्टि और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर हरीश कपूर टीटू, राजीव श्रीवास्तव, डा.आर.के. अग्रवाल, डा.रामगोपाल साहू, हरीराम निरंजन, श्रीमती उमा श्रीवास्तव, श्रीमती कनुप्रिया श्रीवास्तव, अंशुल बड़कुल, सतीश जैन बंटी, अनुपमा जैन, अजय पटैरिया, राजेश पुरोहित, ए.पी.सिंह सहित अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

घर के बाहर खाने को लेकर विवाद, नौ घायल

अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र के रेतिया मोहल्ले में घर के सामने खाना खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक टकराव में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर हाथापाई हुई। घटना में कुल नौ लोग चोटिल हुए, जिनमें एक पक्ष के छह और दूसरे पक्ष के तीन लोग शामिल हैं। झड़प के दौरान एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप है, जिससे छह लोग घायल हो गए। घायलों में से दो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी की स्थिति फिलहाल सामान्य है। केंट थाना प्रभारी संदीप सिंह के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच विवाद की शुरूआत मामूली बात से हुई थी, जो बाद में बढ़कर मारपीट में बदल गई। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त द्वितीय, चित्रकूटधाम मंडल-बांदा
(बदस्त अवाम फरोक्त के लिए)
इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्रर
वाद सं.-सी202507000000348
बअदालत मुकाम अपीलांट
वीरेन्द्र कुमार ....आदि
बनाम
कृष्णकुमार पुत्र राजनरायण, नि.ग्रा.-करहराकलॉ, तहसील व जिला-महोबा

रेस्पान्डेन्ट मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिग्री इस मुकदमे में मुसम्मी वादी ने पेश किया और यह अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत ने तारीख 29 महीना 04 सन 2026 ई0 वास्तें समाअत इस अपील से मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपके वकील या अन्य कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरफ अपील हाजा में जवाब इस सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आएगा तो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा की जाएगी। आज बतारीख 13 महीना 04 सन 2026ई0 को मेरे दस्खत और मोहर अदालत हवाले किया गया।

न्यायालय

संक्षेप

पिरामल फाइनेंस ने किया विस्तार

मुंबई। रिटेल क्षेत्र पर ध्यान देने वाली प्रमुख एनबीएफसी कंपनी पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की घोषणा की है। यह उपलब्धि भारत के क्षेत्रीय और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, खासकर उत्तर प्रदेश में, कंपनी की मजबूत वृद्धि और अच्छे प्रदर्शन को दशार्ती है। उत्तर प्रदेश पिरामल फाइनेंस लिमिटेड के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है। कानपुर, वाराणसी, और आगरा जैसे प्रमुख शहरों में कंपनी की 53 शाखाएं हैं, जहां कंपनी ने मजबूत लोन व्यवसाय खड़ा किया है। उत्तर प्रदेश में होम लोन और बिजनेस लोन की मांग लगातार बढ़ रही है, जो उभरते शहरों और कस्बों के विकास के कारण बढ़ रही है। पिछले चार सालों में पिरामल फाइनेंस ने अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2021 में कंपनी की 20 से भी कम शाखाएं थीं, वहीं अब यह बढ़कर 26 राज्यों के 460 शहरों में 650 से अधिक शाखाओं तक पहुंच गई हैं।

केएफसी ने पेश किया ऑल न्यू क्रिस्पी शावरमा रैप

मुंबई। केएफसी इंडिया भारत के शावरमा के लिए लाया है ऑल-न्यू क्रिस्पी शावरमा रैप एक वॉउ ट्विस्ट के साथ।यह ऑल-न्यू मेन्यू आइटम, आपके जाने-पहचाने फेवरीट में एक केएफसी ट्विस्ट है। केएफसी का क्रिस्पी शावरमा रैप स्वादिष्ट, टोस्टेड टॉर्टिला रैप के साथ आता है, जो केएफसी की मशहूर क्रिस्पी पेरी-पेरी चिकन स्ट्रिप्स, क्रीमी शावरमा मेयो, फ्रेश लेट्यूस और टैंगी पिकल्ड मेडिटेरेनियन वैजीज से भरपूर है।ऑल न्यू केएफसी क्रिस्पी शावरमा रैप पूरे भारत में 1300+ केएफसी रेस्टोरेंट में डाइन-इन और टेकअवे के लिए केवल रुपये 169 की शुरूआती कीमत में उपलब्ध है। इसे केएफसी ऐप, वेबसाइट https://online.kfc.co.in/ या मुख्य फूड डिलीवरी ऐप्स से भी ऑर्डर किया जा सकता है।

ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने वर्ष 2026-29 के लिए गवर्निंग बॉडी चुनावों की घोषणा की

नई दिल्ली। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) ने शासी निकाय की 53वीं बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के बाद वर्ष 2026-29 के लिए अपने आगामी शासी निकाय चुनावों को कराने की औपचारिक घोषणा की है। यह निर्णय, लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और मजबूत संस्थागत शासन को लेकर इस चैंबर की सतत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ये चुनाव इस संगठन के स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार कराए जाएंगे। ब्रिक्स सीसीआई अपने आंतरिक शासन की रूपरेखा को निरंतर मजबूत करते हुए ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए सतत रूप से समर्पित है।

एक व्यवस्थित नीतिगत पहल के तहत पीएनजी विस्तार में तेजी

मुंबई। भारत सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच को मजबूत करने और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से, एक समन्वित नीतिगत ढाँचे के तहत पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार में तेजी लाने का काम शुरू किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। तेजी से हो रहे इस विस्तार के तहत, मार्च 2026 के बाद से लगभग 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं, जबकि 4.88 लाख अतिरिक्त उपभोक्ताओं ने नए पीएनजी कनेक्शन के लिए रजिस्टर किया है। इन आँकड़ों से साफ है कि नीतिगत विस्तार के चलते पीएनजी के अडॉप्शन में जबरदस्त तेजी आई है। सरकार की पीएनजी विस्तार रणनीति के तहत ये प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026 की अधिसूचना भी शामिल है, जो तय समय-सीमा के भीतर शहरी गैस वितरण इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन को संभव बनाती है। घरों तक पीएनजी की पहुँच को और अधिक तेजी से बढ़ाने के लिए, सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून 2026 तक आगे बढ़ा दिया है। इस अभियान के द्वारा जल्द से जल्द कनेक्शन देने, माँग बढ़ाने, और केंद्रीय एजेंसियों, सीजीडी संस्थाओं एवं राज्य प्रशासनों के बीच आपसी तालमेल के साथ कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

सेंसेक्स में 1264 अंकों की उछाल

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय यह 1,422.85 अंक चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध समाप्ति के करीब है और दोनों देशों के बीच वार्ता फिर शुरू होने की संभावना है। मीडिया की खबरों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में बातचीत का दूसरा दौर हो सकता है। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ाई, जिससे बाजार में खरीदारी लौटी। भू-राजनीतिक तनाव में कमी के स्पष्ट संकेतों ने घरेलू बाजार में तेजी को समर्थन दिया। अमेरिका एवं ईरान के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने की उम्मीद और उसकी वजह से कच्चे तेल में आई नरमी ने मुद्रास्फीति चिंताओं को कम किया है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 2.55 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड ने सर्वाधिक 3.30 प्रतिशत की बढ़त हासिल की जबकि फोकस आईटी खंड में 3.09 प्रतिशत, औद्योगिक खंड में 2.90 प्रतिशत और बिजली खंड में 2.87 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,585 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 802 शेयरों में गिरावट रही और 126 अन्य अपरिवर्तित रहे।

अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल, सोना भी 3000 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। अक्षय तृतीया त्योहार से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,800 रुपये बढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 3,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

अक्षय तृतीया को कीमती धातुओं की खरीद के लिए शुभ दिन माना जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 19 अप्रैल है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी सोमवार के बंद स्तर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,800 रुपये या 4.81 प्रतिशत बढ़कर 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,000 रुपये या करीब दो प्रतिशत बढ़कर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार मंगलवार को छुट्टी की वजह से बंद था। कारोबारियों ने इस तेज बढ़त की वजह त्योहार से पहले की खरीदारी को बताया, जो मजबूत खुदरा मांग की उम्मीदों के बीच हुई। अक्षय तृतीया आभूषण उद्योग के लिए सबसे खास समय में से एक है, जो परंपरा और सोने से जुड़े मूल्य की वजह से चलता है। हालांकि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है, लेकिन ग्राहकों का इरादा मजबूत बना हुआ है, और वे हल्के, कई तरह से इस्तेमाल होने वाले और डिज़ाइन वाले आभूषणों को पसंद कर रहे हैं जो बदलती जीवनशैली के हिसाब से हों। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं में गिरावट देखी गई।

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच नए कूटनीतिक प्रयासों की उम्मीद के बीच बुधवार को शेयर बाजार में जोरदार तेजी आई जिससे निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत उछलकर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,422.85 अंक यानी 1.85 प्रतिशत चढ़कर 78,270.42 अंक तक पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 9,41,461.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,55,016.77 करोड़ रुपये (4,910 अरब डॉलर) हो गया।

रुपया नौ पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.44 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद हुई बढ़ोतरी और घरेलू मुद्रास्फीति के उच्च आंकड़ों के कारण बाजार का रुझान कमजोर हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.19 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 93.13 के उच्च स्तर तक पहुंचा। अंततः यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.44 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 52 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.35 पर बंद हुआ था। आंबेडकर जयंती के मौके पर मंगलवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। रुपया होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बना हुआ है...निकट भविष्य में, रुपये के 93.10 से 93.65 के दायरे में कारोबार करने के आसार हैं। इसकी दिशा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.5 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 97.95 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 1,263.67 अंक या 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर जबकि निफ्टी 388.65 अंक या 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,231.30 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96.21 डॉलर प्रति बैरल रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को शुद्ध बिकवाल रहे।

प्याज की कीमतों में गिरावट रोकने की अपील

मुंबई। एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल ने बुधवार को कहा कि निर्यात रुकने के बाद प्याज की कीमतों में भारी गिरावट की वजह से किसान बहुत परेशान हैं, जबकि उत्पादन लागत ज्यादा बनी हुई है। उन्होंने इस संदर्भ में सरकार से दखल देने की अपील की।

हालांकि, महाराष्ट्र के प्याज किसानों ने आरोप लगाया है कि उनकी आर्थिक तंगी के लिए केंद्र और विपक्ष दोनों जिम्मेदार हैं। इसने राज्य के सभी सांसदों से एक साथ आकर रसोई की इस जरूरी चीज पर चिंता जताने की अपील की। पाटिल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि प्याज उत्पादन की लागत लगभग 2,200 प्रति क्विंटल है, जबकि किसानों को अभी बाजार में केवल, 900 से 1300 प्रति क्विंटल का दाम ही मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान दोहरे संकट का सामना कर रहे हैं, पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से निर्यात पर असर पड़ा है और बेमौसम बारिश की वजह से कटाई के चरण पर पहुंच चुकी फसलों को नुकसान हुआ है। पाटिल ने राज्य सरकार से तुरंत दखल देने, प्याज का निर्यात फिर से शुरू करने की कोशिश बढ़ाने और किसानों को राहत देने के लिए सही कीमत का ऐलान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान समुदाय बहुत ज्यादा तनाव में है।

व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल अगले सप्ताह अमेरिका जायेगा

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकार वाशिंगटन में 20 अप्रैल से दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि फरवरी में अंतिम रूप दिए गए समझौते को अमेरिकी शुल्क ढांचे में हुए बदलावों को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है।

इसके साथ ही अग्रवाल ने कहा कि इस व्यापार समझौते पर आगे चर्चा की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व में भारतीय दल इस महीने की 20 तारीख से अमेरिका का दौरा करेगा। वार्ता दल लगभग तीन-चार महीनों के बाद व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। हम समझौते के कानूनी ढांचे को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जो सात फरवरी को जारी संयुक्त बयान का अगला तार्किक कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने अमेरिका द्वारा भारत सहित कई देशों के खिलाफ धारा 301 के तहत शुरू की गई दो जांचों पर भी इस बैठक में चर्चा की जाएगी। दोनों पक्ष साथ बैठेंगे और चर्चा करेंगे कि इन मुद्दों को कैसे संबोधित करने की जरूरत है। भारत और अमेरिका समय-सीमा और अगले कदमों को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। दोनों देशों के व्यापार अधिकारियों के बीच यह द्विपक्षीय बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दे चुके हैं। इस समझौते पर पहले मार्च में हस्ताक्षर होने थे लेकिन अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद शुल्क संरचना में हुए बदलाव से स्थिति बदल गई है। आधिकारिक सूत्रों ने पहले कहा था कि इस समझौते पर अब अमेरिका की नई वैश्विक शुल्क संरचना लागू होने के बाद ही हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा फरवरी में की थी। उस रूपरेखा के अनुसार अमेरिका, भारत पर शुल्क को 18 प्रतिशत तक घटाने पर सहमत हुआ था। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक जवाबी शुल्क के खिलाफ आए अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद इस शुल्क संरचना में बदलाव हो गया है। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया।

एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग 98 फीसदी तक बढ़ी

मुंबई। एलपीजी की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं की सोच में साफ और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है; कमी की चिंता और घबराहट में खरीदारी के बजाए अब आपूर्ति में उनका भरोसा बढ़ा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, भारत सरकार की सख़्त कार्रवाई, लगातार आपूर्ति और ज्यादा पारदर्शिता के चलते उन्हें विश्वास हो गया है कि बिना किसी रूकावट के एलपीजी की आपूर्ति जारी रहेगी।

यही कारण है कि उनका व्यवहार अब शांत हो गया है, जो डिजिटल तरीकों के अडॉप्शन में तेजी और जमाखोरी की घटनाओं में आई कमी से साफ जाहिर होता है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, मार्च 2026 से अब तक 1.28 लाख से ज्यादा इंस्पेक्शन किए गए और छापे मारे गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 59,000 से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इन लक्षित कार्रवाइयों का उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी वितरण प्रणाली लगातार मजबूत हो रही है। घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है और कहीं भी सिलेंडर की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है; एक ही दिन में 51 लाख से ज्यादा परिवारों को एलपीजी सिलेंडर मिले हैं। ज्यादातर डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स रविवार को भी काम कर रही हैं ताकि बिना किसी रुकावट के आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और उपभोक्ताओं की मांग पूरी होती रहे। इसके साथ ही, विभिन्न सेगमेन्ट्स में आपूर्ति की स्थिरता बनी हुई है; खाद्य, पॉलिमर और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए थोक गैर-घरेलू एलपीजी की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी गई है। कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार एवं रिफाइनरी के अनुकूल संचालन के चलते 23 मार्च से अब तक 10 लाख से ज्यादा कमर्शियल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

पेज एक का शेष

धनंजय सिंह पर

तत्कालीन विधायक और पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ चार पहिया वाहन से लौट रहे थे। जब उनका काफिला वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हॉल के पास पहुंचा, तभी बोलेरो से उतरे गोसाईगंज (वर्तमान में अयोध्या) के विधायक अभय सिंह और उनके साथियों ने कथित रूप से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में धनंजय सिंह, उनके गनर, चालक सहित कई लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद धनंजय सिंह ने इस मामले में अभय सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस की विवेचना के दौरान अन्य आरोपियों के रूप में विनीत सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह रघुवंशी, विनोद सिंह और सतेंद्र सिंह के नाम भी सामने आए। इसके बाद सभी आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय एमपी/एमएलए में चल रही थी, जहां दोनों पक्षों की बहस पहले ही पूरी हो चुकी थी। बुधवार को तय तिथि पर अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद आरोपियों की ओर से संतोष जताया गया। विनीत सिंह के अधिवक्ता वरुण प्रताप सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ देश के किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। वहीं, विधायक अभय सिंह ने भी खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि धनंजय सिंह ने ही उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया था। करीब दो दशक पुराने इस बहुचर्चित मामले में आए फैसले के बाद एक लंबे समय से चल रही कानूनी प्रक्रिया का अंत हो गया। अदालत के इस निर्णय को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है।

बाहरी तत्वों

को आगे बढ़ाने के लिए कृतज्ञता का भाव आवश्यक है। यह समझना जरूरी है कि किस समूह के कारण हम आगे बढ़ रहे हैं और जो देश के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है। हर कार्मिक को टीमवर्क, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, क्योंकि यही भाव दीर्घकालिक सफलता का आधार बनता है। किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को समूह या प्लांट के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने टाटा ग्रुप की कार्यसंस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समूह अपने कार्मिकों के साथ परिवार जैसा संबंध रखता है, और इसी पारिवारिक भावना को बनाए रखते हुए संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह क्षण हम सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता का प्रतीक है, जब 34 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तय करते हुए टाटा मोटर्स ने लखनऊ प्लांट से 10 लाखवीं बस को लॉन्च किया। यह उपलब्धि केवल एक इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन मात्र नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड है जो भारत को और भारत की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर रही है। यह ह्यमाइलस्टोन मोमेंटह्ल नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की उस उड़ान का प्रतीक है, जो रुकने के लिए नहीं, बल्कि निरंतर ऊंचाइयों को छूते हुए विकास, विश्वास और खुशहाली को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मोमेंटम की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक एम नहीं, बल्कि मास और वेलोसिटी का समन्वय है। जहां द्रव्यमान होता है, वहां गति स्वतः उत्पन्न होती है और यही गति नई ऊर्जा व ताकत प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में यह मासेस 25 करोड़ की विशाल आबादी और 56 प्रतिशत युवा वर्कफोर्स के रूप में सामने आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार इस जनशक्ति को स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़कर उसे मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स में परिवर्तित कर रही है, जिससे प्रदेश विकास की नई रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है। वी, यानी वेलोसिटी को डबल इंजन सरकार की डबल स्पीड का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास का मोमेंटम अब केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। तेजी से विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे समेत बेहतर सड़क नेटवर्क और सुदृढ़ कनेक्टिविटी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए मजबूत आधार तैयार कर रही है।

इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश का मजबूत केंद्र बना उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 9 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, खराब कनेक्टिविटी और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था, जहां सड़क और गड्ढे में अंतर करना तक मुश्किल होता था और निवेशक आने से हिचकते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज प्रदेश ने एक नई दिशा प्राप्त की है, जहां बेहतर कानून-व्यवस्था और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने विकास की मजबूत नींव रखी है। प्रदेश आज औद्योगिक प्रगति की नई दिशा देते हुए निवेश और उत्पादन के लिए एक आकर्षक केंद्र बन रहा है। प्रदेश में इस समय देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 55% हिस्सा मौजूद है। गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन इसी माह प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से किया जाना प्रस्तावित है। इसके बाद एक्सप्रेसवे में यूपी की हिस्सेदारी 60% तक पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन से लेकर आज तक टाटा की बसों और अन्य भारी वाहनों के माध्यम से लोगों की यात्राओं व आवश्यकताओं की पूर्ति को हर भारतीय ने देखा और महसूस किया है। चाहे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सामान पहुंचाना हो या रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना, टाटा हमेशा भरोसे के साथ खड़ा रहा है। यही कारण है कि टाटा ग्रुप आज देश में अटूट विश्वास का प्रतीक बन चुका है। टाटा मतलब ट्रस्ट केवल एक धारणा नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों का अनुभव है।

यूपी में टाटा

औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि सप्लायर्स, पार्टनर्स और स्थानीय समुदाय के साथ विकसित एक सशक्त इकोसिस्टम है, जो टाटा समूह और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच विश्वास और साझेदारी का प्रतीक है। 34 वर्षों में 10 लाख वाहनों के उत्पादन का यह माइलस्टोन इस मजबूत संबंध और निरंतर विकास यात्रा को दर्शाता है। एन चंद्रशेखरन ने विश्वास जताया कि जिस प्रकार अब तक की प्रगति हुई है, अगले पांच वर्षों में 20 लाख वाहनों के उत्पादन का लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था आने वाले दशकों में वैश्विक स्तर पर सबसे तेज गति से बढ़ेगी और उत्तर प्रदेश इस विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाएगा। एन चंद्रशेखरन ने बताया कि टाटा मोटर्स का पोर्टफोलियो तेजी से विस्तृत हो रहा है, जिसमें पारंपरिक डीजल वाहनों के साथ-साथ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और भविष्य में हाइड्रोजन आधारित वाहन भी शामिल होंगे। इससे उत्तर प्रदेश न केवल देश के लिए, बल्कि वैश्विक बाजार के लिए भी एक महत्वपूर्ण मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात केंद्र बन सकता है।

बिहार के

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी, खेल, सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज विभाग रखे हैं। जबकि जनता दल यूनाइटेड के खाते में फिलहाल 18 विभाग ही आए हैं, जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दूसरे उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को ग्रामीण विकास, परिवहन, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य का शासन मोदी-नीतीश मॉडल पर ही आगे भी चलता रहेगा। मैं तुरंत राज्य की समृद्धि के लिए काम शुरू करूंगा। यह स्पष्ट रहना चाहिए कि बिहार मोदी-नीतीश मॉडल पर ही शासित होता रहेगा।

सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही कई अहम राजनीतिक उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की हैं। वह बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने हैं। इसके साथ ही वह उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जो उपमुख्यमंत्री पद से सीधे मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। करीब 59 वर्षों बाद यह उपलब्धि दोहराई गई है। इससे पहले 1967 में उपमुख्यमंत्री बने जननायक कर्पूरी ठाकुर ने 1977 में मुख्यमंत्री पद संभाला था।

महिलाओं की

जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत महिला समूहों के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में कार्य हो रहा है। उन्होंने वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान मिल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में लाखों महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से लखपति दीदी बनकर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है, साथ ही उनकी सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत करने के लिए समान नागरिक संहिता जैसे कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि यह कानून महिलाओं को राजनीतिक सशक्तिकरण की नई पहचान देगा और उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा। प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि यह पहल महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व ही नहीं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में नेतृत्व प्रदान करती है। कार्यक्रम में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, विधायक सविता कपूर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, डॉ. गीता खन्ना, पद्मश्री माधुरी बर्थवाल, दीप्ति रावत और रूचि भट्ट सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

26 जिलो

किसानों की आय बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर लोग कीटनाशकों से प्रभावित वस्तुओं से होने वाली बीमारियों से भी बच रहे हैं। किसानों का रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर खर्च घटा है, वहीं दूसरी ओर मिट्टी की उर्वरता बेहतर हुई है। इसके चलते जैविक उत्प

लखनऊ ने बेंगलुरु को दिया 147 रन का लक्ष्य

आईपीएल : मार्श ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये, रसिख ने 4, भुवनेश्वर ने 3 विकेट लिये

एजेंसी

बेंगलुरु । आईपीएल-19 का 23वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला जा रहा है। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल-19 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 147 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ 20 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर मिचेल मार्श ने 40, मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन की पारी खेली। रसिख सलाम ने 4 विकेट झटके। जबकि भुवनेश्वर कुमार को 3 विकेट मिले। क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट झटके। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। लखनऊ ने 19.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 145 रन बना लिए हैं। आवेश खान और दिग्वेश राठी क्रीज पर हैं।

मुकुल चौधरी (39 रन) रसिख सलाम ने बोल्ड कर दिया। 19वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने मोहम्मद शमी और जार्ज लिंडे को लगातार दो बॉल पर आउट किया, लेकिन हैट्रिक हासिल नहीं कर सके। 16वें ओवर में रसिख सलाम ने आयुष बडोनी को कैच कराया। पंत पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, वे 16वें ओवर में बैटिंग करने लौटे, लेकिन 17वें ओवर में आउट हो गए। 12वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने अब्दुल समद को कप्तान रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया। उन्होंने मिचेल मार्श को भी बोल्ड किया। 7वें ओवर में जोश हेजलवुड ने निकोलस पूरन (एक रन) को बोल्ड किया। ऐडन मार्करम (12 रन) को रसिख सलाम ने कैच कराया। लखनऊ ने 18 ओवर में 6 विकेट खोकर 135 रन बना लिए हैं। मुकुल चौधरी और इम्पैक्ट प्लेयर जॉर्ज लिंडे क्रीज पर हैं। रसिख सलाम ने 16वें ओवर में आयुष बडोनी को कैच कराया। पंत पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, वे 16वें ओवर में बैटिंग करने लौटे, लेकिन 17वें ओवर में आउट हो गए। 12वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने अब्दुल समद को कप्तान रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया। उन्होंने मिचेल मार्श को भी बोल्ड किया। 7वें ओवर में जोश हेजलवुड ने निकोलस पूरन (एक रन) को बोल्ड किया। ऐडन मार्करम (12 रन) को रसिख सलाम ने कैच कराया। 17वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बॉल भुवनेश्वर कुमार ने लो फुल टॉस फेंकी। ऋषभ पंत ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। फिल सॉल्ट ने आगे की ओर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। पंत 1 रन ही बना सके। 16वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बॉल रसिख सलाम ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। आयुष बडोनी ने शॉट खेला, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। बडोनी ने 38 रन बनाए। बडोनी के बाद ऋषभ पंत बैटिंग करने आए। वे पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। पहली पारी में 5 ओवर का खेल बाकी है। टीम ने 83 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे, यहां से मुकुल चौधरी और आयुष बडोनी ने टीम को संभाल लिया। फउइ से रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार के 2-2 ओवर बाकी हैं। वहीं एक ओवर जोश हेजलवुड का बचा है। 14वें ओवर में लखनऊ ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। क्रुणाल पंड्या के ओवर की 5वीं बॉल पर मुकुल चौधरी ने छक्का लगाया। इसी छक्के से टीम का स्कोर 100 पार हो गया। 12वें ओवर की दूसरी बॉल पर लखनऊ ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर अब्दुल समद जीरो पर आउट हुए। उन्हें क्रुणाल पंड्या ने रजत पाटीदार के हाथों कैच कराय। अब्दुल अपना खाता भी नहीं खोल सके। 10वें ओवर की 5वीं बॉल पर लखनऊ ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर मिचेल मार्श 40 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें क्रुणाल पंड्या ने बोल्ड कर दिया। 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर मिचेल मार्श को जीवनदान मिला। सुयश शर्मा की बॉल मार्श के पैड पर लगी। लेकिन, फील्ड अंपायर ने नॉटआउट करार दिया।

ऐसे में आरसीबी ने रिव्यू की मांग की। वीडियो से पता चला कि बॉल का कुछ हिस्सा लेग स्टंप पर लग रहा था। ऐसे में मार्श अंपायर्स कॉल पर बच गए। 8वें ओवर में लखनऊ ने 50 रन का आंकड़ा पूरा कर लिया। यहां पर क्रुणाल पंड्या की आखिरी बॉल पर मार्श ने छक्का लगाया। इसी छक्के के साथ टीम ने 50 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। 7वें ओवर की पहली बॉल पर लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर जोश हेजलवुड ने निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया। पूरन महज एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ की शुरूआत खराब रही। टीम ने 35 रन बनाने वाले में ऐडन मार्करम का विकेट भी गंवा दिया। जबकि, कप्तान ऋषभ पंत रिटायर हर्ट हुए। 5वें ओवर में जोश हेजलवुड की बॉल ऋषभ पंत की कोहनी पर लगी। वे रिटायर हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। निकोलस पूरन बैटिंग करने आए हैं। चौथे ओवर की आखिरी बॉल पर लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। यहां पर ऐडन मार्करम 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रसिख सलाम ने देवदत्त पडिक्कल के हाथों कैच कराया। तीसरे ओवर में मिचेल मार्श ने भुवनेश्वर कुमार की बॉल छक्का लगाया। उन्होंने मिडविकेट बाउंड्री पर 102 मीटर का छक्का लगाया। बॉल स्टेडियम की छत पर गई। पहला ओवर डाल रहे भुवनेश्वर कुमार ने 9 रन खर्च किए। उनकी दूसरी बॉल पर मिचेल मार्श ने चौका लगाया। हालांकि, यहां पर देवदत्त पडिक्कल के पास कैच का हाफ चांस था।

अजेय पंजाब के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा मुंबई

मुंबई। पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वैसे अगर मुंबई को अगर वापसी करनी है तो उसके सभी खिलाड़ियों को अपना योगदान देना होगा।

मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे इस क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। उसने चार मैचों में पहले छह ओवरों के महत्वपूर्ण चरण में केवल तीन विकेट लिए हैं। इसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल है जिसमें पावरप्ले 3.2 ओवर का था।

जसप्रीत बुमराह रन रोकने में तो सफल रहे हैं, लेकिन यह स्टार भारतीय तेज गेंदबाज अब तक चार मैचों में विकेट नहीं ले पाया है। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद मुंबई इंडियंस की गेंदबाज अभी तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं। यहां तक की बल्लेबाजी में भी मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का पूरा फायदा नहीं उठा पाया है। इससे उसके मध्यक्रम पर दबाव बन रहा है। उसके मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने काफी हद तक निराश किया है। भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार ने एक अर्धशतक लगाया है लेकिन तिलक ने अब तक 20, 00, 14 और 01 रन ही बनाए हैं। टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की अनुपलब्धता मुंबई इंडियंस के लिए एक और समस्या है। मुंबई इंडियंस को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

इसके लिए कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी जिम्मेदार नहीं है बल्कि टीम का अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाना है। आरसीबी के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने लगातार ऐसी गेंदें फेंकीं जिन्हें बल्लेबाजों ने बाउंड्री के पार पहुंचाया, जबकि उसके बल्लेबाज पावरप्ले में दबाव नहीं बना सके। मुंबई के दोनों स्पिनर मयंक मार्कंडे और मिचेल सैंटनर को हर बार अपनी लेंथ से भटकने के कारण नुकसान उठाना पड़ा। पिछले सत्र की तरह श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने एक बार फिर अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

इसका एक नमूना सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में देखने को मिला जिसमें उसने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 93 रन बनाए थे। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की जोड़ी खतरनाक नजर आ रही है, जबकि अय्यर के आत्मविश्वास और कूपर कोनोली के आने से उसकी टीम और भी मजबूत हो गई है।

पंजाब किंग्स की गेंदबाजी की बात करें तो उसके मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अब तक खेले गए चार मैचों में 84 गेंदों पर 149 रन लुटाए हैं और केवल दो विकेट ही लिए हैं। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

संक्षेप

वैशाली ने झोंझी से ड्रॉ खेला खिताब की दौड़ में बरकरार

पाफोस (साइप्रस)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने चीन की झोंझी तान से ड्रॉ खेला और वह महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ में बनी हुई हैं। कजाखस्तान की बिबिसेरा असायुबायेवा ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराकर खिताबी मुकाबला रोचक बना दिया है। पुरूष वर्ग में आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला और आठ खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में वह सातवें स्थान पर हैं। उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने एक दौर बाकी रहते खिताब जीत लिया है और इस साल के आखिर में वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये भारत के डी गुकेश को चुनौती देंगे। महिला वर्ग में वैशाली और असायुबायेवा के 7-5 अंक हैं। वैशाली को 14वें और आखिरी दौर में कैटरीना लाग्नो से खेलना है जबकि असायुबायेवा का सामना दिव्या देशमुख से होगा।

अभिषेक व अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

नयी दिल्ली। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

न्यूजीलैंड ने पापुआ न्यू गिनी को हराया, विश्व कप के लिए क्वालीफाई

एजेंसी

ऑकलैंड। न्यूजीलेंड ने ओसियाना महासंघ क्वालीफाइंग सीरीज में बुधवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले महीने होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।

डोपिंग उन्मूलन में सहयोग के लिए सीबीआई के विशेष निदेशक से मिले वाडा प्रमुख

नयी दिल्ली। भारत दौरे पर आये विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने बुधवार को संगठित डोपिंग और इसके पीछे काम करने वाले आपराधिक नेटवर्क से निपटने में सहयोग पर चर्चा के लिये सीबीआई के विशेष निदेशक मनोज शशिधर से मुलाकात की। बांका ने सोमवार को राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी के अधिकारियों से मुलाकात करके भारत में खेल की शुचिता की रक्षा के लिये अत्यावश्यक और गंभीर चर्चा की थी। वह बृहस्पतिवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे जिसमें डोपिंग में भारत के खराब रिकॉर्ड के मसले पर भी बात होगी। बांका ने एक्स पर लिखा केंद्रीय जांच ब्यूरो के विशेष निदेशक मनोज शशिधर से दिल्ली में अहम मुलाकात हुई।

गोल्फः शुभंकर को बोल्डर्स क्लासिक में दो शॉट की बढत

हैदराबाद। शुभंकर शर्मा ने लगातार दूसरे दिन छह अंडर 66 स्कोर करके एक करोड़ रूपये ईनामी राशि के पहले बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद बुधवार को दो शॉट की बढत बना ली है। छह बार डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई विजेता शुभंकर जमशेदपुर में दिसंबर 2021 में टूर चैम्पियनशिप जीतने के बाद टूर पर पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

कोलकाता के दिव्यांशु बजाज सात अंडर 65 स्कोर करके दूसरे स्थान पर हैं। हैदराबाद के विशेष शर्मा तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। हनी बैसोया कल संयुक्त 42वें स्थान पर थे लेकिन आज संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए जिनका कुल स्कोर आठ अंडर 136 है।

तमिलनाडु, बंगाल व दिल्ली जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

देहरादून। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली ने शुरू में ही अपना दबदबा बनाते हुए बुधवार को यहां यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-19 लड़कियों के टीम वर्ग में अपने-अपने ग्रुप से प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। लीग मैच का सिर्फ एक दौर बाकी है जिसमें तेलंगाना बनाम पंजाब (ग्रुप ए), उत्तराखंड बनाम असम (ग्रुप बी), और पीएसपीबी बनाम चंडीगढ़ (ग्रुप सी) मुकाबले होने हैं लेकिन इन मुकाबलों के नतीजों का तीन प्रमुख टीम पर अधिक असर नहीं पड़ेगा जिन्होंने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। महाराष्ट्र (ग्रुप डी), उत्तर प्रदेश (ग्रुप ई), एनसीओई (ग्रुप एफ), कर्नाटक (ग्रुप जी), और गुजरात (ग्रुप एच) ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। कड़े ग्रुप सी में मेजबान उत्तराखंड अपना मैच पश्चिम बंगाल से 0-3 से हार गया लेकिन बुधवार को ही अपने आखिरी दौर के मैच में असम के खिलाफ टीम के पास वापसी की उम्मीद होगी। छत्तीसगढ़ और केरल के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें छत्तीसगढ़ ने तनावपूर्ण निर्णायक मैच में जीत हासिल करके मुकाबला अपने नाम किया। ग्रुप एफ में एनसीओई ने हरियाणा को हराया।

अश्विन ने गायकवाड़ को बल्लेबाजी में बदलाव करने को कहा

चेन्नई। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार दो जीत से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर दबाव कम होगा। उन्होंने इसके अलावा खराब फॉर्म में चल रहे इस सलामी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करने की सलाह भी दी। पांच बार की चैंपियन सीएसके ने शुरुआत में लगातार तीन हार झेली लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शानदार वापसी की। अश्विन ने जियोस्टार पर कहा, कप्तान के तौर पर उन्हें दो जीत मिल चुकी हैं, जिससे वह सहज महसूस करेंगे। सच कहूं तो अगर मैं डगआउट में होता या रुतुराज गायकवाड़ होता तो ज्यादा चिंता नहीं करता।

खेलमंत्री से मिले वाडा प्रमुख, डोप नियंत्रण उपायों के प्रभावी अमल पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली। भारत दौरे पर आये विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने बुधवार को खेलमंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करके देश में वैश्विक मानदंडों के अनुरूप डोपिंग निरोधक उपायों पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर बात की।

रोहित का पंजाब के खिलाफ खेलना संदिग्ध

एजेंसी

मुंबई। रोहित शर्मा बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स के इंडियन प्रीमियर लीग मैच से लगभग बाहर हो गए हैं और फिलहाल टीम का मेडिकल स्टाफ उनकी जांच कर रहा है। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे।

जब रोहित रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर गए तब वह 13 गेंद पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद मुंबई इंडियन्स यह मैच 18 रन से हार गई जो मौजूदा सत्र में टीम की लगातार तीसरी हार थी। बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा, मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा। इस बीच इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स जल्द ही मुंबई इंडियन्स से जुड़ने वाले हैं। वह मौजूदा सत्र में अब तक टीम के चारों मैच से बाहर रहे हैं और बृहस्पतिवार को भी नहीं खेल पाएंगे। जैक्स और न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर (अब तक दो मैच खेले हैं) ने भारत में टीम से जुड़ने से पहले कुछ और समय मांगा था। वहीं दूसरी ओर भारत के हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर का मानना है कि क्रिकेट का कैलेंडर अति व्यस्त होने के कारण हर प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी अब बिरले होते हैं लेकिन इस जमात का हिस्सा बनना खूबसूरत वरदान है, बड़ी चुनौती नहीं। भारत के लिये 2017 में पहली बार खेलने वाले सुंदर को कैरियर में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह हालांकि पिछले 18 महीने से भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। उन्होंने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा भारतीय क्रिकेट के लिये हर प्रारूप खेलना बड़ा वरदान है। हम सभी को पता है कि भारतीय टीम हमेशा किस तरह का क्रिकेट खेलती है। उन्होंने कहा तीनों प्रारूप में खेलने का सौभाग्य मुझे मिला और आगे भी मैं अपनी ओर से योगदान देकर भारत के लिये अधिक से अधिक मैच जीतना चाहूंगा।

सुंदर ने टी20 विश्व कप में कुछ ही मैच खेले लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अच्छा योगदान दिया है। आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिये खेल रहे सुंदर ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ समय में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है जिससे उन्हें विभिन्न प्रारूपों में नियमित मौके मिलते रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे बहुत ज्यादा चुनौतियां नहीं दिखती। फिटनेस की बड़ी भूमिका है और आपको समझना होगा कि अलग अलग हालात में शरीर कैसे काम करता है। सीनियर आफ स्पिनर आर अश्विन के संन्यास के बाद उन्हें टेस्ट क्रिकेट में अधिक मौके मिलने लगे लेकिन छोटे प्रारूप में उन्हें बल्लेबाजी को निखारना पड़ा है। उन्होंने कहा आपको अलग अलग भूमिकाओं के लिये अलग तैयारी करनी पड़ती है और समझना होता है कि किस तरह के कौशल की जरूरत है और उसके हिसाब से काम करना पड़ता है।

एक्सेलसन को महानतम खिलाड़ी के रूप में किया जायेगा याद



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो बार के ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के संन्यास की घोषणा के बाद एक भावुक संदेश में कहा कि बैडमिंटन जगत उन्हें खेल के इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद रखेगा। एक्सेलसन ने लगातार पीठ के दर्द से जूझने के कारण बुधवार को संन्यास की घोषणा कर दी। डेनमार्क के इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे जबकि 2017 और 2022 में वह विश्व चैंपियन बने थे। लक्ष्य ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, बैडमिंटन आपके जैसे खिलाड़ी को पाकर धन्य है और आपको इस खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद रखेगा। जो चीज आपको वास्तव में सबसे अलग बनाती है, वह यह है कि आप एक बहुत अच्छे इंसान हैं। आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

लक्ष्य के गुरु और पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने कहा कि एक्सेलसन के संन्यास लेने से इस खेल में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, विक्टर एक्सेलसन का पीठ की समस्या के कारण के खेल से संन्यास लेने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। एक महीने पहले जब मेरी उनसे आखिरी बार बात हुई थी, तब उन्होंने अपनी रिकवरी और सर्जरी के बाद सुधार न होने को लेकर चिंता व्यक्त की थी। लेकिन तब मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि उन्हें इतना कड़ा फैसला करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्व बैडमिंटन महासंघ एक्सलसेन को कोई महत्वपूर्ण भूमिका सौंपेगा। विमल ने कहा व्यक्तिगत तौर पर मुझे लगता है कि यह खेल के लिए ही एक नुकसान है। मुझे पूरी उम्मीद है कि विश्व बैडमिंटन महासंघ विक्टर को खेल में बड़ी भूमिका देने पर विचार करेगा। वहीं दूसरी ओर दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा।

धोनी से बातचीत के बाद नूर ने किया मैच विजेता प्रदर्शन

चेन्नई। महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला। उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे।

व्यापारिक नौवहन पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष तथा इसके वैश्विक प्रभावों की पृष्ठभूमि में, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को समुद्री नौवहन के सुरक्षित एवं निर्बाध मार्ग के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और कहा कि व्यापारिक जहाजों पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि ऊर्जा बाजारों में आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों पर चर्चा के लिए जापान द्वारा बुलाई गई एजेईसी प्लस ऑनलाइन बैठक में विदेश मंत्री ने संबंधित टिप्पणी की। बुधवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में, जायसवाल ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के संदर्भ में भारत की राजनयिक चर्चा जारी है।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत का व्यापक संदर्भ साझा किया। जयशंकर ने कल अपने इजराइली समकक्ष गिदोन सार से बात की और पश्चिम एशिया में संघर्ष के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। जायसवाल ने कहा कि जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री से भी बात की, और दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्री ने ऊर्जा बाजारों में आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों पर चर्चा के लिए जापान द्वारा बुलाई गई एजेईसी प्लस बैठक में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि जयशंकर ने समुद्री नौवहन के सुरक्षित और निर्बाध पारगमन के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और इस बात पर भी जोर दिया कि व्यापारिक नौवहन पर हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं।

जयसवाल ने बैठक के दौरान की गई विदेश मंत्री की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा, वैश्विक प्रगति के लिए आवश्यक है कि ऊर्जा बाजार सीमित न हों। एक प्रमुख ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में, भारत आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन विकसित करने के लिए समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ काम करेगा। जापान के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाची ने 15 अप्रैल को एक ऑनलाइन बैठक की, जिसमें एशिया शून्य-उत्सर्जन समुदाय (एजेईसी) के भागीदारों सहित एशियाई क्षेत्र के नेताओं ने भाग लिया। प्रेसवार्ता के दौरान सवालों के जवाब में, जायसवाल ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता है। कुछ दिन पहले पश्चिम एशिया की स्थिति पर हुई पिछली अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान, उन्होंने यह भी कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से नौवहन की निर्बाध स्वतंत्रता और वाणिज्य का वैश्विक प्रवाह कायम रहेगा।

मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बारे में जायसवाल ने कहा, दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई पर्याप्त प्रगति की समीक्षा की। दोनों पक्ष सहयोग के सभी क्षेत्रों में हमारी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा कि मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर लगातार नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के उन देशों से भारत के लिए उड़ानें लगातार संचालित हो रही हैं, जहां हवाई क्षेत्र खुला है और 28 फरवरी से अब तक लगभग 9.84 लाख यात्री इस क्षेत्र से भारत की यात्रा कर चुके हैं।

ईरान की परमाणु गतिविधियों के सत्यापन के लिए विस्तृत उपाय किये जाने चाहिए : आईएईए प्रमुख

सियोल। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते में ईरान की परमाणु गतिविधियों के सत्यापन हेतु बहुत विस्तृत उपायों को शामिल किया जाना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए एक संपूर्ण सत्यापन व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि ईरान के साथ वार्ता का दूसरा दौर अगले दो दिनों में हो सकता है। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना युद्ध का एक प्रमुख लक्ष्य है। ईरान ने पहले कहा था कि वह ऐसे हथियार विकसित नहीं कर रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी प्रकार की रोक को मानने से उसने इनकार किया है। पिछले सप्ताहांत पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच हुई वार्ता का पहला दौर किसी समझौते पर नहीं पहुंच सका। व्हाइट हाउस ने कहा कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य अड़चन थीं। हालांकि, ईरान के एक राजनयिक ने बंद कमरे में हुई वार्ता की संवेदनशीलता के कारण नाम गुप्त रखने की शर्त पर बातचीत में इस बात से इनकार किया कि वार्ता ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं के कारण विफल हुई। ग्रॉसी ने सियोल में पत्रकारों से कहा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम बहुत महत्वाकांक्षी और व्यापक है, इसलिए इसमें आईएईए निरीक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

अन्यथा, कोई समझौता नहीं होगा। समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि परमाणु प्रौद्योगिकी पर किसी भी समझौते के लिए विस्तृत सत्यापन तंत्र की आवश्यकता होती है। सदस्य देशों को वितरित की गई आईएईए की एक गोपनीय रिपोर्ट, जिसे एसोसिएटेड प्रेस ने फरवरी में देखा था, में कहा गया है ईरान ने अपनी उस परमाणु इकाई तक आईएईए को पहुंच की अनुमति नहीं दी जिसे निशाना बनाकर जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान इजराइल और अमेरिका द्वारा बमबारी की गई थी।

संक्षेप

दिल्ली लोक नायक भवन को बम की धमकी, खाली कराई गई इमारत

नयी दिल्ली। दिल्ली में खान मार्केट के पास स्थित लोक नायक भवन को बुधवार को ईमेल के जरिए बम संबंधी मिली जिसके बाद परिसर को खाली कराया गया और कई आपात दलों को तैनात किया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने यह जानकारी दी। डीएफएस ने बताया कि दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर धमकी से संबंधित सूचना उसे दी गई जिसके बाद दमकल की एक टीम मौके पर भेजी गई। पुलिस ने कहा कि उसने भी अपनी टीम भेजी है जिसमें श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते शामिल हैं जो इमारत की अच्छी तरह से तलाशी ले रहे हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर पूरे परिसर को खाली करा लिया गया है। उन्होंने कहा, अबतक की खोज में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने कहा तलाशी अब भी जारी है। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इसका बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ईमेल कहां से भेजा गया है और इसे भेजने वाले की पहचान करने की भी कोशिश कर रहे हैं। लोक नायक भवन में सरकार के कई कार्यालय हैं। इस बीच, दिल्ली विधानसभा को मंगलवार को एक और धमकी भरा ईमेल मिला। यह पिछले महीने बजट सत्र के बाद से छठा ईमेल है।

जाति जनगणना नहीं कराना चाहती मोदी सरकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है क्योंकि वह अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती। पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, ओबीसी विभाग के प्रमुख अनिल जयहिंद और कुछ अन्य नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रीय स्वंयेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के लोग मनुवादी मानसिकता वाले हैं। अनिल जयहिंद ने दावा किया कि मोदी सरकार जातिगत जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। उन्होंने कहा, पिछले लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा देने वाली भाजपा 240 सीटें हासिल कर पाई। इस नतीजे के बाद आरएसएस-भाजपा के लोगों ने फैसला किया कि जातिगत जनगणना कराई जाएगी। लेकिन असलियत में वे मनुवादी मानसिकता वाले हैं। जयहिंद का कहना था कि इन लोगों को पता है कि अगर 2027 तक जातिगत जनगणना के आंकड़े आ गए तो उन पर ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण देने का दबाव होगा।

केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की : ममता

एजेंसी

इस्लामपुर(प.बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। मुख्यमंत्री से पहले, उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग ने उसके नेताओं के वाहनों की गहन तलाशी लेने का आदेश दिया है।

बनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्रियों पर चुनाव वाले राज्य में पैसा लाने और अपने पदों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा जब मैं आज कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थी तो केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश

की। अगर आपमें हिम्मत है, तो आप हर दिन मेरी कार की जांच करें। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि केवल उसके नेताओं, विशेष रूप से अभिषेक बनर्जी के वाहन को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आधार पर, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा सघन तलाशी के लिए चुना गया है। सत्तारूढ़ पार्टी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा, इस तरह की गहन जांच के लिए केवल उनकी पार्टी के नेताओं को ही क्यों चुना जा रहा है जबकि अन्य को छोड़ा जा रहा है? यह चुनिंदा तरीके से निशाना बनाने का एक स्पष्ट मामला है। तृणमूल के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

बनर्जी ने केंद्र सरकार के संसाधनों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) क्या राज्य चुनावों में जीत हासिल करने के लिए पूरी सरकार को यहां ले आयी है? उन्होंने कहा कि वह इस बात से अवगत हैं कि केंद्रीय ताकतें बंगाल में क्या कर रही हैं। तृणमूल सुप्रीमो ने कहा, केंद्रीय मंत्री पैसा ला रहे हैं। वित्त मंत्री कार्ड बांट रहे हैं। निर्वाचन आयोग को कड़ी कार्वाई करनी चाहिए।

तुर्किये के स्कूल में गोलीबारी, 4 की मौत

अंकारा (तुर्किये)। दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में बुधवार को एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कहरामनमारास प्रांत के गवर्नर मुकेर्म उनलुएर ने कहा कि हमलावार छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था। हमलावर स्वयं भी मारा गया। हमलावार छात्र के पिता पुलिस अधिकारी हैं।

उन्होंने बताया कि मृतकों में एक शिक्षक भी शामिल है। हमले के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल सका है।

महिला आरक्षण का समर्थन, परिसीमन विधेयक का विरोध करेंगे : विपक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों ने बुधवार को कहा कि वे महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन परिसीमन विधेयक का एकजुट होकर विरोध करेंगे। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर साझा रणनीति को लेकर चर्चा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह बैठक अपने आवास 10 राजाजी मार्ग पर अपराह्न तीन बजे बुलाई थी।

बैठक में खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और

जयराम रमेश, द्रमुक नेता टी. आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत एवं अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले, आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह सहित अन्य विपक्षी नेता शामिल हुए। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डिजिटल माध्यम से बैठक में भाग लिया।

बैठक के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा, हम सभी महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में हैं, लेकिन यह जिस तरह से लाया गया है, उसको लेकर आपत्ति है। उन्होंने कहा, हमने फैसला किया है कि हम इस विधेयक (परिसीमन) का विरोध करेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी दल चाहते हैं कि 2029 से महिला आरक्षण लागू हो, लेकिन वे परिसीमन के प्रावधानों का पूरी तरह विरोध करेंगे।

न्यायमूर्ति शर्मा के बच्चे सरकारी वकीलों के पैनल में शामिल : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा को उनके मामले में सुनवाई से अलग करने की मांग की है और एक हलफनामे में दावा किया है कि न्यायाधीश के बच्चे केंद्र सरकार के पैनल में शामिल वकील हैं और उन्हें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के माध्यम से काम मिलता है। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ जांच एजेंसी की याचिका पर सुनवाई से न्यायमूर्ति शर्मा को हटाए जाने का अनुरोध करने संबंधी अपने आवेदन के सिलसिले में एक अतिरिक्त हलफनामा दायर किया है। आवेदन में कहा गया है कि इसमें हितों का सीधा टकराव है, जिसने उनकी आशंका को और बढ़ा दिया और यह सुनवाई से अलग करने के लिए आधार बनाता है।

उन्होंने आगे मौखिक दलीलें और प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने के लिए समय देने का भी अनुरोध किया और आशंका व्यक्त की कि न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष मामले की सुनवाई जारी रहने पर कानून द्वारा अपेक्षित पूर्ण न्यायिक स्वतंत्रता और निष्पक्षता नहीं हो पाएगी।

चौदह अप्रैल को दाखिल किए गए हलफनामे में कहा गया इस प्रकार के आपराधिक मामले में जहां अभियोजन एजेंसी सीबीआई है, जहां केंद्र सरकार के शीर्ष विधि अधिकारी मेरे खिलाफ पेश होते हैं और जहां माननीय न्यायाधीश के निकट संबंधी केंद्र सरकार के विभिन्न सक्रिय पैनलों में नियुक्त हैं।

इंटरटेनमेंट...

रामायण के पहले पार्ट में नहीं होगा राम-रावण का युद्ध

मुंबई। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण का किरदार निभा रहे एक्टर यश ने खुलासा किया है कि फिल्म के पहले पार्ट में उनका और राम बने रणबीर कपूर का कोई भी सीन साथ में नहीं होगा। यश ने बताया कि पहले पार्ट में दोनों किरदारों को उनके अपने-अपने राज्यों में दिखाया जाएगा, इसलिए पर्दे पर कोई फेस-ऑफ (आमना-सामना) नहीं होगा। रावण का अपना साम्राज्य होगा, राम का अपना हाल ही में यश और फिल्म के



- रावण का रोल निभा रहे यश बोले - पहले पार्ट में रणबीर के साथ मेरा कोई सीन नहीं

प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा 'रामायण' के प्रमोशन के लिए सिनेमाकॉन इवेंट में शामिल हुए। वहां यश से पूछा गया कि रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने का अनुभव कैसा रहा। इस पर यश ने साफ कर दिया कि फिलहाल फैंस को दोनों को एक साथ देखने के लिए इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि यह दो पार्ट वाली फिल्म है, इसलिए पहले पार्ट में रावण का अपना साम्राज्य होगा और राम का अपना। रणबीर के साथ तालमेल पर क्या बोले यश भले ही दोनों ने पहले पार्ट में साथ में स्क्रीन शेयर न की हो, लेकिन यश ने रणबीर कपूर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, रणबीर एक शानदार एक्टर हैं। हम कई बार मिल चुके हैं और हमारे बीच गहरा आपसी सम्मान है। जब आप रामायण जैसी किसी बड़ी और असाधारण फिल्म पर काम करते हैं, तो सबका लक्ष्य एक ही होता है- कहानी को बेहतरीन तरीके से पेश करना। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नितेश तिवारी की 'रामायण' एक बड़े स्तर पर बनाई जा रही फ्रैंचाइजी होगी। इसे दो भागों में रिलीज किया जाएगा।

फिल्म का पहला हिस्सा दिवाली 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगा। वहीं, कहानी का दूसरा और अंतिम भाग अगले साल दिवाली 2027 में रिलीज करने की योजना है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे। 1987 के टीवी शो 'रामायण' में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल इस फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म का कुल बजट लगभग 4,000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है, जो इसे भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल करता है। फिल्म को नितेश तिवारी डायरेक्ट कर रहे हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म दंगल बनाई थी। फिल्म का म्यूजिक ऑस्कर विनर ए.आर. रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हैंस जिमर तैयार कर रहे हैं।

इन्फ्लूएंसर का दावा-फर्जी रिव्यू करवा रहे हैं वरुण धवन

मुंबई। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म है जवानी तो इश्क होना है, 22 मई को रिलीज होने वाली है। हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया। फर्स्ट लुक आने के बाद एक इन्फ्लूएंसर ने दावा किया कि वरुण धवन की टीम लोगों से फर्जी रिव्यू करवा रहे हैं। इसके अलावा इन्फ्लूएंसर ने कई और आरोप भी लगाए, लेकिन वरुण धवन इस पर भड़क गए और इन्फ्लूएंसर की क्लास लगा दी। सिमरन भट्ट नाम की इन्फ्लूएंसर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि कुछ लोग उनके पास आए और कहा कि वो है जवानी तो इश्क होना है के टीजर का रिव्यू करें। जब इन्फ्लूएंसर ने कहा कि उन्होंने टीजर नहीं देखा, तो टीम ने कहा कि वीडियो में जो कहना है।

मूवी रिव्यू 'टोस्टर' कंजूसी का मजेदार आइडिया

मुंबई। टोस्टर का कॉन्सेप्ट सुनने में दिलचस्प है और फिल्म की शुरूआत भी उम्मीद जगाती है। पहले कुछ मिनटों में एक अलग तरह का टोन दिखता है, जिसमें हल्की कॉमेडी के साथ एक अजीब सा सस्पेंस भी है। लेकिन यह इंटरेस्ट ज्यादा देर टिक नहीं पाता।

- लेकिन कमजोर कहानी और बिखरा स्क्रीनप्ले फिल्म को बना देता है बोझिल

फिल्म जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, अपनी पकड़ खोती चली जाती है और जो शुरूआत में ताजगी लगती है, वही बाद में बोझ बन जाती है। कहानी रमाकांत (राजकुमार राव) की है, जो बेहद कंजूस इंसान है और अपनी दी हुई चीजें भी वापस लेने से नहीं हिचकता। शादी में दिया हुआ एक टोस्टर जब वह वापस मांगता है, तो वही टोस्टर एक मर्डर केस से जुड़ जाता है। इसके बाद रामाकांत उसे छुपाने और वापस पाने की कोशिश में उलझता जाता है। कहानी में मर्डर, ब्लैकमेल और सीक्रेट्स जैसे कई एलिमेंट्स आते हैं।

'भूत बंगला' प्रमोट करने में अक्षय कुमार की किरकिरी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपकमिंग फिल्म भूत बंगला के प्रमोशन में व्यस्त चल रहे हैं। एक्टर फिल्म प्रमोट करने के लिए एकता कपूर के सुपरनैचुरल टीवी शो नागिन 7 में कैमियो करते दिखे। हालांकि अब शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें अक्षय कुमार टेली प्रॉम्पटर की मदद से डायलॉग पढ़ते नजर आ रहे हैं। नागिन 7 के वीकेंड में टेलीकास्ट किए गए एपिसोड में अक्षय कुमार ने नाग गुरू के रूम में कैमियो किया। एपिसोड में वो नागिन बनीं एक्ट्रेस प्रियंका चहर को ड्रैगन यमन से लड़ने का सुझाव दे रहे हैं। अब एपिसोड का एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर एक्टर को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। क्लिप में साफ देखा जा रहा है कि अक्षय कुमार अपने डायलॉग्स याद किए बिना ही टेली प्रॉम्पटर से पढ़ रहे हैं। उनकी आंखें प्रॉम्पटर के शब्दों को फॉलो करती हुई साफ दिखाई दीं। वीडियो सामने आने के बाद अक्षय को ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा, 30 साल के करियर के बाद भी अगर 60 साल का एक्टर डायलॉग याद न रखे, तो कुछ लोगों को यह अजीब या शर्मनाक लग सकता है। हालांकि, कई कलाकार काम की स्पीड और प्रैक्टिकल कारणों की वजह से टेलीप्रॉम्पटर का इस्तेमाल करते हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com